RNI NO.UPHIN/2010/36547
वर्ष 13 अंक 50
लखनऊ, बुधवार, 7 दिसंबर, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
लखनऊ
नगर संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

www.dailypioneer.com



खराब फॉर्म में चल रहे धवन की निगाह स्वीप शॉट पर
स्पोर्ट्स-12

# महंगाई, बेरोजगारी, चीन मुद्दे पर सरकार को घेरेगा विपक्ष

● सर्वदलीय बैठक में कालेजियम व केंद्र-राज्य संबंधों जैसे मसले भी उठाने की मांग

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

## संसद का शीतकालीन सत्र आज से



नई दिल्ली में सर्वदलीय बैठक की अध्यक्षता करते रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह। साथ में अन्य वरिष्ठ मंत्री व नेतागण

**संसद** के शीतकालीन सत्र में विपक्षी दलों ने महंगाई, बेरोजगारी, चीन सीमा पर स्थिति, कॉलेजियम के विषय व केंद्र राज्य संबंध जैसे मुद्दों को उठाने व चर्चा के लिए पर्याप्त समय देने की मांग की है। संसद सत्र से पहले सरकार ने मंगलवार को सर्वदलीय बैठक बुलाई थी जिसमें विपक्ष ने यह मांग की। बैठक में कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, द्रमुक, बीजद, आप सहित 31 दलों के सदन के नेताओं ने हिस्सा लिया। सरकार ने बैठक में आश्वस्त किया कि वह लोकसभा अध्यक्ष और राज्यसभा के सभापति की अनुमति से नियमों के तहत विपक्ष के उठाए मुद्दों पर चर्चा कराने को तैयार है। बीजू जनता दल ने सत्र के दौरान महिला आरक्षण विधेयक पारित कराने की मांग की जबकि शिवसेना का शिंदे गुट चाहता है कि जनसंख्या नियंत्रण विधेयक पारित कराया जाए। सर्वदलीय बैठक की अध्यक्षता करते हुए रक्षा मंत्री एवं लोकसभा के उपनेता राजनाथ सिंह ने सदन के सुचारू कामकाज संचालित होने के लिए सभी दलों का सहयोग मांगा। बैठक के बाद लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने संवाददाताओं से कहा, देश में आज मुद्दे ही मुद्दे हैं और विपक्ष सदन में चर्चा और सिर्फ चर्चा करना चाहता है। ऐसे में चर्चा के लिए पर्याप्त समय देकर सरकार को सदन में कामकाज का माहौल तैयार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश में मुद्दों की लंबी सूची है जिसमें महंगाई और बेरोजगारी प्रमुख हैं। इसके साथ ही कॉलेजियम के विषय पर सरकार और न्यायपालिका के बीच जो स्थिति पैदा हुई है, वह भी एक विषय है। चौधरी ने कहा कि सरकारी प्रतिष्ठानों का कथित दुरूपयोग, केंद्र राज्य संबंध एवं संघीय ढांचे पर आघात से जुड़ा भी विषय है, जिसे हम उठाना चाहेंगे। कांग्रेस नेता ने कहा कि चीन से लगी सीमा पर क्या स्थिति है, इसके बारे में हमें सही ढंग से जानकारी नहीं दी जा रही है। उन्होंने कहा कि हम (विपक्ष) चाहते हैं कि सत्र के दौरान इस विषय पर भी चर्चा हो। चौधरी ने आरोप लगाया कि कश्मीर से हिन्दुओं का पलायन हो रहा है, यह भी महत्वपूर्ण विषय है। कांग्रेस नेता ने कहा कि सरकार ने किसानों से न्यूनतम समर्थन मूल्य को लेकर जो वादा किया था, और भूल सुधार करने की बात कही थी, उसे पूरा नहीं किया गया। इस विषय को भी वह सदन में उठाएंगे। वहीं, संसदीय कार्य मंत्री प्रहलाद जोशी ने कहा कि हमने विभिन्न दलों के सदन के नेताओं के साथ सत्र में उठाए जाने वाले विषयों के बारे में विस्तृत चर्चा की और उन्हें प्रारंभ में ही बता दिया कि लोकसभा अध्यक्ष और राज्यसभा के सभापति की अनुमति से नियमों के तहत उनके उठाए मुद्दों पर चर्चा कराने को सरकार तैयार है।

# दबे-कुचलों के न्याय की लड़ाई में बाबा साहब का काम प्रेरक शक्तिः योगी

● परिनिर्वाण दिवस पर मुख्यमंत्री ने दी श्रद्धांजलि

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि वंचित व दबे कुचले व्यक्ति बाबा साहेब के कारण नई प्रेरणा व प्रकाश प्राप्त करते हैं। जब भी दुनिया में स्वतंत्रता, समानता, न्याय और बंधुता की बात होती है तो बाबा साहेब का नाम गौरव व गरिमा के साथ लिया जाता है। दबे-कुचले और वंचित लोगों की न्याय की लड़ाई में वे प्रेरणा का कार्य करते हैं। तमाम बंधनों के बावजूद देश-दुनिया के प्रतिष्ठित विवि में उच्च शिक्षा व डॉक्टरेट की डिग्री प्राप्त करने के बाद भी उन्होंने जीवन को दबे-कुचलों व वंचित तबके के उत्थान के लिए समर्पित किया। वे स्वतंत्र भारत के न्याय मंत्री बने और देश को नई दिशा दी। 1940-50 में उनके द्वारा दिखाए गए राह आज भी प्रासंगिक बने हैं। मुख्यमंत्री ने मंगलवार को भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित किया। सीएम ने कहा कि यह गौरव की बात है कि बाबा साहेब का जन्म भारत में हुआ। समाज व राष्ट्र के प्रति उनकी कृतज्ञता ज्ञापित करने के लिए देश में कई कार्यक्रम चल रहे हैं। पीएम मोदी ने डॉ. आंबेडकर के पंच तीर्थों को विकसित कराया। डॉ. आंबेडकर का जन्म स्थल महू मध्य प्रदेश दिल्ली में जहां उन्होंने सार्वजनिक जीवन को बढ़ाया, वहां स्मारक तैयार हो गया। लंदन के जिस भवन में रहकर उन्होंने उच्च शिक्षा अर्जित की, उसे भारत सरकार ने वंचित-दलित तबके के बच्चों के लिए छात्रावास व स्मारक के रूप में बदलने का कार्य किया।

## 3376954.67 लाख का अनुपूरक बजट पास, सदन अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

**लखनऊ।** सोमवार को यूपी सरकार ने विधानमंडल के शीतकालीन सत्र के पहले दिन साल 2022-23 के लिए अनुपूरक बजट विधानसभा में पेश किया था। बजट में करीब 3376954.67 लाख की अनुदान मांगों का प्रावधान है जिसमें फरवरी में होने वाले ग्लोबल इंवेस्टर समिट और प्रयागराज महाकुंभ के लिए भी बजट की व्यवस्था की गई है। मंगलवार को चर्चा के बाद ये ध्वनिमत से पास हो गया। सदन की कार्यवाही को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया। सदन में पहली बार प्रश्न काल दोपहर तीन बजे से हुआ। सुबह सदन की कार्यवाही 11 बजे शुरू होते ही कार्य सूची में अनुपूरक बजट पर चर्चा रखी गई। चर्चा के बाद उप्र विनियोग विधेयक पारित कर दिया गया।

# विशाखापत्तनम में भी श्रद्धा हत्याकांड जैसी घटना

**पीएनएस/एजेंसी।** विशाखापत्तनम

● हत्या के बाद महिला के शव को टुकड़े-टुकड़े कर ड्रम में सील पैक किया

**दिल्ली** के महरौली में हुए श्रद्धा वाल्कर हत्याकांड जैसा एक और सनसनीखेज मामला आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में मिला है, जहां शव के कई टुकड़े करने का केस सामने आया है।

जानकारी के अनुसार आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में एक बंद किराए के घर में रखे ड्रम में एक महिला के शरीर के अंग के कई टुकड़े मिले हैं। पुलिस को संदेह है कि शव एक साल से अधिक समय से वहां पड़ा हुआ है। किराएदार द्वारा किराया नहीं दिए जाने पर घर के मालिक ने दरवाजा तोड़ा तो सील ड्रम से महिला के शरीर के अंग मिले। पीएम पालेम थाना क्षेत्र के तहत रविवार देर शाम मधुरवाड़ा के विकलंगुला कॉलोनी में एक घर में एक महिला का शव एयर-टाइट प्लास्टिक कवर में लिपटा हुआ मिला। आशंका जताई जा रही है कि डेढ़ साल पहले महिला की हत्या की गई होगी। यह तब सामने आया जब मकान मालिक किरायेदार के कई महीनों से जवाब नहीं देने पर स्थानीय लोगों के साथ घर में ताला तोड़ कर घुसे थे। टीएनआईई एसीपी (उत्तर) श्रीनिवास राव बताया कि घर के मालिक नंदूरी रमेश का फोन आने के बाद पुलिस ने मौके का दौरा किया। शव पानी के ड्रम में मिला था। हत्यारे ने महिला की हत्या करने के बाद शव को प्लास्टिक के कवर में पैक कर दिया।

उसने उसे ड्रम में रखा और चारों तरफ से सील कर दिया है। मामले की जांच के लिए पुलिस की पांच विशेष टीमों का गठन किया गया है और उन्होंने एक संदिग्ध को हिरासत में ले लिया है। विशाखापत्तनम शहर के पुलिस आयुक्त श्रीकांत ने कहा कि उक्त मामला रविवार को विशाखापत्तनम के मदुरवदा में सामने आया है जब मकान मालिक घर में फरार किरायेदार के सामान को हटाने के लिए जबरदस्ती घर में घुसा।

# महाराष्ट्र-कर्नाटक में सीमा विवाद और बढ़ा

**पीएनएस/एजेंसी।** बेंगलुरु/मुंबई

● पवार ने स्थिति को चिंताजनक कहा, बोम्मई बोले- हितों की रक्षा करेंगे

● दोनों ओर एक-दूसरे के वाहनों को बनाया निशाना, कन्नड व मराठी समर्थक नेताओं को पुलिस ने हिरासत में लिया

**बेलगावी** पर दावेदारी को लेकर महाराष्ट्र और कर्नाटक के बीच सीमा विवाद मंगलवार को और बढ़ गया और दोनों ओर एक-दूसरे के वाहनों को निशाना बनाया गया। सीमा पर तनावपूर्ण माहौल के मद्देनजर सीमावर्ती जिले में कन्नड व मराठी समर्थक नेताओं को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) प्रमुख शरद पवार ने दोनों राज्य के सीमावर्ती इलाके में स्थिति को चिंताजनक करार देते हुए कहा कि वहां जो कुछ हो रहा है उसे देखते हुए अब स्पष्ट रूख तय करने का वक्त आ गया है।

पवार ने मुंबई में संवाददाताओं से कहा, महाराष्ट्र ने संयम बरतने का रुख अपनाया और वह इसपर कायम रहने को तैयार हैं। लेकिन इसकी भी सीमा होती है। अगर 24 घंटों में वाहनों पर हमले नहीं रूकते तो संयम का मार्ग बदल जाएगा और इसकी जिम्मेदारी पूरी तरह से कर्नाटक के मुख्यमंत्री और कर्नाटक सरकार पर होगी। कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने बेंगलुरु में जोर देकर कहा कि उनकी सरकार सीमा और कन्नड भाषियों के हितों की रक्षा करने को प्रतिबद्ध है। उन्होंने इस मुद्दे का संबंध वर्ष 2023 के विधानसभा चुनाव से होने से इनकार किया। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव और कर्नाटक के सीमा पर रुख का कोई संबंध नहीं है। कई सालों से महाराष्ट्र इस मुद्दे को हवा दे रहा है। बोम्मई ने कहा कि महाराष्ट्र ने इस विवाद को उठाया और कर्नाटक की ओर से प्रतिक्रिया आई। उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि उन्होंने दोनों राज्यों के बीच सौहार्द्र कायम किया और इसे बाधित नहीं किया जाना चाहिए। बोम्मई ने कहा, यह मुद्दा उच्चतम न्यायालय के समक्ष है। हमारा रुख कानूनी और संवैधानिक है, इसलिए हमें भरोसा है कि हम इस कानूनी लड़ाई को जीतेंगे। हमारे लिए इस मुद्दे को चुनाव के लिए उठाने का सवाल ही नहीं है।

हम अपनी सीमाओं और लोगों की रक्षा को प्रतिबद्ध हैं और साथ ही उन कन्नड भाषियों की भी जो महाराष्ट्र, तेलंगाना और केरल में रह रहे हैं। महाराष्ट्र के मंत्रियों का प्रतिनिधिमंडल का बेलगावी जाकर मराठी समर्थक समूह से मिलने का कार्यक्रम था जिसे स्थगित कर दिया गया जबकि कन्नड समर्थक संगठन ने अपनी ताकत दिखाने के लिए बेलगावी में प्रदर्शन किया। पुणे में शिवसेना के उद्धव ठाकरे गुट ने स्वरगेट इलाके में कर्नाटक राज्य परिवहन की कम से कम तीन बसों पर काले और नारंगी रंग का पेंट पोत दिया। उन्होंने बस पर जय महाराष्ट्र लिख दिया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि बसों पर पेंट लगाने के मामले में चार से पांच लोगों को हिरासत में लिया गया है।

# गृह मंत्रालय ने पाकिस्तानी दृष्टिबाधित क्रिकेट खिलाड़ियों, अधिकारियों को वीजा की मंजूरी दी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली





**केंद्रीय** गृह मंत्रालय ने भारत में हो रहे विश्व कप के लिए दृष्टिबाधित पाकिस्तान क्रिकेट टीम के 34 खिलाड़ियों और अधिकारियों को वीजा जारी करने की मंजूरी दे दी है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। इसकी मंजूरी के बाद विदेश मंत्रालय पाकिस्तानी खिलाड़ियों और अधिकारियों को वीजा जारी करेगा ताकि वे मौजूदा टूर्नामेंट के लिए भारत की यात्रा कर सकें।

विदेश मंत्रालय के एक अधिकारी ने बताया कि गृह मंत्रालय ने दृष्टिबाधित क्रिकेट विश्व कप में भाग लेने के लिए 34 पाकिस्तानी खिलाड़ियों और अधिकारियों को वीजा जारी करने की मंजूरी दे दी है। इससे पहले, पाकिस्तान दृष्टिबाधित क्रिकेट परिषद (पीबीसीसी) ने मंगलवार को बयान जारी करके दावा किया की टीम को भारतीय विदेश मंत्रालय से अनुमति नहीं मिली। पीबीसीसी ने एक बयान में कहा, इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना से पाकिस्तान की दृष्टिबाधित क्रिकेट टीम अधर में लटक गई। इसकी पूरी संभावना थी कि मौजूदा विश्वकप का फाइनल भारत और पाकिस्तान के बीच होता है और वर्तमान फॉर्म को देखते हुए पाकिस्तान के खिताब जीतने की प्रबल संभावना थी।

यह प्रतियोगिता भारत में पांच दिसंबर को शुरू हुई और इसका फाइनल 17 दिसंबर को खेला जाएगा। भारत, बांग्लादेश, ऑस्ट्रेलिया, श्रीलंका, नेपाल, दक्षिण अफ्रीका और पाकिस्तान की टीम इस टूर्नामेंट में हिस्सा ले रही हैं। इसके मैच फरीदाबाद, दिल्ली, मुंबई, इंदौर और बेंगलुरु में खेले जाएंगे।

# रेलवे ने कोहरे के चलते ट्रेनों की अधिकतम गति सीमा बढ़ाई

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भारतीय** रेल ने सर्दियों के मौसम में कोहरे की वजह से ट्रेनों के विलंब से परिचालित होने से निपटने के लिए उनकी अधिकतम गति सीमा मौजूदा 60 किमी प्रति घंटा से बढ़ाकर 75 किमी प्रति घंटा करने का फैसला किया है। रेलवे ने मंगलवार को यह जानकारी दी। रेलवे ने बताया कि यह कोहरा प्रभावित इलाकों में ट्रेनों के लोको पायलट को कोहरा से निपटने का उपकरण उपलब्ध कराने से यह संभव होगा। भारतीय रेलवे ने बताया, यह फैसला किया गया है रेल इंजन में कोहरे से निपटने के उपकरण का इस्तेमाल करते हुए धुंध में ट्रेनों की अधिकतम गति 60 किमी प्रति घंटा से बढ़ाकर 75 किमी प्रति घंटा की जा सकती है। रेलवे ने अपने सभी जोन से डेटोनेटर की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने को कहा है, जिन्हें पटरियों पर लगाया जाता है और जब इंजन उसपर से गुजरते हैं तो ए तेज आवाज करते हैं, जिससे चालकों का ध्यान आकर्षित होता है।

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 62,626 | ↓ 208 |
| निफ्टी | 18,642 | ↓ 58 |
| सोना | 53,898 | ↓ 473 /10g |
| चांदी | 65,878 | ↓ 1241 /kg |

## क्विक न्यूज

### हिंद महासागर क्षेत्र में दिखा चीनी जासूसी जहाज

**नई दिल्ली।** बंगाल की खाड़ी में भारत द्वारा लंबी दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल के परीक्षण के पहले चीन का विभिन्न निगरानी उपकरणों से लैस जासूसी जहाज युआन वांग 5 हिंद महासागर क्षेत्र में दाखिल हो चुका है। सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पता चला है कि भारतीय नौसेना बैलिस्टिक मिसाइल और सैटेलाइट निगरानी में सक्षम चीनी जहाज की आवाजाही पर नजर रखे हुए है। अगस्त में हंबनटोटा बंदरगाह पर जहाज के ठहराव ने भारत और श्रीलंका के बीच एक राजनयिक विवाद पैदा कर दिया था। ओपन सोर्स इंटेलिजेंस विशेषज्ञ डेमियन साइमन ने सोमवार को ट्वीट किया कि चीन का मिसाइल और उपग्रह निगरानी जहाज युआन वांग 5 हिंद महासागर क्षेत्र में प्रवेश कर गया है।

# आशीष मिश्रा समेत 14 अभियुक्तों पर आरोप तय

**तिकोनिया कांड**

● राज्य मंत्री अजय मिश्रा टेनी के बेटे हैं आशीष

**भाषा।** लखीमपुर खीरी

**उत्तर** प्रदेश के लखीमपुर खीरी में अक्टूबर 2021 में तिकोनिया में हुई हिंसा के मामले में जिले की एक अदालत में मंगलवार को केंद्रीय गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा टेनी के बेटे आशीष मिश्रा समेत 14 आरोपियों के खिलाफ आरोप तय किए गए हैं। जिला शासकीय अधिवक्ता अरविंद त्रिपाठी ने पीटीआई-भाषा को बताया कि अपर जिला न्यायाधीश सुनील कुमार वर्मा की अदालत में तिकोनिया कांड मामले में आशीष मिश्रा समेत 14 अभियुक्तों के खिलाफ आरोप तय किए गए। त्रिपाठी ने बताया कि जिन अभियुक्तों पर आरोप तय हुए हैं उनमें आशीष मिश्रा के साथ-साथ अंकित दास, नंदन सिंह बिष्ट, लतीफ काले, सत्यम उर्फ सत्य प्रकाश त्रिपाठी, शेखर भारती, सुमित जायसवाल, आशीष पांडे, लवकुश राणा, शिशुपाल, उल्लास कुमार उर्फ मोहित त्रिवेदी, रिंकू राणा, वीरेंद्र शुक्ला और धर्मेंद्र बंजारा शामिल हैं। उन्होंने बताया कि वीरेंद्र शुक्ला पर भारतीय दंड विधान की धारा 201 (सुबूत मिटाना) के तहत आरोप तय किया गया है। बाकी अभियुक्तों पर भारतीय दंड विधान की धारा 147 (बलवा), 148 (धारदार हथियार लेकर बलवा करना), 149 (गैरकानूनी जमावड़े में शामिल किसी सदस्य द्वारा अपराध किया जाना), 302 (हत्या), 307 (हत्या का प्रयास), 326 (खतरनाक आयुधों या साधनों द्वारा स्वेच्छापूर्वक नुकसान पहुंचाना), 427 (आर्थिक नुकसान पहुंचाना) और 120 (ख) (साजिश रचना) और मोटर वाहन अधिनियम की धारा 177 के तहत आरोप तय किए गए।

# कोई भूखा न सोए, अंतिम व्यक्ति तक अनाज पहुंचाये सरकारः कोर्ट

● सुप्रीम कोर्ट ने कहा- यह सुनिश्चित करना केंद्र की जिम्मेदारी है कि एनएफएसए के तहत खाद्यान्न हर व्यक्ति तक पहुंचे

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**उच्चतम** न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि हमारी संस्कृति है कि किसी को भूखा नहीं सोना चाहिए। उसने केंद्र सरकार से यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा कानून (एनएसएफएस) के तहत खाद्यान्न अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे।

न्यायमूर्ति एम आर शाह और न्यायमूर्ति हिमा कोहली की पीठ ने केंद्र को निर्देश दिया कि ईश्रम पोर्टल पर पंजीकृत प्रवासी और असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों की संख्या के साथ ताजा सारणी जमा करें। पीठ ने कहा, यह सुनिश्चित करना केंद्र सरकार की जिम्मेदारी है कि एनएफएसए के तहत खाद्यान्न अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे।

हम ऐसा नहीं कह रहे कि केंद्र कुछ नहीं कर रहा। केंद्र सरकार ने कोविड के दौरान लोगों तक अनाज पहुंचाया है। हमें यह भी देखना होगा कि यह जारी रहे। हमारी संस्कृति है कि कोई खाली पेट नहीं सोए। पीठ कोविड महामारी तथा उसके बाद लॉकडाउन के दौरान प्रवासी श्रमिकों की हालत से संबंधित विषय पर स्वतः एक जनहित मामले पर सुनवाई कर रही थी। सामाजिक कार्यकर्ताओं अंजलि भारद्वाज, हर्ष मंदर और जगदीप छोकर की ओर से वकील प्रशांत भूषण ने कहा कि 2011 की जनगणना के बाद देश की आबादी बढ़ गई है और उसके साथ ही एनएफएसए के दायरे में आने वाले लाभार्थियों की संख्या भी बढ़ गई है।

उन्होंने कहा कि यदि कानून को प्रभावी तरीके से लागू नहीं किया गया तो कई पात्र और जरूरतमंद लाभार्थी इसके फायदों से वंचित रह जाएंगे। भूषण ने कहा कि सरकार दावा कर रही है कि लोगों की प्रति व्यक्ति आय पिछले कुछ साल में बढ़ गई है, लेकिन भारत वैश्विक भुखमरी सूचकांक में तेजी से नीचे आ गया है।

# विवेक अग्निहोत्री पेश हो जताएं पछतावाः हाईकोर्ट

**अवमानना मामला**

● फिल्म निर्माता ने एक न्यायाधीश के खिलाफ किया था ट्वीट

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**दिल्ली** हाईकोर्ट ने उच्च न्यायालय के एक न्यायाधीश से जुड़ी टिप्पणी करने से जुड़े अवमानना के आपराधिक मामले में मंगलवार को फिल्म निर्माता विवेक अग्निहोत्री को अदालत में पेश होने का निर्देश दिया। अपनी कथित टिप्पणी के लिए अग्निहोत्री द्वारा हलफनामे के माध्यम से बिना शर्त माफी मांगे जाने के बाद उच्च न्यायालय ने उन्हें पेश होने को कहा। न्यायमूर्ति सिद्धार्थ मृदुल और न्यायमूर्ति तलवंत सिंह की पीठ ने सवाल किया कि क्या अग्निहोत्री को इस अदालत के समक्ष व्यक्तिगत रूप से पेश होने में कोई दिक्कत है। पीठ ने अग्निहोत्री के वकील से कहा, हम उनसे यहां पेश होने को कह रहे हैं क्योंकि उनपर अवमानना का आरोप है। क्या उन्हें इस अदालत के समक्ष पेश होने में कोई दिक्कत है? उन्हें उपस्थित होना होगा और व्यक्तिगत रूप से पश्चाताप दिखाना होगा। पीठ ने कहा, व्यक्तिगत रूप से पछतावा व्यक्त करने में क्या उन्हें कोई दिक्कत है? पछतावा हमेशा हलफनामे के रूप में नहीं किया जा सकता है।

# छवि बदलने से दुनिया यूपी में निवेश के लिए उतावली: योगी

● ग्लोबल यूनीक इवेंट के रूप में प्रस्तुत होगा प्रयागराज कुंभ 2025: सीएम

● उप्र 18 शहरों को बनाएंगे सेफसिटी, ईज ऑफलिविंग के पैमाने पर सर्वश्रेष्ठ होगा यूपी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

## बड़े राज्य के विकास के लिए बड़ा विजन लेकर काम कर रही सरकार: मुख्यमंत्री



**मंगलवार** को विधानसभा में अनुपूरक बजट पर चर्चा में प्रतिभाग करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हमने उप्र की छवि को बदला है। यूपी को दंगा मुक्त किया है। भारत इसलिए तरक्की नहीं कर पा रहा था कि पहले यूपी का कोई विजन नहीं था। यूपी की गिनती बाधक और बीमारू राज्य के रूप में होती थी लेकिन पांच साल में प्रदेश की छवि को हमने बदला है। बेहतरीन कानून-व्यवस्था हुई है। यूपी दंगा मुक्त हुआ है। हर त्योहार आराम से मनाए जा रहे हैं। तभी पूरी दुनिया आज यूपी में निवेश के लिए उतावली है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि 25 करोड़ की आबादी वाले उत्तर प्रदेश जैसे देश के सबसे बड़े राज्य के विकास के लिए बड़े विजन की आवश्यकता है। उत्तर प्रदेश की जनता ने जिस विश्वास के साथ 37 वर्ष बाद किसी सरकार को लगातार दो बार चुना है, उसे पूरा करने के लिए राज्य सरकार ने पूरी ईमानदारी के साथ काम कर रही है। निवेश, शहरीकरण और रोजगार सृजन सरकार की कार्ययोजना की प्राथमिकता में है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरूप उत्तर प्रदेश देश की अर्थव्यवस्था के ग्रोथ इंजन के रूप में तैयार हो सके, इसके लिए प्रदेश में बड़े और ठोस प्रयास किए जा रहे हैं। आज पूरी दुनिया के निवेशक उत्तर प्रदेश में निवेश के लिए उतावली है। आज हर तबके को बिना भेदभाव मिल रहे शासन की योजनाओं के लाभ का ही परिणाम है कि हर व्यक्ति सरकार के प्रयासों को सफल करने में अपना योगदान करने को तत्पर है।

## कभी दंगे होते थे, पहचान का संकट था आज बना कानून-व्यवस्था का मॉडल

**सुशासन,** लोककल्याण और विकास का संकल्प दोहराते हुए मुख्यमंत्री ने पिछली सरकारों की कारगुजारियां भी उजागर कीं तो डबल इंजन सरकार के प्रयासों के परिणाम भी बताए। उन्होंने कहा कि जिस उत्तर प्रदेश में हर दिन दंगे हुआ करते थे, जिसका नाम सुनकर अन्य प्रदेशों के लोगों के मन में एक भयावह तस्वीर उभर जाती थी। वहां आज हर पर्व-त्योहार शांति-सौहार्द के माहौल में संपन्न हो रहे हैं। जिसे देश के विकास में बाधक कहा जाता था, उसने आज देश को कानून-व्यवस्था का एक मॉडल दिया है। कोरोना प्रबंधन में सभी ने यूपी मॉडल को सराहा है, नजीर माना है। जहां निवेशक आने से घबराते थे आज सर्वश्रेष्ठ निवेश गंतव्य हो गया है। और अब यह प्रदेश ईज़ ऑफ लिविंग में नम्बर एक बनने की ओर है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नई दिल्ली में निर्भया प्रकरण के बाद सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बावजूद उत्तर प्रदेश में किसी शहर को सेफ सिटी बनाने का काम नहीं हुआ। वर्तमान सरकार गौतमबुद्ध नगर सहित 18 शहरों को सेफ सिटी बनाने पर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि बीते साढ़े पांच सालों में यूपी में 4 लाख करोड़ से ज्यादा का निवेश हुआ। यूपी डाटा सेंटर का हब बन रहा। 2015-16 में यहां का एक्सपोर्ट 50 हजार करोड़ था, आज 2021 में 1.56 लाख करोड़ का निर्यात हुआ। आज यूपी 6 एक्सप्रेस वे वाला पहला राज्य बन गया है और 7 पर काम चल रहा है। 2017 से पहले 3 एयरपोर्ट थे, आज 9 क्रियाशील हैं, 10 पर काम चल रहा है। सीएम योगी ने कहाए एक समय यूपी में चीनी मिल बंद हो रही थींए वहीं यूपी की चीनी आज एक्पोर्ट हो रही है। साढ़े 5 वर्ष में गन्ना किसानों को 1.81 लाख करोड़ का भुगतान हुआ। इन सबने यूपी के विकास को गति दी है, लोगों में एक विश्वास भरा है।

# रामपुर में पुलिस उत्पीड़न के खिलाफ विधान सभा में सपा का हंगामा

**विधानसभा कार्यवाही**

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**विधान** सभा के शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को रामपुर में हुए उप चुनाव में पुलिस द्वारा सपा कार्यकर्ताओं के उत्पीड़न को लेकर सपा सदस्यों ने सदन में हंगामा किया और वेल में आ गए। हंगामे के कारण सदन की कार्यवाही को स्थगित करना पड़ा। सदन की कार्यवाही 11 बजे शुरू होते ही सपा के वरिष्ठ सदस्य मनोज कुमार पांडेय ने उपचुनाव में रामपुर में सपा समर्थकों और वहां के मतदाताओं को पुलिस द्वारा प्रताडित किए जाने का मामला उठाया। हंगामा करते हुए सपा सदस्य वेल में आ गए और सदन की कार्यवाही रोककर उस पर चर्चा कराए जाने की मांग की। अध्यक्ष सतीश महाना द्वारा यह मांग अस्वीकार कर दी गई। उन्होंने सदन को व्यवस्थित करने के लिए कहा लेकिन सपा के सदस्य वेल में नारेबाजी करते रहे। मनोज पांडेय का कहना था कि रामपुर में हुए मतदान में सपा समर्थकों को जबरन थानों में बिठाया गया। लोगों को वोट डालने से वंचिंत किया गया। शोरशराबे और हंगामें के चलते प्रश्नकाल नहीं हो सका। सदन की कार्यवाही 15 मिनट के लिए स्थगित कर दिया गया। सपा सदस्यों के वेल में डटे रहने के चलते सदन का स्थगन पन्द्रह मिनट के लिए और बढाया गया।

### सदन की कार्यवाही फेसबुक लाइव करने पर सपा सदस्य 1.20 मिनट के लिए निलम्बित

**लखनऊ।** विधान सभा में सदन की कार्यवाही फेसबुक पर लाइव करने पर सपा सदस्य अतुल प्रधान को एक घंटा बीस मिनट के लिए सदन से निलम्बित कर दिया गया। विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना ने पहले पूरे सत्र के लिए सपा सदस्य को निलम्बित किया लेकिन विपक्ष सदस्यों के आग्रह पर निलंबन दोपहर एक बजे तक कर दिया। दरअसल सदन की कार्यवाही शुरू होते ही सपा सदस्यों ने जब हंगामा करना शुरू कर दिया तो सपा सदस्य द्वारा फेसबुक लाइव की घटना की जानकारी स्पीकर को पता चली तो उन्होंने कहा कि मेरे द्वारा बार-बार कहने पर भी सदस्यों द्वारा मोबाइल का प्रयोग सदन की कार्यवाही के दौरान किया जा रहा है और एक सदस्य ने सदन की कार्यवाही को फेसबुक पर लाइव कर दिया है। हंगामे के बाद जब सदन व्यवस्थित हुआ तब विधान सभा अध्यक्ष ने कहा कि जांच के दौरान पाया गया कि सपा सदस्य अतुल प्रधान ने कार्यवाही को फेसबुक लाइव किया।

### विपक्ष ने कहा कि अनुपूरक मांगों का कोई औचित्य नही

**लखनऊ।** अनुपूरक बजट को लेकर विधान सभा में विपक्ष ने कहा कि सरकार ने पिछले 9 माह में कई विभागों में 18 से 24 प्रतिशत तक ही धनराशि व्यय की गई। ऐसे में अनुपूरक मांगों का कोई औचित्य नहीं है। अनुपूरक बजट तब आता है तब विभागों द्वारा व्यय का परफार्मेस बेहतर हो मगर ऐसा नहीं हुआ। अनुपूरक बजट पर चर्चा के दौरान सपा के सदस्य लाल जी वर्मा ने कहा कि अनुपूरक बजट में क्षेत्र विकास निधि में एक भारी रकम जीएसटी में चली जाती है। इस पर सरकार को कोई व्यवस्था देनी चाहिए। ऐसे कई विभाग हैं जिन्होंने अपने बजट का 28 प्रतिशत से भी कम व्यय किया है। उन्होनें कहा कि सरकार हवा में काम करती है धरातल काम नही कर रही है। सपा सदस्य ने कहा कि जो मूल बजट पेश किया गया था अभी वही पूरा खर्च नहीं हो पाया है। उन्होंने कहा कि संसदीय कार्यमंत्री के आश्वासन के बाद भी अभी तक संसदीय समितियों का गठन नहीं हो पाया है। अनुपूरक पर चर्चा के दौरान ही सपा सदस्य ने रामपुर में मतदान के दौरान पुलिसिया कार्रवाई मे तीन सौ से ज्यादा के घायल होने का भी मामला उठाया। उन्होंने रामपुर की घटना को कलंकित करने वाला बताया कि अभी भी घायल लोग अस्पताल में भर्ती है।

### सीतापुर के नैमिष धाम के पुनरोद्धार का रास्ता साफ

**काशी,** अयोध्या, मथुरा-वृंदावन और विंध्यवासिनी धाम की तर्ज पर सीतापुर के नैमिष धाम के पुनरोद्धार का रास्ता साफ हो गया है। 88 हजार ऋषियों की पावन तपरूस्थली नैमिषारण्य अपनी पौराणिक महत्ता के अनुसार अब विकास की झराह से जुड़ने जा रहा है। मंगलवार को विधान मंडल में उत्तर प्रदेश श्री नैमिषारण्य धाम तीर्थ विकास परिषद विधायक 2022 पारित हो गया। नैमिषारण्य धाम तीर्थ विकास योजना का विस्तार प्रदेश के सीतापुर और हरदोई जिले की सीमा के भीतर स्थित नैमिषारण्य क्षेत्र में होगा। नैमिषारण्य के अधीन क्षेत्र में सीतापुर के छत्तीस गांव शामिल हैं।

### विधान सभा में गूंजा कानपुर का रोविन हत्याकांड

**लखनऊ।** विधानसभा में मंगलवार को कानपुर के रोविन हत्याकांड की गूंज हुई। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने सरकार को निर्देश दिया कि वह इस मामले में सक्षम वरिष्ठ अधिकारी के नेतृत्व में एक टीम गठित कर इसकी ठीक से जांच कराए। विधानसभा में मंगलवार को कामरोको प्रस्ताव के तहत सपा के अमिताभ वाजपेयी यह मामला उठाते हुए कहा कि 36 दिन हो गए लेकिन पुलिस अभी तक दोषियों को गिरफ्तार नहीं कर पाई। संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे की फुटेज से पता लगाया कि वह छात्र दोपहर अपने घर न जाकर दूसरी दिशा में अकेले जाते दिखा। और अगले दिन रेलवे ट्रैक पर लाश मिली। यह सही है कि पुलिस को अभी तक इसमें सुराग नहीं मिला सका है क्योंकि फुटेज में कोई संदिग्ध नहीं दिखा। न ही घर वालों से किसी की दुश्मनी की बात सामने आई है।

### साहूकारी अधिनियम 1976 समेत उप्र में 36 अनुपयोगी कानून समाप्त

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने विधि आयोग की संस्तुतियों के आधार पर अनुपयोगी 36 कानूनों को खत्म कर दिया। इससे संबंधित उत्तर प्रदेश निरसन विधेयक 2022 को उत्तर प्रदेश विधानमंडल ने पास कर दिया। इसमें साहूकारी अधिनियम 1976 भी शामिल है। सरकार ने स्पष्ट किया कि इन कानूनों के खत्म होने से किसी तरह की जांच, लेखा परीक्षण व प्रचालित कार्यवाही प्रभावित नहीं होगी। इससे अब गांव कस्बों में गरीब लोगों को साहूकारों के महंगे कर्ज व शोषण से मुक्ति मिल सकेगी। इसे खत्म करने की वजह गांव गांव तक बैंकिंग सुविधाएं पहुंचना है और बैंक शाखाओं के विस्तार से आसान व सस्ते कर्ज की सुविधा उपलब्ध हो गई है। इस कानून के खत्म होने से साहूकारों के लाइसेंस का नवीनीकरण नहीं होगा। साथ ही नए लाइसेंस भी नहीं बनेंगे। विधानसभा में संसदीय कार्यमंत्री सुरेश खन्ना ने इस विधेयक को पास कराते हुए कहा कि यह अप्रसांगिक व पुराने पड़ चुके इन 36 कानूनों को बहुत सोचसमझ कर खत्म किया जा रहा है। इन अनुपयोगी कानूनों में 75 साल पुराना 1947 का संयुक्त प्रांत चिकित्सालय प्रांतीयकरण अधिनियम प्रमुख है। इसके अलावा अन्य प्रमुख अनुपयोगी कानून में उत्तर प्रदेशीय अपराध रोकने का विशेषाधिकार संशोधन अधिनियम 1950, उत्तर प्रदेश शक्कर और चालक मद्यसार उद्योग श्रमिक कल्याण व विकास निधि अधिनियम, उत्तर प्रदेश अत्यावश्यक सेवाओं का अनुरक्षण अधिनियम 1966, उत्तर प्रदेश साहूकारी विनियमन अधिनियम 1976, उत्तर प्रदेश अप्राधिकृत चिकित्सा शिक्षण संस्था निवारण 1982, उत्तर प्रदेश व्यापार कर संशोधन अधिनियम, किंग जार्ज चिकित्सा विवि संशोधन अधिनियम 2004, उत्तर प्रदेश राज्य विधानमंडल सदस्यों की उपलब्धियां व पेंशन संशोधन अधिनियम 2020 समाप्त कर दिया गया है।

### इंटरमीडिएट शिक्षा द्वितीय संशोधन विधेयक 2022 पारित

**दोनों** सदनों में इंटरमीडिएट शिक्षा द्वितीय संशोधन विधेयक 2022 विधेयक पारित हो गया। इससे यूपी के निजी माध्यमिक विद्यालयों को राहत मिलेगी। अब केवल एडेड स्कूलों को ही प्रशासन योजना बनानी होगी। माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार गुलाब देवी ने बताया कि संस्थाओं का कुशल संचालन और प्रबन्धन सुनिश्चित किए जाने के लिए हर शैक्षिक संस्था की प्रशासन योजना होगी जिसमें आचार्य या प्रधानाचार्य के अधिकार, कर्तव्य और प्रबन्ध समिति के अधिकार, कर्तव्य हैं लेकिन संस्था के सदस्यों द्वारा एक साथ दो प्रबन्ध समितियों का गठन करके विवाद उत्पन्न किए जाते हैं जिसके कारण संस्था के कुशल संचालन में व्यवधान उत्पन्न होता है। उन्होंने कहा कि सीबीएसई व बेसिक शिक्षा के तहत निजी मान्यताप्राप्त संस्थाओं में कोई प्रशासन योजना नहीं है। इसकी जगह पर स्कूलों का संचालन व प्रबन्धन रजिस्ट्रार सोसाइटी एवं चिट्स फण्ड द्वारा अनुमोदित साधारण सभा की समिति द्वारा किया जाता है। इसलिए स्कूलों का संचालन मूल संस्थाओं द्वारा किए जाने के लिए इंटरमीडिएट शिक्षा अधिनियम 1921 की धारा 16-के में संशोधन किए जाने का निर्णय लिया गया। इससे पहले सभी स्कूलों को प्रशासन योजना बनानी होती थी जिसके तहत सभी बोर्ड से मान्यता प्राप्त अशासकीय माध्यमिक स्कूलों के लिए प्रशासन योजना लागू करना अनिवार्य था।

### सदन की कार्यवाही कुल 7 घण्टे 48 मिनट चली

**लखनऊ।** उप्र की 18 वीं विधान सभा का तृतीय सत्र अनिश्चित काल के लिए स्थगित हो गया। सदन की कार्यवाही कुल 7 घण्टे 48 मिनट जिसमें 15-15 मिनट दो बार स्थगित, स्थगन रहित 7 घण्टे 18 मिनट कार्यवाही चली। कार्यवाही के दौरान अल्पसूचित प्रश्न 0, तारांकित प्रश्न 354, अतारांकित प्रश्न 1482 प्राप्त हुए। इनमें कुल 204 प्रश्न उत्तरित हुए। जिसमें 1185 प्रश्न आनलाइन प्राप्त हुए। इसी प्रकार सरकार से वक्तव्य मांगने वाले नियम 51 के अन्तर्गत 135 सूचनाएं प्राप्त हुई। जिन्हें वक्तव्य के लिए 5 व केवल वक्तव्य के लिए 1 एवं ध्यानाकर्षण के लिए 129 को स्वीकार किया गया। 5 दिसम्बर से प्रारम्भ हुए 18वीं विधान सभा के तृतीय सत्र में नियम 301 के तहत कुल 96 सूचनाएं प्राप्त हुई। जिनमें 96 को स्वीकृत किया गया। नियम 56 के अन्तर्गत कुल 15 सूचनाएं प्राप्त हुई जिसमें 3 अग्राह्य हुईं जबकि 01 सूचना पर ध्यानाकर्षण किया गया। इस सत्र में कुल 650 याचिकाएं सदन में प्राप्त की गयी। जिसमें 133 ग्राह्यता के उपरान्त स्वीकार की गयी।

### विधानसभा समितियों का गठन न होने पर सपा ने उठाए सवाल

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की 18वीं विधानसभा के गठन के करीब नौ माह बीत जाने के बावजूद विधानसभा की समितियों का गठन न किए जाने का मामला उठाते हुए समाजवादी पार्टी ने मंगलवार को सदन में कहा कि इस वर्ष सदन का तीसरा सत्र चल रहा है लेकिन अब तक समितियों का गठन नहीं किया गया है इससे लोकतांत्रिक प्रणाली कमजोर होगी। उल्लेखनीय है कि विधानसभा में लोक लेखा समिति, याचिका समिति, प्राकलन समिति, विशेषाधिकार समिति, नियम समिति, कार्य मंत्रणा समिति, पंचायती राज समिति, आश्वासन समिति जैसी संसदीय समितियों का गठन किया जाता है। संसदीय समितियां सदन की आंख और कान का कार्य करती हैं और उन्हीं के माध्यम से सदन सत्र में न रहते हुए भी निरंतर कार्य करता रहता है। विधानसभा के शीतकालीन सत्र के दूसरे दिन मंगलवार को दोपहर बाद सपा के मुख्य सचेतक मनोज पांडेय, वरिष्ठ सदस्य माता प्रसाद पांडेय और लालजी वर्मा ने नियम 300 के तहत यह मामला उठाया और अध्यक्ष से समितियों के गठन की मांग की।

# सपा ने किसानों की समस्याओं को लेकर सरकार को घेरा, सदन से किया वाकआउट

**विधान परिषद की कार्यवाही**

● योगी सरकार ने सपा के जमाने की तस्वीर को बदलने का किया है काम: सूर्य प्रताप शाही

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**विधान** परिषद में मंलवार को समाजवादी पार्टी के सदस्यों ने किसानों की विभिन्न समस्याओं को कार्य स्थगन प्रस्ताव के रूप में उठाया और सरकार के जवाब से असंतुष्ट होकर सदन का बहिष्कार किया। वहीं विपक्ष के आरोपों का जवाब देते हुए कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि भाजपा की योगी सरकार ने समाजवादी पार्टी के जमाने की तस्वीर को बदलने का काम किया है। इसी का नतीजा है कि राज्य में किसानों का भरोसा योगी सरकार के प्रति बढ़ा है। उन्होंने जानकारी दी कि राज्य सरकार पिछले साल के गन्ना मूल्य का 98: भुगतान पूरा कर चुकी है। अब दो.तीन चीनी मिलें ही भुगतान करने को शेष रह गई हैं।

कृषि मंत्री ने कहा कि सपा ने लगातार किसानों का शोषण किया। अब भी वे सदन में किसानों की बात पर चर्चा नहीं होने देते जबकि भाजपा ने पांच सालों में 47.45 लाख किसानों से धान खरीद की है जबकि सपा ने अपने कार्यकाल में 19 लाख किसानों से ही धान खरीदा था। इससे पहले किसानों की दुर्दशा का आरोप लगाते हुए सपा के लाल बिहारी यादव, नरेश उत्तम, आशुतोष सिन्हा और अन्य सदस्यों ने सरकार को कार्यस्थगन की नोटिस देकर कहा कि फसल की लागत खाद, डीजल समेत बहुत ज्यादा हो चुकी है लेकिन किसानों को उनकी उपज का सही मूल्य नहीं मिल रहा है। इस मुद्दे पर कार्यरोक कर चर्चा की जाए। जिसका जवाब देते हुए कैबिनेट मंत्री ने कहा कि हम इस बार 70 लाख मीट्रिक टन धान खरीद रहे हैं। फसलों का रकबा बढ़ गया है। किसानों का अनाज एमएसपी पर खरीद जा रहा है। सभापति कुंवर मानवेन्द्र सिंह ने सूचना पर कार्यस्थगन अस्वीकार कर दिया। सपा सदस्यों ने विरोध स्वरूप नारेबाजी की और सदन का त्याग कर दिया। बसपा के भीमराव अम्बेडकर ने प्रदेश में मनरेगा में कार्यरत मजदूरों की मजदूरी 213 की जगह 500 रुपये करने और 100 दिन की जगह 200 दिन कार्यदिवस करने के लिए काम रोककर चर्चा करने की मांग की। नेता सदन केशव प्रसाद मौर्या ने कहा कि हम मजदूरों के जीवन स्तर उठाने पर लगातार काम कर रहे हैं। 90 दिन का काम करने वाले मजदूरों को हम श्रम विभाग के पोर्टल पर पंजीकृत करते हुए उन्हें कौशल सिखाते हैं। हमारी सरकार गरीबों के प्रति संवेदनशील है।शिक्षक दल के नेता सुरेश कुमार त्रिपाठी एवं ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने वित्तविहीन शिक्षकों की समस्याओं का समाधान करने पर सरकार को नोटिस दिया तो नेता सदन केशव प्रसाद मौर्या ने कहा कि वित्तविहीन स्कूलों के शिक्षकों की स्थिति पर हमारी सरकार भी चिंतित हैं और हम उचित जगह पर इसकी चर्चा करेंगे लेकिन सपा सरकार ने उन्हें तब मानदेय दिया जब चुनाव निकट थे और मात्र 200 करोड़ का बजट दिया। वह मात्र चुनावी स्टंट था। हमने प्रबंधतंत्रों के शोषण से शिक्षकों को निजात दिलाई और अब सीधे उनके बैंक खातों में वेतन जा रहा है। अधिष्ठाता जयपाल सिंह व्यस्त ने सूचना पर कार्यस्थगन अस्वीकार कर प्रभावी आदेश के साथ सरकार को आवश्यक कार्रवाई के लिए भेज दिया। निर्दलीय समूह के राजबहादुर सिंह चन्देल व आकाश अग्रवाल ने छात्रों के जनशक्ति के आधार पर वर्ग व शिक्षक का निर्धारण कराए जाने के संबंध में नोटिस देते हुए कार्यस्थगन की मांग की। नेता सदन ने सदन को तथ्यों से अवगत कराया। अधिष्ठाता जयपाल सिंह व्यस्त ने सूचना पर कार्यस्थगन अस्वीकार कर प्रभावी कार्यवाही के साथ सरकार को आवश्यक कार्यवाही के लिए संदर्भित किये जाने के निर्देश दिए।

## विकास के पथ पर तेजी से बढ़ रहा है यूपी: केशव प्रसाद मौर्य

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

● आधा दर्जन विधेयक ध्वनिमत से हुए पारित, विधान परिषद अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

**विधान** परिषद में नेता सदन व उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने मंगलवार को अनुपूरक बजट पर चर्चा के दौरान कहा कि यूपी विकास के पथ पर तीव्र गति से आगे बढ़ रहा है। देश ही नहीं पूरी दुनिया में यूपी की छवि ऐसी बनी है कि सर्वाधिक आबादी के साथ ही वह विकास में भी नंबर वन बन सकता है। आज दुनिया भर में यह संदेश गया है यूपी निवेश के लिए सबसे अच्छा स्थान है।

मौर्य ने कहा कि यह बजट एक संतुलित बजट है जिसमें कृषि क्षेत्र का विकास हुआ है। किसानों के हालात सुधरें हैं। नलकूपों व नहरों का विकास हुआ है तथा चिकित्सा एंव स्वास्थ्य मिशन में आयुषमान कार्ड से दवाइयों और नई-नई तकनीकि का उपयोग हो रहा है। हमारी सरकार ने ग्लोबल इन्वेस्टर समिट का आयोजन कराया जिसके द्वारा बहुराष्ट्रीय कम्पनियां प्रदेश में निवेश के लिए इच्छुक है और व्यापार को बढ़ावा मिल रहा है, कानून व्यवस्था में सुधार है। यह अनुपूरक बजट प्रदेश को एक नई ऊंचाई की ओर ले जाने में सक्षम है। मैं इस बजट का पुरजोर समर्थन करता हूँ। वित्तीय वर्ष 2022-23 के अनुपूरक बजट पर चर्चा में भाग लेते हुए भाजपा के श्री लक्ष्मण आचार्य, हरी सिंह ढिल्लो, डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी, नरेन्द्र कश्यप, इंजीनियर अवनीश कुमार सिंह, निर्मला पासवान,



अश्वनी त्यागी, मानवेन्द्र प्रताप सिंह एवं सुरेन्द्र चौधरी, सपा के स्वामी प्रसाद मौर्य, डॉ. मान सिंह यादव एवं मुकुल, बसपा के भीमराव अम्बेडकर, शिक्षक दल के सुरेश कुमार त्रिपाठी, निर्दलीय समूह के राजबहादुर सिंह चन्देल ने भी बजट पर अपने विचार व्यक्त किए। तत्पश्चात् प्रमुख सचिव, विधान परिषद ने विधानसभा द्वारा पारित उत्तर प्रदेश विनियोग विधेयक 2022-13, इंटरमीडिएट शिक्षा (द्वितीय संशोधन) विधेयक, 2022, उप्र श्री नैमिषारण्य धाम तीर्थ विकास परिषद् विधेयक, 2022 और उप्र क्षेत्र पंचायत तथा जिला पंचायत (संशोधन) विधेयक 2022, उप्र अग्निशमन तथा आपात सेवा विधेयक, 2022, उप्र निरसन विधेयक, 2022 को सदन की मेज पर रखा। सभी विधेयक ध्वनिमत से पारित हुए। इसके बाद सभापति ने सदन के संचालन में उन्हें सहयोग देने के लिए सभी को धन्यवाद दिया। अंत में राष्ट्रगान के पश्चासत नेता सदन के प्रस्ताव पर सदन की बैठक अनिश्चितकाल के लिए स्थगित हो गई।

THE PIONEER CLASSIFIEDS

CHANGE OF NAME

It is generally information that I Priyank Kumar Verma S/O Chandrika Prasad R/o House No. 13 Mirjapur Dakshini ,Rampur Mirjapur, Madhwapur ,Sitapur Uttar Pradesh -261302, declare that my name has been Wrongly written as Priyank Kumar in my 10th, 12th School documents, the actual name of mine is Priyank Kumar Verma.

PD(90212)A

सूचना

मैंने अपना नाम प्रतिभा से बदलकर प्रतिभा झा कर लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए, प्रतिभा झा पुत्री छेदी लाल झा नि0 मकान न0 126, नयागंज अकबरपुर, कानपुर देहात

# विभिन्न दलों के नेता कांग्रेस में शामिल

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**भाजपा**-सपा-बसपा के कई नेता मंगलवार को कांग्रेस में शामिल हुए। इनमें प्रमुख रूप से फर्रुखाबाद के समाजवादी पार्टी के जिला सचिव रोहित शाक्य, विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष आशीष कुशवाहा, विजय यादव, गौमत शाक्य, अमन यादव, समाजवादी पार्टी के सदस्य राहुल पाल, शिवम पाल, अजीत पाल, संजय पाल, रंजीत यादव, राजेन्द्र यादव, बीजेपी सदस्य अभिषेक राजपूत, हिरदेश कुमार, आशीष राजपूत, अखिलेश राजपूत, सनी तिवारी, जिलाध्यक्ष युवा पाल महासभा अनुपम पाल के साथ आए तमाम लोगों ने आज प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष बृजलाल खाबरी के समक्ष कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। साथ ही पूर्व बसपा लखनऊ कैंट प्रत्याशी अनिल पाण्डेय, पूर्व बसपा पार्षद प्रत्याशी अरुण सोनकर, यतीन्द्र नाथ धनगर राष्ट्रीय महासचिव एवं जिलाध्यक्ष पवन कुमार रावत भारतीय किसान श्रमिक जन समिति यूनियन, जिलाध्यक्ष लखनऊ सतीश पाल, छोटे लाल पाल, सीमा पाल सरोजनीनगर ने भी आज कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने वाले सदस्यों का स्वागत करते हुए खाबरी पक कहा कि आप सभी का कांग्रेस परिवार में स्वागत है आप सभी आज से हमारे परिवार का हिस्सा है। आप लोगों के सहयोग से हमारे नेता आदरणीय राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा को गति मिलेगी तथा यात्रा का मूल उद्देश्य जन जनों तक पहुंचेगा। हमें आशा ही नहीं बल्कि पूरा विश्वास है कि आप कांग्रेस पार्टी की नीतियों एवं विचारधारा पर चलते हुए कांग्रेस संगठन को गतिशीलता प्रदान करेंगे।

# सीबीआई ने उत्तर रेलवे के उप मुख्य अभियंता से जब्त की 1.38 करोड़ से अधिक की नकदी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**सीबीआई** ने लखनऊ में तैनात उत्तर रेलवे के उप मुख्य अभियंता अरुण कुमार मित्तल के पास से 1.38 करोड़ रुपए से अधिक की नकदी जब्त की है। सीबीआई के अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अरुण कुमार मित्तल को एक ठेकेदार से रिश्वत लेने के आरोप में पांच दिन पूर्व गिरफ्तार किया गया था। सीबीआई अधिकारियों के मुताबिक एजेंसी ने पिछले हफ्ते मित्तल को गिरफ्तार करने के बाद उसके ठिकानों की तलाशी ली, जिसमें उसके और उसके परिवार के सदस्यों के बैंक खातों में मिले 1.13 करोड़ रुपए की जानकारी के अलावा 1.38 करोड़ रुपए की नकदी बरामद की गई। अधिकारियों ने कहा कि कुल 1.38 करोड़ रुपए में से 38 लाख उसकी गिरफ्तारी के तुरंत बाद तलाशी के दौरान जब्त किए गए। सीबीआई ने उसके परिसरों में और तलाशी ली, जिससे एक करोड़ रुपए की अतिरिक्त नकदी बरामद हुई। अधिकारियों ने कहा कि बैंक खातों में जमा ज्यादातर पैसा समय के साथ नकदी के रूप में जमा किया गया था। सीबीआई के एक प्रवक्ता ने कहा, लगभग 11 लाख के सोने के आभूषण, रेलवे विक्रेताओं, ठेकेदारों सहित विभिन्न पार्टियों से कथित रूप से संबंधित विभिन्न संपत्ति और भौतिक लेनदेन से संबंधित दस्तावेजों का भी पता लगाया गया है। सीबीआई ने मित्तल को चारबाग, लखनऊ में परियोजना के काम में लगी एक फर्म के बिल पास करने के लिए उसके ठेकेदार से रिश्वत मांगने के आरोप में एक दिसंबर को गिरफ्तार किया था।

परिशिष्ट IV A

नियम 8(6) का नियम देखे

अचल संपत्ति की बिक्री के लिए बिक्री सूचना

सिक्युरिटी इंटरेस्ट (एन्फोर्समेन्ट) रूल्स, 2002 के नियम 8(6) के नियमों को पढते हुए सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकन्स्ट्रशन ऑफ फायनांशियल एसेट्स एंड एन्फोर्समेन्ट ऑफ सिक्युरिटी इंटरेस्ट एक्ट, 2002 के अधीन अचल संपत्ति की बिक्री के लिए ई- निलामी बिक्री सूचना ।

सामान्य रूप से जनता को और विशेष रूप से उधारकर्ता (ओं) तथा गॅरेन्टर (ओं) को सूचित किया जाता है कि निम्नवर्णित अचल संपत्ति जो सुरक्षित लेनदार के पास गिरवी है, जिस पर सुरक्षित लेनदार अधिकृत अधिकारी **इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनान्स लिमिटेड(CIN:L65922DL2005PLC136029)** **(सुरक्षित लेनदार द्वारा )** द्वारा **रचनात्मक कब्जा** लिया जा चुका है, को **09.01.2023** को दोपहर **02.00** से **04.00** बजे तक **''जहां है'', ''जैसा है'' और ''जो कुछ भी है''**,की वसूली के लिए ऋण खाता नं. **HHLLKN00358452** के लिए **रू.26,35,180/- (रुपए छब्बीस लाख पैंतीस हजार एक सौ अस्सी मात्र)** के लिए **30.11.2022** तक बकाया मूलधन, बकाया (विलंब शुल्क के समेत) और ब्याज ऋण समझौते तथा अन्य सम्बन्धित ऋण दस्तावेजों के संदर्भ में लागूभावी ब्याज तथा कानूनी व्यय और अन्य खर्चों के साथ **01.12.2022** से प्रभावी जो **विक्रान्त त्रिपाठी और शुभी त्रिपाठी** पर सुरक्षित लेनदार द्वारा बकाया है की वसूली के लिए बेचा जाएगा ।

उक्त संपत्ति की नीलामी के लिए आरक्षित मूल्य **रू.32,50,000/- (रुपए बत्तीस लाख पचास हजार मात्र)** होगा और अर्नेस्ट मनी डिपॉजिट **(ईएमडी) रू.3,25,000/ - (रुपए तीन लाख पच्चीस हजार मात्र)** यानि आरक्षित मूल्य के **10%** के बराबर होगा ।

**अचल संपत्ति का वर्णन**

**संपत्ति आवासिय मकान/भवन प्लॉट नं.-ए पर बना हुआ, खसरा नं.310 मिन, रकबा (एरिया) 1270 स्के.फीट, यानि 118.029 स्के.मी.,विलेज मडियागॉव पर स्थित, वार्ड जानकीपुरम, जिला लखनऊ, सब-रजीस्ट्रार के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत, लखनऊ IV, प्लॉट निम्नुंसार परिबद्ध है:**

**पूर्व : अन्य की संपत्ति** — **पश्चिम : 20 फीट चौड़ा रोड**

**उत्तर : सचीन सरावंगी प्लॉट** — **दक्षिण : प्लॉट नं.B, शिव कुमार**

बिक्री के विस्तृत नियमों और शर्तो के लिए कृपया सुरक्षित लेनदार की वेबसाइट यानि www.indiabullshomeloans.com पर दिए गए लिंक को देखे और बोली लगाने के लिए www.auctionfocus.in पर लॉग ऑन करें।

**दिनांक: 01.12.2022**

**स्थान : लखनऊ**

सही/-
प्राधिकृत अधिकारी
इंडियाबुल्स हाउसिंग फायनान्स लिमिटेड

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: ( 0522 ) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582

# मुख्यमंत्री ने लखनऊ को दिया 1883 करोड़ की 212 विकास परियोजनाओं का तोहफा

● त्रिनेत्र की है नजर, अपराधी इस चौराहे पर घटना करेंगे तो अगले पर ढेर हो जाएंगे: मुख्यमंत्री

●सीएम ने बच्चों का अन्नप्राशन भी कराया

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ** ने मंगलवार को लखनऊ में प्रबुद्धजन सम्मेलन को संबोधित किया। लखनऊ वासियों को 1883 करोड़ की 212 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास कर उन्होंने सौगात दी। सबसे पहले बच्चों का अन्नप्रासन कराया और विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को चाबी, चेक व प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। बाबा साहेब डॉ भीमराव आंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि आज सीसीटीवी की नजर शहरों पर है अपराध करके वाला बच नहीं सकता। सीएम ने कहा कि आज से 5 साल पहले राजधानी स्थानीय सरकारों की उपेक्षा का दंश झेलता था। लखनऊ भले ही राजधानी थी लेकिन गंदगी, अव्यवस्था और अराजकता का दृश्य देखकर यहां के स्वरूप का अलग ही मानचित्र दिलो दिमाग पर आता था। 2017 के बाद यूपी में केंद्र की की गई योजनाएं लागू हुईं। उनमें स्वच्छ भारत मिशन भी था। ग्रामीण व नगरीय क्षेत्रों को मिलाकर 2.70 करोड़ गरीबों को शौचालय देनेए प्लास्टिक पर बैन व माटी कला बोर्ड को पुनर्जीवित करने का परिणाम रहा कि शहरी गंदगी को व्यवस्थित तरीके से निस्तारित करने में बड़ी सफलता प्राप्त हुई। प्रदेश कोरोना प्रबंधन से लेकर कूड़ा प्रबंधन का मॉडल बना है। जब स्वच्छता रैंकिंग आती है तो यूपी के लखनऊ, गाजियाबाद, वाराणसी, अलीगढ़, आगरा की गिनती होती है। 2017 से पहले स्वच्छता रैंकिंग में यूपी के भी शहर देश में सबसे गंदे थे। इसमें सबसे गंदा शहर गोंडा भी यूपी में ही है। 5 वर्ष के अंदर यूपी ने जो सफलता हासिल की लखनऊ भी उसमें तेजी से बढ़ा है। 2022 स्वच्छता रैंकिंग में लखनऊ की अच्छी रैंकिंग के लिए सीएम ने स्थानीय लोगों को बधाई दी। सीएम ने कहा कि यूपी में आज स्मार्ट सिटी से लेकर स्मार्ट युवा दिख सकते हैं। स्मार्ट सिटी की परिकल्पना को साकार किया जा रहा है। आईटीएमएस को कोविड काल में इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर के माध्यम से प्रबंधन के लिए उपयोग किया तो आज सेफ सिटी के साथ ट्रैफिक मैनेजमेंट भी कर रहे हैं। उच्चतम न्यायालय ने कहा था कि शहरों को सेफ सिटी के रूप में बदलने की कार्रवाई कीजिए। स्मार्ट सिटी के अंतर्गत गौतमबुद्धनगर समेत सभी नगर निगमों को इससे जोड़कर सुरक्षा भी दे रहे। शोहदे, अपराधी सोचते हैं कि वह अपराध करके भाग जाएंगे तो ऐसा नहीं होगा, त्रिनेत्र के रूप में सीसीटीवी उस पर नजर रखेगा। इस चौराहे पर घटना करोगे, अगले चौराहे पर पुलिस ढेर कर चुकी होगी। शहरी क्षेत्र में कॉमन बिल्डिंग कोड की व्यवस्था प्रारंभ हुई। सभी मोहल्लें, मकान एक जैसे कलर के दिखें। जल निकासी व सीवर की उचित व्यवस्था होगी। एलईडी स्ट्रीट लाइटों से शहर को जगमगाते देखा होगा। 2017 से पहले लाइट आती नहीं थी, यदि आती भी थी तो बेतरतीब थी। आज किसी भी सड़क पर एक जैसी दुधिया स्ट्रीट लाइट जलती दिख जाएगी। यह बेहतरीन कार्य प्रदेश में होता दिख रहा है। गली–मोहल्लों में सड़कों व एक्सप्रेसवे–हाइवे का निर्माण तेजी से किया गया। हर घर नल, विदद्युत कनेक्शन दिया गया, रसोई गैस कनेक्शन दिया गया तो पब्लिक ट्रांसपोर्ट नई कहानी कह रही है।



## सौभाग्य है कि राजनाथ सिंह लखनऊ के सांसद:सीएम

सीएम ने कहा कि शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में 45 लाख गरीबों को पीएम आवास योजना का लाभ मिला है। 10 लाख की सूची तैयार हो रही है। डबल इंजन की सरकार ने पीएम स्वनिधि योजना के तहत यूपी में 9 लाख स्ट्रीट वेंडरों को ब्याज फ्री सुविधा का लाभ दिया गया। स्मार्ट होते शहर, स्मार्ट होती सुविधा और 2 करोड़ युवाओं में स्मार्ट फोन व टैबलेट वितरण का काम चल रहा है। नए भारत के नए यूपी की कहानी कहता है। लखनऊ का सौभाग्य है कि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह यहां के सांसद हैं। उनका नेतृत्व प्राप्त हो रहा है। अटल जी के समय में राजनाथ सिंह ने शहीद पथ का निर्माण कराया। आज किसान पथ बाहरी रिंग रोड के रूप में बेहतरीन कनेक्टिविटी का हिस्सा है। ग्रीन कॉरिडोर जाम की समस्या से मुक्ति दिलाएगा। लखनऊ नगर निगम ने देश के अंदर पहला म्यूनिसिपल बांड जारी किया था। आवासीय योजना में बांड जारी होकर मुंबई स्टाक एक्सचेंज जाकर मैंने बांड जारी कराया था। यह बांड करना प्रतिष्ठा की बात है उसे आवासीय योजना से जोड़कर नगर निकाय अपनी आय बढ़ाता है। सीएम ने कहा कि लखनऊ को शीघ्र ही अंतरराष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर देने जा रहे हैं। हमने लखनऊ को नई पहचान दिलाने के लिए प्रयास किया। लखनऊ पौराणिक व ऐतिहासिक नगरी है। सीएम ने कहा कि शीघ्र ही नगर निकाय चुनाव घोषित होंगे। 10 से 12 फरवरी तक लखनऊ में आईजीएस का आयोजन होगा जिसमें देश–दुनिया के 10 हजार से अधिक उद्यमी व निवेशक यहां आएंगे। लखनऊ के पास खुद का गौरव है। 100 वर्ष पुराना लखनऊ विवि, टेक्निकल शिक्षा का एकमात्र विवि जो संबद्धता देता है, आईआईएम, प्रदेश में स्वास्थ्य का अच्छा केंद्र एसजीपीजीआई, केजीएमयू लखनऊ के पास है। जरी जरदोजी ओडीओपी के माध्यम से यहां की पहचान को वैश्विक मंच पर पहुंचा रहा है। नगर निकाय में पांच वर्ष में हुए परिवर्तन को तेजी से आगे बढ़ाएं। और अभी तेजी लाने की आवश्यकता है पिछली सरकारों की गंदगी को दूर करने में थोड़ा समय लगेगा लेकिन जिस तेजी से विभिन्न योजनाएं बढ़ी हैं उस तीव्रता के साथ हम काम को भी बढ़ाएंगे।

## मकान का ताला तोड़कर चोरी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राजधानी** के बीकेटी इलाके में चोरों ने बंद मकान पर धावा बोलकर नकदी व जेवर पर हाथ साफ कर दिया। घटना के समय पूरा परिवार एक शादी समारोह में गया था। वापस लौटे तो सामान बिखरा देख उनके होश उड़ गए। उधरए सूचना पर पहुंची पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर केस दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी। 535 नई बस्ती नन्दना साईं नगर बीकेटी निवासी बृजेश कुमार पाठक परिवार संग रहते हैं। उन्होंने बताया कि बीते शनिवार को वह सपरिवार एक शादी समारोह में गए थे। सोमवार को पड़ोसी ने बृजेश को फोन कर बताया कि उनके मकान में चोरी हो गई है। आनन फानन में वह घर पहुंचे जहां सभी दरवाजों के ताले टूटे पड़े थे और अंदर सारा सामान बिखरा था। पीड़ित का कहना है कि चोर उनके घर से सोने चांदी के जेवर व 11 हजार की नकदी चोरी कर ले गए हैं।

## उप मुख्यमंत्री ने नवनिर्मित सीटी स्कैन केंद्र का किया उद्घाटन



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने मंगलवार को लोकबंधु राजनरायण संयुक्त जिला चिकित्सालय में नवनिर्मित सीटी स्कैन केन्द्र का उद्घाटन किया। उन्होंने स्कैनिंग के लिए स्थापित मॉनिटरिंग यूनिट का भी निरीक्षण किया। इस अवसर पर सरोजनीनगर के भाजपा विधायक राजेश्वर सिंह एवं प्रमुख सचिव चिकित्सा, स्वास्थ्य पार्थसारथी सेन शर्मा सहित महानिदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण उपस्थित रहे।

## अवैध शराब का कारोबार करने वाले पांच गिरफ्तार

**लखनऊ।** माल व इटौंजा पुलिस ने पांच शराब तस्करों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने इनके पास से काफी मात्रा में कच्ची शराब व उपकरण भी बरामद किए हैं। इंस्पेक्टर माल ने बताया कि सोमवार रात एसआई सूरज शनीम अपनी टीम के साथ इलाके में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान उन्होंने ग्राम कैडोरा पंचायत भवन के पास से ग्राम अटारी निवासी रमेश को 10 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है। उधर इटौंजा थाने में तैनात एसआई धीरेन्द्र कुमार वर्मा ने ग्राम सूरजपुर गढ़ा निवासी पूरन को 5 लीटर कच्ची शराब के साथ। एसआई धमेन्द्र जैन ने ग्राम दुन्दपुर निवासी मुरली को 5 लीटर देशी शराब के साथ। एसआई शिव सिंह ने जगदेव को 9 लीटर देशी शराब के साथ और एसआई बजरंगी गौतम ने नत्था को 5 लीटर देशी शराब व उपकरणों के साथ गिरफ्तार किया है।

# एलडीए ने चौक में अवैध कॉम्पलेक्स किया सील

● एलडीए के उपाध्यक्ष डॉ इन्द्रमणि त्रिपाठी ने स्वयं स्थल पर उतरकर बिल्डिंग को कराया सील

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**चौक क्षेत्र** में अवैध व्यवसायिक काम्पलेक्स को एलडीए उपाध्यक्ष द्वारा मौके पर जाकर सील किया गया। उपाध्यक्ष द्वारा पूर्व में तैनात एलडीए कर्मचारियों पर अवैध निर्माण को न रोकने पर नाराजगी जताई गयी। साथ ही इसके लिए जिम्मेदारो को चिन्हित कर कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए हैं। वहीं अवर अभियंताओं को अपने क्षेत्र में 125 स्थलों का मौका मोयना करने का लक्ष्य भी तय किया गया है।

चौक कोतवाली के पीछे अनाधिकृत रूप से बनाये गये व्यवसायिक कॉम्पलेक्स को एलडीए ने मंगलवार को सील कर दिया। प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ इन्द्रमणि त्रिपाठी ने स्वयं स्थल पर पहुंच कर सीलिंग की कार्यवाही को करवाया। इस दौरान उपाध्यक्ष ने कहा कि निर्माण को रोकने के सम्बंध में प्रभावी कार्यवाही न करने वाले जिम्मेदारों को चिन्हित करके उन पर कार्यवाही की जाएगी। प्रवर्तन में तैनात समस्त अवर अभियंताओं को प्रतिमाह न्यूनतम 125 स्थलों का निरीक्षण करने का लक्ष्य दिया गया है। वह स्वयं जोन वार औचक निरीक्षण करके अवैध निर्माणों की हकीकत परखेंगे और कार्यवाही में शिथिलता बरतने वाले अधिकारी की जवाबदेही तय की जाएगी। प्रवर्तन जोन.7 के जोनल अधिकारी डीके सिंह ने बताया कि मोहसिन नवाब व आसिफ नवाब द्वारा गोल दरवाजा, जम्बू कुमार ज्वैलर्स के पीछे, ताज मंजिल गली, चौक में लगभग 10 हजार वर्गफुट क्षेत्रफल के भूखण्ड पर बिना मानचित्र स्वीकृत कराये अवैध रूप से व्यवसायिक निर्माण किया गया था। जिसके विरूद्ध विहित न्यायालय में वाद संख्या.56/2020 दर्ज किया गया था। इस प्रकरण में विपक्षी द्वारा कोई साक्ष्य एवं अभिलेख प्रस्तुत नहीं किये गये। चोरी छुपे अवैध निर्माण कराया जाता रहा। स्थल को सील किये जाने के आदेश पारित किये गये थे। इस आदेश के अनुपालन में आज सहायक अभियंता अनिल कुमार, अवर अभियंता सत्यवीर सिंह, उदयवीर सिंह द्वारा प्राधिकरण पुलिस बल व चौक कोतवाली की पुलिस बल के सहयोग से अवैध निर्माण को सील किया गया।

## गोमतीनगर, इस्माइलगंज में अवैध डेरियों पर हुई कार्रवाई, पकड़े 28 पशु

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**शहर में** अवैध डेरी हटाने का अभियान चलाया गया, गोमतीनगर, इस्माइलगंज में अभियान के दौरान दो दर्जन से अधिक पशुओं को पकड़ा गया। पार्कों में चल रही डेरियों के विरोध में क्षेत्रीय नागरिकों ने सीएम पोर्टल और आईजीआरएस परगोबर आदि से गंदगी करने की शिकायत की थी। नगर निगम की नोटिस देने के बाद भी तवज्जों न देने पर कार्रवाई की गयी। मंगलवार को गोमतीनगर और इंदिरानगर में अवैध डेरियों पर नगर निगम द्वारा कड़ी कार्रवाई की गयी। नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह के निर्देशानुसार को थाना विभूति खंड जोन .4 अंतर्गत विनम्र खंड, वास्तु खंड, विराज खंड, चिनहट आदि क्षेत्रों में अवैध डेरी हटाने का अभियान पुलिस बल, प्रवर्तन दल और कैटल कैचिंग कर्मचारियों के सहयोग से पशु कल्याण अधिकारी डॉ अभिनव वर्मा के नेतृत्व में चलाया गया जिसमे मौके पर कुल 28 पशु जिसमे 3 भैंस, 3 बछड़ा, 20 गाय, 2 बछिया को पकड़कर नगर निगम द्वारा संचालित इस्माइलगंज कांजी हाउस में निरुद्ध किया गया। कुछ पशुपालको द्वारा सर्वाजनिक पार्क में पशुओ को रखकर डेरी व्यवसाय किया जा रहा था जो की अनुमन्य नहीं है। क्षेत्रों से निरंतर गंदगी फैलाने और गोबर नाली में बहाने की शिकायत निरंतर प्राप्त हो रही थी, कई जनसूचना अधिकार, मुख्यमंत्री सन्दर्भ और आईजीआरएस के तहत कार्यवाही भी लंबित थी। चेतावनी और नोटिस देने के बाद भी डेरी संचालकों द्वारा डेरी नहीं हटाई गयी थी। उच्च न्यायलय के आदेशानुसार नगर निगम आवासीय क्षेत्रों में डेरी व्यवसाय की अनुमति नहीं है। नगर निगम द्वारा अधिकतम दो गाय लाइसेंस के साथ पालने की अनुमति है। यही नहीं नगर निगम अधिनियम 1959 के अनुसार भैंस को अपदूषण कारक पशु माना गया है। नगर निगम द्वारा भैंस पालने की अनुमति नहीं दी जाती है।

## सहायक अध्यापकों की नियुक्ति को निरस्त करने का आदेश खारिज

**लखनऊ (विधि संवाददाता)।** ऑनलाइन अप्लीकेशन फॉर्म में त्रुटिपूर्ण जानकारी देने के कारण सहायक अध्यापक के पदों पर अभ्यर्थियों की नियुक्ति व कुछ अभ्यर्थियों की उम्मीदवारी निरस्त करने के राज्य सरकार के आदेश को हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने खारिज कर दिया है। पीठ ने इन अभ्यर्थियों के मामलों पर आठ हफ्ते में बेसिक शिक्षा विभाग को पुन: विचार करने का आदेश दिया है। जस्टिस ओम प्रकाश शुक्ला की एकल पीठ ने यह आदेश विजय गुप्ता व अन्य अभ्यर्थियों की ओर से दाखिल दर्जनों याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई करते हुए दिया है। याचिकाकर्ताओं का कहना था कि सहायक अध्यापक परीक्षाए 2019 में उनका चयन हुआ था। लेकिन बाद में ऑनलाइन अप्लीकेशन फॉर्म में गलत जानकारी भरने के आधार पर उनका चयन व उम्मीदवारी निरस्त करते हुए वसूली का आदेश दिया गया। निरस्तीकरण का आदेश पारित करने से पूर्व विभाग को सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिए गए निर्णयों के परिप्रेक्ष्य में यह देखना चाहिए था कि गलत जानकारी से अभ्यर्थी को कोई लाभ हो रहा था अथवा नहीं। इस तथ्य को देखे बिना मात्र त्रुटिपूर्ण अप्लीकेशन फॉर्म भरे जाने के आधार पर उनकी नियुक्ति निरस्त कर दी गई। एकल पीठ ने सुप्रीम कोर्ट के दो निर्णयों का हवाला देते हुए कहा कि यदि गलत जानकारी मात्र त्रुटिवश भर दी गई है और अभ्यर्थी को कोई लाभ नहीं हो रहा तो उसकी उम्मीदवारी को निरस्त नहीं किया जाना चाहिए।

### केरल के पत्रकार सिद्दीक कप्पन समेत सात पीएफआई सदस्यों पर आरोप तय

**लखनऊ (विधि संवाददाता)।** जिला जज व ईडी के विशेष जज संजय शंकर पांडेय ने मनी लांड्रिग के एक मामले में निरुद्ध केरल के पत्रकार सिद्दीक कप्पन व अतीकुर्रहमान समेत सात पीएफआई सदस्यों के विरुद्ध 3/4 पीएमएलए एक्ट के तहत आरोप तय किया है। उन्होंने ईडी को अपना गवाह पेश करने का आदेश देते हुए अगली सुनवाई 17 दिसंबर को नियत की है। मंगलवार को विशेष अदालत के समक्ष सभी मुल्जिम जेल से उपस्थित थे। यह मामला हाथरस कांड के जरिए सामाजिक ताना.बाना बिगाड़ने के लिए विदेशों से हुई फंडिग का है। छह फरवरी 2021 को सिद्दीक कप्पन व पीएफआई के सदस्य अतीकुर्रहमान के अलावा केए रउफ शरीफ, मसुद अहमद व मोहम्मद आलम के खिलाफआरोप पत्र दाखिल हुआ था। ईडी की दिल्ली इकाई विदेशी फंडिग के मामले में पीएफआई के खिलाफपहले से जांच कर रही थी। इस दौरान पीएफआई के सदस्य अशरफ कादिर व अब्दुल रज्जाक पीडीयक्कल को भी न्यायिक हिरासत में भेजा गया। इनके खिलाफ भी आरोप पत्र दाखिल हो चुका है।

### गैंगेस्टर के आरोपी को छह साल की सजा

**लखनऊ (विधि संवाददाता)।** विशेष जज मो. गजाली ने गैंगेस्टर के एक मामले में दोषी करार दिए गए मुल्जिम विजय उर्फ धनराज को छह साल की सजा सुनाई है। उन्होंने इस पर पांच हजार का जुर्माना भी ठोंका है। गैंगेस्टर के इस मामले की एफआईआर थाना आशियाना में दर्ज हुई थी। वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी अवधेश कुमार सिंह व अभियोजन अधिकारी सौम्या प्रियदर्शिनी के मुताबिक मुल्जिम ने दुनियावी लाभ के लिए अपना संगठित गिरोह बना रखा था। यह अपने साथियों के साथ मिलकर महिलाओं की चेन छीननाए चेन स्नेचिंग व चोरी आदि करता था।

### बहू को 10 साल की सश्रम कारावास की सजा

**लखनऊ (विधि संवाददाता)।** विशेष जज शालिनी सागर ने गैरइरादतन हत्या के एक मामले में दोषी करार दी गई बहू रोली यादव को 10 साल की सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। उन्होंने इस पर 20 हजार का जुर्माना भी ठोंका है। सरकारी वकील मो. इन्तजार अहमद गाजी के मुताबिक घरेलू झगड़े में रोली यादव ने अपनी सास रुपा की गला दबा दी थी, जिसकी वहज से उनकी मौत हो गई थी। 16 दिसंबर, 2011 को इस मामले की एफआईआर पति सोनेलाल ने थाना काकोरी में दर्ज कराई थी।

## बीडीसी सदस्य का पेड़ से संदिग्ध अवस्था में लटका मिला शव

**लखनऊ।** राजधानी के गोसाईगंज इलाके में स्थित खेत में लगे पेड़ से वर्तमान क्षेत्र पंचायत सदस्य का शव लटका देखकर हड़कंप मच गया। सूचना पाते ही ग्रामीण एकत्र हो गये और घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद आगे की कार्रवाई की जायेगी। ग्राम रहमतनगर गोसाईगंज निवासी अनिल रावत ने बताया कि सुबह सात बजे के करीब नरेन्द्र रावत उर्फ रंगाराव 45 का शव गांव के बाहर खेत में लटका हुआ है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव नीचे उतार कर कब्जे में लिया और पोस्टमाट्रम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जायेगी। बताया जा रहा है कि मृतक बीडीसी सदस्य था। फिलहाल पुलिस को कोई तहरीर नहीं मिली है।

## 11 वीं के छात्र ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**लखनऊ।** बक्शी का तालाब इलाके में एक छात्र ने अपने चाचा के मकान में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मामले की जानकारी होने पर पुलिस ने सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने छानबीन के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है कि छात्र ने मौत को गले क्यों लगाया इसका पता अभी नहीं चल पाया है। जानकारी के अनुसार बीकेटी के सरकपुर सरैया इलाके में दिनेश कुमार का निर्माणाधीन मकान है। वहां पर वो परिवार संग रहते हैं। उन्होंने बताया कि थाना क्षेत्र के ईश्वरपुरी इलाके में उनके भाई रामऔतार रहते हैं जिनका 16 वर्षीय बेटा प्रदीप कुमार डालीगंज स्थित रामाधीन इंटर कॉलेज में 11वीं का छात्र था। पुलिस का कहना है कि काफी समय से प्रदीप अपने चाचा दिनेश के घर पर ही रह रहा था। सोमवार रात प्रदीप ने कमरे की छत पर लगे पंखे में रस्सी के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुबह उसका शव लटका देख दिनेश ने मामले की जानकारी पुलिस को दी। इंस्पेक्टर का कहना है कि घटना स्थल से उन्हें कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है जिससे मौत की वजह का पता चल पाए।

## मुफ्त आपरेशन के लिए आयुष्मान कार्ड लेकर भटक रहा मजदूर

● सीएचसी और पंचायत कार्यालय के चक्कर काटने के बावजूद समस्या बरकरार




**मोहनलालगंज।** हार्निया का मुफ्त आपरेशन कराने के लिए मोहनलालगंज में एक मजदूर आयुष्मान कार्ड लेकर सीएचसी और पंचायत कार्यालय के चक्कर काट रहा है। शिकायत दूर नहीं होने पर मंगलवार को पीड़ित फरियाद लेकर ब्लाक कार्यालय भी पहुंचा लेकिन बीडीओ की गैरमौजूदगी में उसे मायूस होकर वापस लौटना पड़ा। मोहनलालगंज के दयालपुर गांव निवासी रामफेर मजदूरी करके परिवार का गुजारा कर रहे हैं। अन्तोदय कार्डधारक रामफेर का अक्टूबर में पंचायत सहायक ने पंचायत कार्यालय बुलाकर आयुष्मान कार्ड बना दिया। सप्ताह भर पहले हार्निया की शिकायत बढ़ी तो रामफेर ने हरिकंशगढ़ी के निजी अस्पताल पहुंचकर डाक्टर को दिखाया। डाक्टर ने आपरेशन कराने की सलाह दी। रामफेर ने आयुष्मान कार्ड दिखाकर मुफ्त आपरेशन करने की गुजारिश की तो डाक्टर राजी हो गए। आपरेशन के लिए सभी जरुरी जांचें भी करा लीं लेकिन ऐन वक्त पर आयुष्मान कार्ड सिस्टम पर शो नहीं करने की समस्या बाधक बन गई। जिसके बाद से बीमार रामफेर आयुष्मान कार्ड लेकर मोहनलालगंज सीएचसी और पंचायत कार्यालय के चक्कर काट रहे हैं। सीएचसी में दो दिन से लगातार चक्कर लगाने के बाद भी आयुष्मान मित्र से उनकी मुलाकात नहीं हो सकी। जबकि पंचायत सहायक के तमाम प्रयासों के बावजूद भी रामफेर की समस्या का निदान नहीं हो सका है। मंगलवार को पीड़ित रामफेर ने पंचायत सचिव को परेशानी बताने के साथ ही फरियाद लेकर ब्लाक कार्यालय भी पहुंचे लेकिन उन्हें बीडीओ नहीं मिल सकीं। पायनियर संवाददाता से बातचीत में रामफेर ने बताया बीमारी से कुछ कदम चलना भी मुश्किल है लेकिन आर्थिक तंगी से आपरेशन कराने के लिए पैसों का इंतजाम नहीं हो पा रहा है। जबकि आयुष्मान कार्ड शो नहीं करने से मुफ्त आपरेशन की सुविधा नहीं मिल पा रही है। बीडीओ पूजा सिंह ने बताया मामले की जानकारी नहीं है। आयुष्मान कार्डधारक की समस्या का निदान कराया जाएगा। ताकि उन्हें मुफ्त आपरेशन की सुविधा मिल सके।

## सीबीसीआईडी का सर्विलांस व साइबर सेल होगा और अधिक अपग्रेड

● प्रमुख सचिव गृह ने गुणवत्तापरक विवेचना सुनिश्चित किए जाने के लिए हर संभव प्रयास करने के दिए निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ** के निर्देश पर प्रदेश की अपराध शाखा, अनुसंधान विभाग (सीबीसीआईडी) की कार्यप्रणाली को और अधिक चुस्त–दुरूस्त बनाते हुए उसे और अधिक साधन सम्पन्न बनाया गया है। उसे नवीनतम तकनीकों से लैस किया गया है ताकि इस विभाग द्वारा की जाने वाली विवेचना एवं जांच संबंधी कार्यों में और अधिक गुणवत्ता का समावेश किया जा सके और अपराधियों को अधिकतम सजा दिलाई जा सके। सीबीसीआईडी के अन्तर्गत सर्विलांस सेल का गठन किया गया है। इसके माध्यम से आपराधिक घटनाओं एवं विवेचनाओं के अनावरण के लिए काल डिटेल्स एवं लोकेशन संबंधी जानकारी प्राप्त की जा रही है। संदिग्ध मोबाइल नंबरों तथा व्हाट्सएप कॉल से संबंधित डाटा एनॉलिसिस की व्यवस्था सुनिश्चित की गयी है। इसके साथ ही इंटरनेट प्रोटोकॉल डाटा रिकाड्र्स (आईपीडीआर) डेटा एनॉलिसिस तथा कॉल डायवर्जन समान्तर लिसनिंग की सुविधा भी सर्विलांस सेल को उपलब्ध कराई गई है।

प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद ने मंगलवार को लोक भवन स्थित कमांड सेंटर में हुई एक उच्च स्तरीय बैठक में उक्त जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस सर्विलांस सेल को और अधिक अपग्रेड किए जाने संबंधी कार्य योजना भी तैयार कराई गयी है। इसके तहत सीडीआर एनॉलिसिस साफ्टवेयर, आप्टिकल फाइबर नेटवर्क सहित अत्याधुनिक इंटरनेट सुविधा, समान्तर लिसिनिंग के लिए व्यवस्था सहित अन्य सभी जरूरी उपकरण व संसाधन उपलब्ध कराए जाने पर विचार किया जा रहा है। सीबीसीआईडी के अन्तर्गत साइबर सेल की स्थापना भी कराई गई है। जिसकी मदद से साइबर अपराधों संबंधी विवेचनाओं के अनावरण, साइबर मार्फिंग व साइबर स्टॉकिंग संबंधी तथ्यों की जांच की कार्रवाई की जा रही है। इसके माध्यम से सन्दर्भित विवेचना के मध्य आए फिशिंग व आईडेन्टिटी थेफ्ट संबंधी तथ्यों की जांच व घटना में प्रयोग किए गए मोबाइल व लैपटॉप आदि का परीक्षण किए जाने की व्यवस्था की गई है। उन्होंने यह भी बताया कि शासन द्वारा साइबर सेल को और अधिक अत्याधुनिक संसाधन व जरूरी अन्य उपकरणों आदि की व्यवस्था भी की जाएगी।

स्मार्ट मैनेजमेंट सिस्टम के तहत सर्वर आधारित साफ्टवेयर की व्यवस्था सीबीसीआईडी में की गई है। जिसके माध्यम से विभाग के अभिलेखों एवं पत्रावलियों का डिजिटाइजेशन किया जा रहा है तथा इसका एक्सेस सेक्टर कार्यालयों व मुख्यालयों दोनों को उपलब्ध है। इस सिस्टम के माध्यम से संबंधित अधिकारियों को उपलब्ध कराए गए पासवर्ड के माध्यम से विभिन्न रैंक के पर्यवेक्षण अधिकारियों द्वारा विवेचना व जांच की गुणवत्ता सुनिश्चित की जा रही है।

एसएमएस साफ्टवेयर के माध्यम से रियल टाइम विवेचना संबंधी 10 दिवसीय एक्शन प्लान, 30 दिवसीय मासिक प्रगति आख्या एवं अंतिम स्तर पर डीएफ आर आदि के निर्धारित समय में प्रेषित किए जाने संबंधी तथ्यों को अपग्रेड किए जाने की कार्रवाई प्रचलित है। उन्होंने यह भी बताया कि इस प्रणाली को और अधिक अद्यावधिक बनाए जाने की दिशा में भी कार्रवाई प्रचलित है।

प्रमुख सचिव गृह ने सीबीसीआईडी की गुणवत्तापरक विवेचना सुनिश्चित किए जाने के लिए हर संभव प्रयास करने एवं प्रभावी पर्यवेक्षण के भी निर्देश दिए हैं। सीबीसीआईडी के सभी 9 सेक्टरों द्वारा किए जा रहे कार्यो में हुई प्रगति की गहन समीक्षा की गई है। चार्जशीट वाले प्रकरणों में अपराधियों को अधिकतम सजा दिलए जाने के लिये भी गम्भीरता से प्रयास किए जाने के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया है। कभी–कभी घटना घटित होने के लम्बे समय के बाद विवेचना सीबीसीआईडी को मिलने के कारण फ रेंसिक साक्ष्य जुटाने में कठिनाई आती है किन्तु उसके बावजूद भी उपलब्ध साक्ष्यों एवं अभिलेखों आदि के आधार पर पूरी पारदर्शिता के साथ विवेचनाओं की गुणवत्ता सुनिश्चित करते हुए उनका निस्तारण किया जाता है।

# देश में सर्वश्रेष्ठ मानकों पर कार्य कर रहा होमगार्ड्स विभाग: सीएम

**● मुख्यमंत्री आवास पर होमगार्ड्स दिवस-2022 आयोजित**

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि होमगार्ड्स विभाग देश में सर्वश्रेष्ठ मानकों पर कार्य कर रहा है। प्रदेश सरकार होमगार्ड्स के जवानों के हितों एवं उनकी बेहतरी के लिए कृतसंकल्पित है। प्रदेश में लगभग 82 हजार होमगार्ड्स जवान कार्यरत हैं। उन्होंने कहा कि होमगार्ड्स के जवान अपनी नियमित ड्यूटी के साथ-साथ सामाजिक कार्यों, गंगा की स्वच्छता, अमृत सरोवरों एवं वृक्षारोपण से सम्बन्धित कार्यों में अपनी भूमिका का निर्वहन कर रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यह बात मंगलवार को अपने सरकारी आवास पर होमगार्ड्स दिवस-2022 के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में कही। इस अवसर पर होमगार्ड्स एवं कारागार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मवीर प्रजापति एवं विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों ने मुख्यमंत्री जी को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। साथ ही, होमगार्ड्स विभाग की प्रगति के सम्बन्ध में मुख्यमंत्री जी को अवगत कराया गया।

मुख्यमंत्री ने प्रदेश के सभी होमगार्ड्स, स्वयंसेवकों व अधिकारियों को होमगार्ड्स दिवस के अवसर पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रत्येक वर्ष 06 दिसम्बर को होमगार्ड्स संगठन का स्थापना दिवस मनाया जाता है। होमगार्ड्स संगठन का गठन 6 दिसम्बर, 1962 को हुआ था। 60 वर्ष पूरा होने के अवसर पर यह संगठन पूरे हर्षोल्लास के साथ अपनी हीरक जयन्ती (डायमण्ड जुबली) मना रहा है। इस अवसर पर होमगार्ड्स एवं कारागार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मवीर प्रजापति ने मुख्यमंत्री को अवगत कराया कि होमगार्ड्स के जवानों ने चुनाव के दौरान न केवल प्रदेश में बल्कि अन्य राज्यों में भी अपनी भूमिका का प्रभावी निर्वहन किया है। उत्तर प्रदेश होमगार्ड्स के जवानों के द्वारा हिमाचल प्रदेश, राजस्थान, मध्य प्रदेश एवं दिल्ली सहित अन्य राज्यों के चुनाव के निष्पादन में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। प्रदेश के सर्वाधिक कम्प्यूटरीकृत विभागों में से एक होमगार्ड्स विभाग का सर्वाधिक डिजिटिलाइजेशन हुआ है। होमगार्ड्स को ड्यूटी का आवंटन तथा उनके सभी भुगतान ऑनलाइन किए जा रहे हैं।

इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव होमगार्ड्स अनिल कुमार, कमाण्डेण्ट जनरल होमगार्ड्स विजय कुमार मौर्य, डिप्टी कमांडेंट जनरल विवेक कुमार सिंह, महानिरीक्षक धर्मवीर, निदेशक सूचना शिशिर सहित होमगार्ड्स विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। इसके साथ ही होमगार्ड्स मुख्यालय में आयोजित हीरक जयंती समारोह में मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने होमगार्ड्स विभाग के अधिकारियों एवं होमगाड्र्स जवानों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा हमारे होमगार्ड्स जवान प्रदेश की शांति व्यवस्था एवं सौहार्द कायम करने में अपना बहुमूल्य योगदान देते हैं। हीरक जयंती समारोह पर होमगाड्र्स मुख्यालय के प्रांगण में विभाग के पुलिस महानिदेशक विजय कुमार मौर्य ने विभागीय यूनिट फ्लैग होस्टिंग (ध्वाजारोहण) कार्यक्रम में भाग लिया। इस अवसर पर सशस्त्र गार्ड द्वारा उन्हें भव्य सलामी दी गयी। इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक होमगाड्र्स ने विभाग के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों को हीरक जयंती वर्षगांठ की हार्दिक शुभकामनाएं दी। उन्होंने होमगाड्र्स विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों द्वारा अपने नियत दायित्वों के अतिरिक्त सामाजिक सरोकार के कार्यो में बढ़-चढ़ कर भाग लेने की सराहना की। साथ ही होमगाड्र्स के प्रशिक्षण व टर्नआउट को और बेहतर बनाये जाने की आवश्यकता पर भी बल दिया।

# परिवहन निगम की बसों में डिजिटल माध्यम से टिकट भुगतान की सुविधा लागू

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** के परिवहन राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार दयाशंकर सिंह ने परिवहन विभाग व निगम के अधिकारियों के साथ विभागीय बैठक की। उन्होंने कहा कि परिवहन निगम द्वारा डिजिटल माध्यम से टिकट भुगतान प्राप्त करने के लिए अग्रिम पहल करते हुए निगम की बसो में यात्रारत यात्रियों को अब टिकट मूल्य भुगतान के लिए क्यूआरकोड आधारित यूपीआई माध्यम से टिकट लेने की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। यात्री किसी भी यूपीआई एप यथा पेटीएम, गूगल-पे, फोन-पे, भीम इत्यादि के माध्यम से निगम बसों में टिकट ले सकेगें।

दयाशंकर सिंह ने कहा कि इस प्रणाली के लिए परिवहन निगम की समस्त बसों में एन्ड्रोएड आधारित आधुनिक टिकटिंग मशीनें परिचालकों को उपलब्ध कराई गई है। इन टिकटिंग मशीनों में यूपीआई विकल्प उपलब्ध है, जिसका प्रयोग करने पर टिकटिंग मशीन की स्क्रीन पर एक डायनमिक क्यूआर कोड डिस्प्ले होता है। यात्री अपने मोबाइल फोन की पेमेंट एप के माध्यम से स्कैन कर भुगतान कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि परिवहन निगम द्वारा इस प्रणाली का सफलतापूर्वक पायलेट टेस्ट करने के उपरान्त सम्पूर्ण प्रदेश की निगम बसों में यह व्यवस्था आज मंगलवार से प्रभावी की जा रही है। सिंह ने कहा कि इस सुविधा के लागू होने पर परिवहन निगम की बसों के परिचालकों को भी यूपीआई माध्यम प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया जाएगा। जिसके अन्तर्गत परिवहन निगम के प्रत्येक क्षेत्र के टाप-3 यूपीआई के माध्यम से किराया लेने वाले परिचालकों को विशेष पुरस्कार से सम्मानित करने की योजना बनाई गई है। उन्होंने कहा कि विशेष प्रोत्साहन योजना आगामी 15 दिवस में निगम बसों में लागू की जाएगी।

# बेसिक कैंसर स्क्रीनिंग जिला अस्पताल स्तर पर शुरू की जानी चाहिए: मुख्य सचिव



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्य** सचिव दुर्गा शंकर मिश्र की अध्यक्षता में कल्याण सिंह सुपर स्पेशलिटी कैंसर संस्थान की शासी निकाय की 9वीं बैठक आयोजित की गई। अपने संबोधन में मुख्य सचिव ने कहा कि बेसिक कैंसर स्क्रीनिंग जिला अस्पताल स्तर पर शुरू की जानी चाहिए। इसके लिये उन्होंने प्रोफेसर आरके धीमान को एसओपी तैयार करने के निर्देश दिये। एसओपी में इसके दिशा-निर्देश, कार्यान्वयन और प्रशिक्षण को शामिल किया जाये। उन्होंने कैंसर देखभाल में प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए टेलीमेडिसिन सेवाओं के बारे में भी जोर दिया।

बैठक में डॉ. बडवे, निदेशक टीएमएच मुंबई और डॉ. पंकज चतुर्वेदी उप निदेशक टीएमएच को दो नए जीबी सदस्यों के रूप में शामिल करने, फैकल्टी ऑर्गनोग्राम संशोधन, पीडीसीसी पाठ्यक्रम शुरू करने, कंप्यूटर आधारित ऑनलाइन परीक्षण एजेंसी की भर्ती सहित विभिन्न एजेंडा मदों पर चर्चा और विचार-विमर्श किया गया। जीबी सदस्यों को पेटेंट सेल की शुरुआत और अन्य अनुसंधान गतिविधियों के बारे में बताया गया।

बैठक में प्रमुख सचिव चिकित्सा शिक्षा आलोक कुमार, महानिदेशक चिकित्सा शिक्षा, विशेष सचिव वित्त सहित निदेशक आर के धीमान, डॉ रजनी सरीन, डॉ राम कपूर, भानु प्रताप सिंह, सीएमएस प्रोफेसर अनुपम वर्मा, रजिस्ट्रार डॉ असीम रशीद, डॉ शरद शामिल थे. सिंह, डॉ. एस. प्रिया और वित्त अधिकारी आलोक चौधरी शामिल हैं। टीएमएच मुंबई के निदेशक और उप निदेशक ने ऑनलाइन मोड के माध्यम से भाग लिया। इसके अलावा मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र की अध्यक्षता में वाराणसी कैंट से गोदौलिया चौक तक रोप-वे के विकास के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। अपने संबोधन में मुख्य सचिव ने अधिकारियों से कहा कि रोपवे परियोजना की समस्त औपचारिकतायें पूरी कराते हुये आगामी मार्च, 2023 कार्य शुरू करा दिया जाये। इस कार्य के लिए उन्होंने मण्डलायुक्त वाराणसी को नोडल अधिकारी नामित किया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में विकास का एक नया अध्याय जुड़ने जा रहा है। यह हर्ष की बात है कि पब्लिक ट्रांसपोर्ट के रूप में रोपवे सेवा शुरू करने वाला पहला भारतीय शहर बनने जा रहा है। दुनिया भर से बनारस आने वाले नागरिकों को अब भीड़भाड़ वाले इलाके कैंट स्टेशन से गोदौलिया तक के सफर के लिए रोपवे की सुविधा मिलेगी।

बैठक में बताया गया कि वाराणसी कैंट रेलवे स्टेशन से गोदौलिया चौक तक लगभग 3.850 किमी लंबे रोप-वे का निर्माण किया जायेगा। इसमें पांच स्टेशन-वाराणसी कैंट, विद्यापीठ, रथ यात्रा, गिरिजा घर, गोदौलिया चौक स्टेशन बनाये जायेंगे। इस परियोजना के निर्माण के लिये मेसर्स विश्व समुद्र इंजीनियरिंग प्राइवेट लिमिटेड का चयन किया गया है।

# अब प्राधिकरणों में निर्माण कार्य की गुणवत्ता परखेगी टीएसी टीम

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**● मनमानी पर लगेगी लगाम, शिकायतों को होगा पारदर्शी तरीके से निस्तारण**

**औद्योगिक** विकास प्राधिकरण की मनमानी नहीं चल पाएगी। सरकार ने प्राधिकरणों में निर्माण कार्य की गुणवत्ता जांचने के लिए कानपुर स्थित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान के सिविल अभियांत्रिकी विभाग के संकाय सदस्यों की एक टीएसी टीम का गठन किया गया है जो भ्रष्टाचार की शिकायतों पर जनपद व प्रदेश के सभी प्राधिकरण में गुणवत्ता की जांच करेगी। एक स्वायत्तशासी संस्था होती है जिसके अपने नियम होते हैं लेकिन विगत कई वर्षों से देखने में आ रहा था कि प्राधिकरणों द्वारा निर्माण कार्यों में गुणवत्ताविहीन कार्य किए जाने की निरंतर शिकायतें आ रही थी लेकिन सबसे बड़ी दिक्कत थी कि जांच भी उन्हीं अधिकारियों द्वारा की जाती थी जो इसके निर्माण कार्य के लिए जिम्मेदार होते थे। इस विसंगति को देखते हुए जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह ने विधानसभा से लेकर मुख्यमंत्री कार्यालय और औद्योगिक विकास विभाग में निरंतर 4 साल पैरवी करते हुए उन लोगों पर लगाम लगाए जाने के लिएए एक अहम निर्णय कराए जाने में सफलता हासिल की है। अगर प्राधिकरण द्वारा निर्माण कार्यों में भ्रष्टाचार और गुणवत्ता से खिलवाड़ किया जाएगा तो उसके लिए अब राज्य स्तर से अन्य विभागों की भांति एसआईटी टीम द्वारा जांच किए जाने का प्रावधान एक शासनादेश के माध्यम से कर दिया गया है।

धीरेंद्र सिंह ने बताया कि यद्यपि प्राधिकरण की स्थापना कई वर्ष पूर्व हुई थी लेकिन मनमानी के चलते अधिकारियों का एक बड़ा समूह ऐसा नहीं चाहता था कि उनके प्राधिकरण में कोई राज्यस्तरीय हस्तक्षेप हो लेकिन निरंतर जनता की शिकायतें और गुणवत्ता के साथ खिलवाड़ की शिकायतों के मद्देनजर इसकी पैरवी की गई। मेरे प्रस्ताव को सरकार और शासन ने मानते हुए उन भ्रष्ट अधिकारियों पर लगाम लगाई है जो निरंतर निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से खिलवाड़ तो कर रहे थे लेकिन उनके ऊपर राज्य स्तर से कोई लगाम नहीं थी। उन्होंने बताया कि सर्वप्रथम वर्ष 2018 में एक सवाल के माध्यम से विधानसभा में इस मुद्दे को उठाया गया था। शासन द्वारा शासनादेश के माध्यम से कानपुर स्थित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान के सिविल अभियांत्रिकी विभाग के संकाय सदस्यों की एक टीएसी टीम का गठन किया गया है जो भ्रष्टाचार की शिकायतों पर जनपद व प्रदेश के सभी प्राधिकरण में गुणवत्ता की जांच करेगी।

# लखनऊ के प्रथम नगर प्रमुख बाबू राजकुमार की मनाई गई पुण्य तिथि



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** की राजधानी लखनऊ के प्रथम नगर प्रमुख (महापौर) रहे बाबू राजकुमार श्रीवास्तव की पुण्य तिथि मंगलवार को महानगर में सादगी से मनाई गई। इस मौके पर बाबू राजकुमार श्रीवास्तव के चित्र पर माल्यापर्ण कर उन्हें स्मरण किया गया। इस अवसर पर जे पी सिंह अध्यक्ष संस्कृत भारतीन्यास अवधप्रान्त ने प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। बाबू राजकुमार के नाती अनिकेत राज, रवींद्र काचरू, शरद श्रीवास्तव, गिरीश जोशी, विश्वनाथ, संजीव पाण्डेय अधिवक्ता, पी के श्रीवास्तव, पुष्किन श्रीवास्तव, उमाकांत श्रीवास्तव, केशव श्रीवास्तव, मदन श्रीवास्तव ने भी माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। इस मौके पर समाज से जुड़ कर जन कल्याण व नगर को विकसित करने मे उनके योगदान को याद किया गया। ट्रांस गोमती लखनऊ क्षेत्र को विस्तार एवं विकास मे उनकी महत्वपूर्ण भूमिका पर भी उनके दृष्टिकोण को सराहा गया। इस मौके पर जेपी सिंह ने बताया कि पद्मश्री एससी राय नगर प्रमुख के प्रयास से महानगर मे इस चौराहे पर बाबू राजकुमार की प्रतिमा स्थापित कर चौराहे को बाबू राजकुमार चौराहे का नाम प्रदान किया गया।

# अंबेडकर के विचार आज भी प्रासंगिक: दानिश आजाद

**आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत नवयुग कन्या महाविद्यालय में संगोष्ठी आयोजित**

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**आजादी** के अमृत महोत्सव के अंतर्गत नवयुग कन्या महाविद्यालय राजेंद्र नगर के राष्ट्रीय सेवा योजना एवं अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के संयुक्त तत्वाधान में बाबा भीमराव अंबेडकर के 63 वें परिनिर्वाण दिवस के अवसर पर सामाजिक समरसता दिवस पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी की अध्यक्षता प्राचार्य प्रोफेसर मंजुला उपाध्याय ने किया। इस मौके पर प्राचार्य द्वारा आए हुए अतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ सर्वप्रथम दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती मां की प्रतिमा पर तथा संविधान शिल्पी बाबा भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुआ। कार्यक्रम का प्रारंभ राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य गीत तथा वंदे मातरम से किया गया संगोष्ठी के मुख्य अतिथि अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री दानिश आजाद अंसारी रहे। इस मौके पर मंत्री दानिश अंसारी ने छात्राओं को बाबा अंबेडकर के विचारों से अवगत कराया तथा युवा वर्ग का आवाहन किया कि बाबा भीमराव अंबेडकर के विचारों को हम लोग तभी सार्थक कर सकते हैं जब उनके बताए हुए मार्ग पर हम चलेंगे और तभी समाज में समरसता भी स्थापित हो सकती हौं उन्होंने कहा कि जिस ओर जवानी चलती है। उस ओर जमाना चलता है इस संकल्प के साथ हम लोगों को आगे बढ़ना है, और समाज में एक नए प्रतिमान स्थापित करना है समाज सुधार डॉक्टर अंबेडकर की पहली प्राथमिकता थी। संगोष्ठी के मुख्य वक्ता राष्ट्र धर्म के निदेशक मनोज कांत ने कहा कि समाज का सबसे पीछे बैठा हुआ व्यक्ति जो है उसके जीवन में परिवर्तन दिखना चाहिए इस संकल्प को लेकर बाबा साहब ने संविधान निर्माण का कार्य किया। इस संगोष्ठी के विशिष्ट वक्ता क्षेत्रीय संगठन मंत्री अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के घनश्याम साही ने कहा कि अंबेडकर स्वतंत्रता समानता और भाईचारा तथा सर्वधर्म समभाव के सम्पोषक थे। अंबेडकर के विचारों को पूरी तरह से आत्मसात कर लेना ही बाबा साहब के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का तृतीय एक दिवसीय शिविर का द्वितीय सत्र भोजन उपरांत प्रारंभ हुआ इस सत्र में बाबा भीमराव अंबेडकर पर पोस्टर प्रतियोगिता एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया तथा जिसमें पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान आयुषी को मिल। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान काजल अवस्थी को मिला तथा द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त प्रतिभागियों को भी प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर प्रांत संगठन मंत्री सत्यम मिश्रा बीएसएनवी पीजी कॉलेज से डॉ मंजुल त्रिवेदी तथा प्रोफेसर ए के पांडे और राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम इकाई की कार्यक्रम अधिकारी ऐश्वर्या सिंह द्वितीय इकाई की कार्यक्रम अधिकारी डॉ नेहा अग्रवाल तृतीय इकाई की कार्यक्रम अधिकारी डॉ वंदना द्विवेदी तथा चतुर्थ इकाई की कार्यक्रम अधिकारी डॉ प्रतिमा घोष उपस्थित रही।

# कारोबारी से मवैया ओवर ब्रिज पर असलहे के बल पर लाखों की लूट

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राजधानी** के आलमबाग इलाके में बाइक सवार बदमाशों ने स्कूटी से जा रहे एक व्यापारी से असलहा के बल पर नोटों से भरा बैग छीन लिया और फरार हो गया सूचना मिलते ही पुलिस बल मौके पर पहुंचा और जांच-पड़ताल के बाद सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बदमाशों की तलाश शुरू कर दी पुलिस का कहना है की बैग में कितना रुपया था यह बात व्यापारी अभी नहीं बता पाया है फिलहाल मामले की जांच की जा रही है। बंगला बाजार थाना आशियाना निवासी कारोबारी नीरज गुप्ता ने पुलिस को बताया कि आज वह अपनी स्कूटी से यही या गंज जा रहे थे जैसे ही आलमबाग स्थित मवैया और ब्रिज पर पहुंचे तभी बाइक सवार दो बदमाश आए और असलहा दिखाकर उनके पास मौजूद नोटों से भरा बैग छीन लिया और असलहा लहराते हुए फरार हो गए इन्होंने गजतना की सूचना पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस को ने इनके द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और जांच शुरू कर दी गयी है।

# देश के गरीबों, दलितों व पिछड़ों के न्याय व हक की उपेक्षा तत्काल बंद हो: मायावती

**● डॉ. अंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर बसपा अध्यक्ष ने अर्पित किए श्रद्धासुमन**

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**उत्तर** प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री व बसपा अध्यक्ष मायावती ने सत्ता पर उन शक्तियों के हावी हो जाने पर गहरी चिन्ता व्यक्त की जो अपने संकीर्ण राजनीतिक एवं चुनावी स्वार्थ की खातिर संविधान व बाबा साहब का सहारा तो लेते नहीं थकते हैं किन्तु संविधान की असली मंशा के विरुद्ध देशवासियों के वास्तविक हित व कल्याण के मामले में धन्नासेठों के हाथों में खेलकर उनकी घोर अवहेलना करने की नीति पर चलते हैं। उन्होंने कहा कि इसीलिए केन्द्र व यूपी की सरकार भी अपनी सभी प्रकार के द्वेषपूर्ण व असमावेषी नीति, व्यवहार एवं अहंकार आदि को त्यागकर संविधान की मंशा के प्रति ईमानदार व समर्पित होकर काम करके लोगों को यहां व्याप्त जबरदस्त गरीबी, बेरोजगारी एवं महंगाई से मुक्ति दिलाने को प्राथमिकता दे। यही संविधान का सम्मान व इसके निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। मायावती मंगलवार को डॉ. अंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर बसपा के प्रदेश कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने इससे पूर्व डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि कर श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस मौके पर उन्होंने कहा कि गरीबों, दलितों, पिछड़ों, अक्लियतों के हक व न्याय की उपेक्षा तत्काल बंद हो क्योंकि अति मानवतावादी व कल्याणकारी संविधान पर पूरी निष्ठा व ईमानदारी के साथ अमल नहीं होने के कारण ही देश के करोड़ों गरीब, मजदूर, मजलूम किसान तथा अन्य मेहनतकश समाज की उपेक्षा व तिरस्कार लगातार जारी है, उनके अच्छे दिन कब आएंगे। अम्बेडकर के समतामूलक व कल्याणकारी संविधान व उसके मानवीय मूल्यों के रक्षा व संघर्ष की शपथ सभी को बार-बार लेते रहने की जरूरत है तथा उनके बताए हुए लोकतांत्रिक रास्ते से सत्ता की मास्टर चाबी प्राप्त करके मूल समस्या का समाधान निकालना होगा।

मायावती ने कहा कि निश्चय ही आज बाबा साहब के परिनिर्वाण दिवस पर देश के लोगों की ज्वलन्त समस्याओं से जुड़ी ऐसी खुस बातें जरूरी हैं क्योंकि संविधान को उसकी असली जनहितैषी मंशा व प्रावधानों के हिसाब से लागू नहीं किया जाना दुखद व दुर्भाग्यपूर्ण है। इस कारण देशवासियों की दशा व दिशा लगातार अति दुखद व चिन्तनीय बनी हुई है, जिसमें गरीब, मजलूम व दबे-कुचले समाज के लोगों की संख्या सर्वाधिक है। इस विशाल बहुजनों की दयनीय दशा के लिए यहां की सत्ता पर काबिज सरकार की गलत नीति व कार्यकलाप ही अगर जिम्मेदार नहीं हैं तो फिर और कौन कसूरवार है।

# दलित समाज की दशा-दिशा सुधारने के लिए अथक प्रयास किया: खाबरी

**● प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में डॉ. अंबेडकर की पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि**

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** कांग्रेस अध्यक्ष बृजलाल खाबरी ने बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर को नमन करते हुए कहा कि समाज में दलित, शोषित, वंचित तबके के लोगों को समानता का अधिकार दिलाने के लिए संघर्ष किया। उन्होंने दलित समाज की दशा एवं दिशा को सुधारने के लिए अथक प्रयास किया। उन्होंने समाज को शिक्षित एवं संगठित करने पर जोर दिया। उन्होंने दलित बौद्ध आन्दोलनों को प्रेरित किया और अछूतों (दलितों) से सामाजिक भेदभाव के विरुद्ध अभियान चलाया और श्रमिकों, किसानों और महिलाओं के अधिकारों का समर्थन किया। खाबरी मंगलवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में डॉ. अंबेडकर की पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित कर रहे थे। खाबरी तथा प्रांतीय अध्यक्ष नकुल दुबे सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं ने बाबा साहब को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए उन्हें नमन किया। खाबरी ने अपने संबोधन में कहा कि बाबा साहब द्वारा बनाए गए संविधान में नागरिकों के लिए नागरिक स्वतंत्रता की एक विस्तृत श्रृखंला के लिए संवैधानकि गारंटी और सुरक्षा प्रदान कराई।

# एक व्यक्ति एक मत का विधान भी बाबा साहब की देन: अखिलेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर की स्मृति को नमन करते हुए कहा कि डॉ. अंबेडकर भारतीय संविधान के निर्माता एवं महान समाज सुधारक के रूप में हमेशा याद किए जाएंगे। उनके प्रयत्नों से ही समाज के एक बड़े वंचित वर्ग को आरक्षण तथा अन्य सुविधाएं मिली। डॉ. साहेब ने सामाजिक भेदभाव के विरुद्ध अभियान चलाया था। उन्होंने किसानों, श्रमिकों और महिलाओं के अधिकारों का भरपूर समर्थन किया और संविधान में भी उनके लिए उचित व्यवस्थाएं की। एक व्यक्ति एक मत का विधान भी उनकी देन है।

मंगलवार को पार्टी मुख्यालय में डॉ. अंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। अखिलेश यादव की ओर से पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी तथा प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल ने श्रद्धासुमन अर्पित किए। अखिलेश यादव ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर ने सामाजिक रूप से उपेक्षित वर्ग के हितों का विशेष ध्यान रखा था। इसीलिए संविधान में शाब्दिक या कृत्य से उनको आहत करने पर दंड का विधान रखा था। सामाजिक नफरत और भेदभाव के खिलाफ भी उन्होंने चेतावनी दी थी और कहा था कि लोकतंत्र की सुरक्षा सभी के अधिकारों के सम्मान से ही हो सकती है।

# प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक– 06.12.2022

## आवश्यक सूचना

भारतीय खाद्य निगम डिपो, गोण्डा के सभी बहुप्रतीक्षित श्रमिकों को सूचित किया जाता है कि श्रमिक / याचिकाकर्त्ता को "नो वर्क नो पे सिस्टम" में कार्य पर लगाये जाने की सहमति प्रदान की गयी, परन्तु इसके बावजूद भी कार्य पर नहीं लगाया गया, क्रिमिनल सिविल वाद संख्या–1412 रिट (सी) / 1999 दिनांक–08.01.2001 उच्च न्यायालय सिविल डिवीजन नं0–149 / 2008 मनीराम बनाम सिविल जज सी0डी0 एवम् पारित आदेश दिनांक 24.10.2008 में को भी स्पष्ट निर्देश दिया गया था कि बाजारू लेबर को कार्य पर न लगाया जाये।
भारत सरकार द्वारा जारी गजट नोटिफिकेशन 23.04.2010 में स्पष्ट निर्देश दिया गया कि संविदाकर्मी की नियुक्ति पर प्रतिबन्ध लगा दिया गया है और यह भी कहा गया है कि इसके पूर्व 3 वर्ष से कार्यरत श्रमिकों की सेवा को नियमित कर दिया जाये। इस रोक के बावजूद भी विभाग द्वारा बाजारू श्रमिकों / याचिकाकर्त्ताओं को डिपो गोण्डा में कार्य पर लगा लिये गए हैं, जिसमें वैभव ट्रेडर्स के रूप में लाइसेन्स को जारी किया गया था। उक्त लाइसेन्स को आर0एम0सी0 द्वारा 23.04.2010 को निरस्त कर दिया गया और कहा गया कि मनीराम यादव (लेबरमेट) के साथ समस्त श्रमिकों / याचिकाकर्त्ताओं को कार्य पर लिया जाये। माननीय उच्च न्यायालय के आदेश दिनांक 18.10.2008, 24.10.2008, 18.11.2008 एवम् 02.08.2019 के परिप्रेक्ष्य में विभाग द्वारा टेण्डर प्रक्रिया स्थगित कर दी गयी है, जिसके बावजूद भी वैभव ट्रेडर्स के श्रमिकों से कार्य लिया जा रहा है जो कि अवैध है।
माननीय उच्च न्यायालय के रिट पिटीशन संख्या–3783 / 1999, 4170 / 99, 4841 / 2014 के श्रमिकों को कार्यभार ग्रहण कराने हेतु उच्चस्तरीय कमेटी का गठन कर कार्यभार ग्रहण कराये जाने हेतु अनुमोदन भारतीय खाद्य निगम, मुख्यालय नई दिल्ली में कार्यरत बोर्ड के द्वारा भारतीय खाद्य निगम, डिपो–गोण्डा, सुल्तानपुर व प्रतापगढ़ को अनुउपलब्ध है। बोर्ड द्वारा अनुमोदन उपलब्ध होते ही गोण्डा व सुल्तानपुर, प्रतापगढ़ के बहुप्रतीक्षित श्रमिकों / याचिकाकर्त्ता का कार्यभार ग्रहण कराया जायेगा।
भारतीय खाद्य निगम, गोण्डा डिपो में रिट संख्या–3783 / 1999, 4170 / 1999, 4841 / 2014 श्रमिकों / याचिकाकर्त्ता की सूची निम्नवत् है :–

| नाम | पिता / पति का नाम |
|---|---|
| मनीराम यादव | दयाराम |
| राम आशीष | बेपत |
| छंगू लाल | राम आनन्द |
| मंशा राम | बईपत |
| इन्द्रबली | गुरूचन |
| मनोज कुमार | राजबली |
| राधेश्याम | बलदेव |
| राज सरोज | दयाराम |
| राम प्रसाद | राम लौटन |
| वंशराज | राम लौटन |
| सूरज | मंशाराम |
| शिव प्रसाद | राम नीहोर |
| लाल चन्द्र | दयाराम |
| पंच | राम आनन्द |
| दीपचन्द | राम प्रसाद |
| दिनेश कुमार | राजाराम |
| श्रवण कुमार | रामकेदार |
| राम सुन्दर | रामकेदार |
| राम दवन पाल | भगवानदीन |
| त्रिभूवन | राम नारायण |
| मेवा लाल | वंशराज |
| राधेश्याम | वंशराज |
| राजेश कुमार | इन्द्रराज |
| प्रेम चन्द्र | दयाराम |
| जवाहर लाल | रामबलि |
| रामजीत | रामबलि |
| ओम प्रकाश | बुधई |
| राम बचन | बुधई |
| अच्छेलाल | जगदेव |
| जन्नू | दूधनाथ |
| राम अचल | दिलसिगार |
| बरसतू | हिखई |
| विजय कुमार | राम प्रसाद |
| राम बरन | मखी |
| सुभाष कुमार | राम सूरत |
| प्रेम यादव | बुद्धि राम |
| अरूण कुमार | हीरा लाल |
| विशाल | लालधर |
| रमेश | नागू प्रसाद |
| राम मिलन | परदेश |
| प्रदीप | राम सुन्दर |
| सौरभ | हरखाली |
| विवेक | राम नरेश |
| सुरेश कुमार | चंद्र पाल |
| जितेन्द्र | भोला प्रसाद |
| राहुल | राम आशीष |
| लाल जी | राम सुन्दर |
| दीपक शर्मा | मनिक लाल शर्मा |
| शैलन्द्र यादव | जनक राज |
| पंकज यादव | राम कृपाल यादव |
| अशोक कुमार यादव | विरेन्द्र यादव |
| विशाल | राम सरोज |
| ब्रिज भान यादव | शिव प्रसाद यादव |
| अमित | राम सरोज |
| धमेन्द्र | राम प्यारे |
| गीता देवी | स्व. हनुमान |
| राम प्रताप | हनुमान प्रसाद |
| बुद्धिराम | रामबलि |
| अरविन्द | वंशराज |
| अमरकेश | बुद्धि राम |
| संतोष | श्री राम |
| विजय पाल | राम मिलन |
| संजय वर्मा | हरि राम वर्मा |
| ब्रह्मदेव | राम मिलन |
| दिनेश | फयाराम |
| शशिकान्त शर्मा | राजेन्द्र शर्मा |
| चन्द्रमौली शर्मा | हरिराम |
| राजेश कुमार | शिव प्रसाद |
| सुशील चन्द्र | हरिराम |
| राम नरायन | आलगू प्रसाद |
| सुरेन्द्र कुमार | राम तेज |
| राम जतन | राम बुद्ध |
| शरद चन्द्र शर्मा | हरिराम शर्मा |
| कान्ता प्रसाद शर्मा | जमना प्रसाद शर्मा |
| शिवनाथ | शिव वरून |
| श्याम जी | गंगाराम |
| राजेन्द्र कुमार | राम जनम |
| कृपेन्द्र सिंह | गणेश सिंह |
| जगप्रसाद | मुनेश्वर |
| राकेश कुमार | मातादीन |
| हौसला प्रसाद | भगवती प्रसाद |
| प्रदीप कुमार | जयपाल |
| केसरी प्रसाद | श्याम लाल |
| प्रदीप कुमार | राधेश्याम |
| राम बाबू | निरंजन वर्मा |
| सोभाराम | राम कुमार |
| मणि मिश्रा | श्री अवधेश कुमार मिश्रा |
| अभिषेक कुमार | राम गुलाम |
| नीतिश कुमार | मथुरा प्रसाद |
| अनिल कुमार वर्मा | श्री रघुराज सिंह |
| संजय कुमार निगम | श्री जगदम्बा प्रसाद निगम |
| राम चन्द्र | पेमन |
| सचिन कुमार निगम | श्री जगदम्बा प्रसाद निगम |
| सुशील कुमार | मथुरा प्रसाद |
| हिमांशू श्रीवास्तव | गीता कृष्ण श्रीवास्तव |
| अवधेश कुमार | रमेश कुमार |
| जाहिद आलम अन्सारी | मुसाशिऊ अहमद अन्सारी |
| दिनेश कुमार | रामई |
| ओमकार | शिवराम |
| वशीउद्दीन | स्व. श्री रसाउद्दीन |
| मोहम्मद मुजाहिद अंसारी | मो0 तैय्यब |
| इन्द्रजीत | रामपाल |
| आशीष कुमार | रामगुलाम उर्फ परागीलाल |
| अजित कुमार | अमरेश कुमार |
| प्रदीप कुमार वर्मा | श्री स्व. सुन्दर लाल |
| अनुपम कुमार निगम | जगदम्बा प्रसाद निगम |
| अमर सिंह | जन्त्री प्रसाद |
| ऋषि कुमार | राजेश कुमार वर्मा |
| राम लखन | ब्रिज कुमार |
| मनोज कुमार | बाबू राम |
| दिनेश चन्द्र भारती | जयन्ती प्रसाद |
| सूरज कुमार | लाला राम |
| अशोक वर्मा | भगवती दीन वर्मा |
| समरजीत | राजा राम |
| दिलीप कुमार सरोज | नन्द लाल सरोज |
| जगलाल वर्मा | राधेश्याम वर्मा |
| पूनम पटेल | जगलाल वर्मा |
| मुकेश | राजाराम |
| उदयचन्द्र यादव | राजदेव यादव |
| राजेश कुमार | रामजी शर्मा |
| संतोष कुमार | छोटे लाल |
| सुभाष यादव | ओम प्रकाश |
| सुरित | जवाहर लाल |
| अमित कुमार मिश्रा | विजय प्रताप मिश्रा |
| ज्ञानेश कुमार | राम स्वार्थ सिंह |
| नीरज सिंह | प्रसिद्धी नाथ सिंह |
| विपिन कुमार सिंह | रामस्वार्थ सिंह |
| चन्द्र शेखर | अवधेश सिंह |
| अमर कुमार पाण्डेय | संतोष कुमार पाण्डेय |
| शरद द्विवेदी | प्रेम पति द्विवेदी |
| हरिशंकर | राज कुमार |
| अनिल कुमार | श्री कृष्ण |
| विजय कुमार | चंद्रिका प्रसाद |
| तिलक राम | चेंदा |
| संदीप कुमार | राजवीर सिंह |
| कुमर पाल सिंह | रवीन्द्र सिंह |
| ललित कुमार गौतम | देवी चरन गौतम |
| प्रीती यादव | संदीप कुमार |
| प्रवीन कुमार पंकज | सुरेश चन्द्र |
| गौरव प्रकाश | ओम प्रकाश |
| संजय कुमार | महावीर सिंह |
| प्रदीप कुमार | रामवीर सिंह |
| राकेश कुमार मीना | ठन्डीराम मीना |
| प्रदीप कुमार | अजव सिंह |
| मोहम्मद इब्राहिम अंसारी | मो0 तैय्यब |
| राजेस्वर सिंह | सूरत राम |
| भगत सिंह | रामवीर सिंह |
| जगदीश प्रसाद | रघुवरदयाल |
| रामनरायन | इतवारी लाल |
| राम अवतार | चन्द्रहंश |
| सुधीर कुमार | स्व0 राम मनोहर |
| रामू | स्व0 सीताराम |
| प्रदीप कुमार | वीरी सिंह |
| रूपेश कुमार शर्मा | महेन्द्र प्रसाद शर्मा |
| मुगेरी सिंह | प्रहलाद सिंह |
| सुमित सिरोही | मनवीर सिंह |
| भगवान सिंह | राम सेवक |
| राजेन्द्र सिंह | अर्जुन सिंह |
| अनिल कुमार | राम महेश |
| नरेन्द्र सिंह | भगवान सिंह |
| रामगोपाल | नैमी सिंह |
| धर्मेन्द्र कुमार | अर्जुन सिंह |
| रवीकान्त | निरोत्तम सिंह |
| सुभाष चन्द्र | उत्तम चन्द |
| पवन कुमार | अर्जुन सिंह |
| विजेन्द्र सिंह | सेवती लाल |
| सलित कुमार | सूरजपाल |
| अजय सिंह | अशोक कुमार यादव |
| कु0 प्रवेश | धर्मपाल सिंह |
| राघवेन्द्र सिंह | रामवीर सिंह |
| नीलेश | विजेन्द्र सिंह |
| कुमारी सुलेखा | प्रवीन कुमार पंकज |
| मनोज कुमार | ओमप्रकाश |
| प्रदीप तिवारी | हरीशंकर तिवारी |
| कौशल कुमार | नेम सिंह |

| नाम | पिता / पति का नाम |
|---|---|
| अनिल कुमार | डोरी लाल |
| रवीन्द्र कुमार | श्री कृष्ण |
| शिवदयाल | नेत्र पाल सिंह |
| योगेश कुमार | जसवंत सिंह |
| रवीकान्त | विनोद कुमार |
| आशुतोष | अशोक कुमार |
| अजय कुमार | राम खिलाड़ी |
| रतनेश कुमार | पूरन सिंह |
| शिवनेश कुमार | पूरन सिंह |
| वेद प्रकाश | पूरूषोत्तम सिंह |
| दीवा फातिमा | समीउद्दीन |
| गौरव कुमार | राम प्रकाश शर्मा |
| लक्ष्मी देवी | गौरव कुमार |
| राम निवास | जसवन्त सिंह |
| कु0 निशा रानी | निर्दोष प्रेमी |
| मनोरमा | पंकज राजपूत |
| अरविन्द कुमार | नत्थू सिंह |
| पंकज राजपूत | लटूरी सिंह |
| रजनेश कुमार | विनोद कुमार |
| हेमन्त कुमार | देवेन्द्र पाल सिंह |
| दौलत सिंह | अमर सिंह |
| कु0 प्रवीना | विनोद कुमार |
| अखेराम | नत्थू सिंह |
| कल्पना अस्थाना | लक्ष्मी शंकर अस्थाना |
| आलिया फातिमा | समीउद्दीन |
| जितेन्द्र कुमार | देवी सिंह |
| पप्पू | राम बाबू |
| कृष्णवीर | राम गोपाल |
| सत्य प्रकाश | नत्थी लाल |
| उपेन्द्र | रायसिंह |
| रामजीत | दुर्वीन सिंह |
| सचिन कुमार | जय नारायण |
| सतेन्द्र सिंह | महेन्द्रपाल सिंह |
| राधेश्याम | कुंवरपाल सिंह |
| राजीव कुमार | साहव सिंह |
| राकेश कुमार | भगवान सिंह |
| योगेश कुमार | महेन्द्र पाल सिंह |
| सुनीता | सतेन्द्र सिंह |
| यशपाल सिंह | सत्यदेव |
| अकलेश कुमार | प्रेम सिंह |
| दीपिका रानी | राम मिलन |
| कमला देवी | घनश्याम |
| घनश्याम सिंह | धर्म सिंह |
| राजेन्द्र प्रकाश | चेतराम |
| राज कुमारी | राजेन्द्र प्रकाश |
| संजीव कुमार | प्रेम सिंह |
| संजय सिंह | भवर सिंह |
| अनुराग तिवारी | वीरेन्द्र तिवारी |
| राकेश कुमार | भोलीराम |
| विवेक कुमार | उदयवीर सिंह |
| अनिल कुमार | राम नरेश |
| हरेश कुमार भगौर | राम निवास |
| राजपाल | नन्नू सिंह |
| दीवान सिंह | अर्जुन सिंह |
| रवि | वीरेन्द्र |
| किताबश्री | कुंवरपाल सिंह |
| दुर्वेश कुमार | महीपाल |
| प्रमोद कुमार | राजा राम |
| राजपाल सिंह | जसमंत सिंह |
| बालभद्र यादव | शिवपूजन यादव |
| सुनील कुमार | राम बरन |
| संजय कुमार मिश्रा | ठाकुर प्रसाद |
| शम्भू नाथ | राम राज |
| संजय कुमार मिश्रा | राम सूरत |
| राजकुमार | राम चन्दर |
| विनोद कुमार | राम कुमार |
| इन्द्रजीत | संतराम |
| राजगौतम | दयाल गौतम |
| पुष्पेन्द्र | चमन वीर |
| मनोज कुमार | नत्थू सिंह |
| दीपक वर्मा | शेर सिंह |
| दिलीप कुमार | राज कुमार |
| प्रवीण कुमार | भगवती प्रसाद |
| प्रदीप कुमार | महेश चन्द्र |
| पदम सिंह | जगदीश प्रसाद |
| कामनी सिंह | सतराम पुष्कर |
| विकास कुमार | महावीर सिंह |
| विपिन कुमार | पन्ना लाल |
| राजेश कुमार | अर्जुन सिंह |
| अजय सिंह | प्रेम सिंह |
| वीरेश कुमार | रौशन सिंह |
| चन्द्र प्रकाश | चतुर्भुज |
| अनिल कुमार धनगर | मान सिंह धनगर |
| मनोज यादव | नेत्रपाल यादव |
| लवकुश यादव | श्याम वीर सिंह |
| सुमित यादव | दिनेश चन्द्र यादव |
| पियूष शर्मा | रमेश चन्द्र शर्मा |
| अमित कुमार | गजेन्द्र सिंह |
| कुलदीप कुमार | महेन्द्र सिंह |
| संजय सिंह | भगवती प्रसाद |
| भ्रम शंकर धनगर | मान सिंह |
| सुन्दर सिंह | भैजराज सिंह |
| मोहन देव | उदय वीर सिंह |
| जितेन्द्र कुमार | अरविन्द कुमार |
| राम चन्दर | गंगा प्रसाद |
| वीर पाल सिंह | नोनी राम |
| मो0 रेहान | जलालुद्दीन |
| हरपाल | गेंदन लाल |
| संदीप कुमार पाण्डेय | दीपू नारायण पाण्डेय |
| कौशलेन्द्र पाल | ओम पाल |
| सुआ लाल | राम औतार |
| विजेन्द्र | सियाराम |
| हरीशचन्द्र शर्मा | राम स्वरूप शर्मा |
| ओम प्रकाश | बाबूराम |
| पुष्पेन्द्र कुमार | नोनी राम |
| मो0 मोहसिन | मो0 यासीन |
| अरूण कुमार | जगन लाल |
| यावर खां | कैसर खां |
| पवन कुमार श्रीवास्तव | गिरिजा दयाल श्रीवास्तव |
| अनुज कुमार | ऋषि पाल |
| छेदा लाल | कन्हैई लाल |
| चेतन कुमार | राम चन्द्र |
| देवेन्द्र कुमार | उदयवीर |
| शशि पाल | जोगराम |
| विक्की | विनोद कुमार |
| गौरी शंकर मिश्रा | ओम प्रकाश मिश्रा |
| प्रेम शंकर | विजय बहादुर |
| अरूण कुमार पटेल | तुलसी राम |
| जय प्रकाश मौर्या | राधेश्याम मौर्या |
| राम जी पटेल | राम नाथ पटेल |
| भानू प्रताप | द्वारिका प्रसाद |
| विमल कुमार सिंह | हजारी लाल सिंह |
| अरविन्द कुमार सिंह | जग बहादुर सिंह |
| शैलेन्द्र सिंह | हजारी लाल |
| कुंवरपाल सिंह | जसवंत सिंह |
| नरेन्द्र कुमार | मदन मोहन |
| संदीप नाइक | राम चरन |
| अरबिन्द सिंह | वीरेन्द्र सिंह |
| जितेन्द्र कुमार | दिनेश कुमार |
| दिनेश बाबू | महेश बाबू |
| जीतेश कुमार | बाबूराम |
| त्रिभुवन यादव | इन्द्रजीत यादव |
| विनोद कुमार प्रजापति | मेहित |
| स्वामी नाथ | राधिका प्रसाद |
| राजित राम यादव | राम अधार यादव |
| राम कुमार | निर्मल |
| शिव सागर | शेषमणि |
| दिनेश कुमार यादव | विक्रम यादव |
| शैलेश कुमार | लालमणि |
| सूर्यभान | राजाराम |
| प्रियराज आर्य | भूप सिंह |
| अशोक कुमार | राम भरोसे |
| अमित कुमार | नरेन्द्र पाल सिंह |
| रविन्द्र पाल सिंह | वीरेन्द्र सिंह |
| चन्द्र प्रकाश | महेश चन्द्र |
| बबीता | देवी चरन |
| प्रवेश कुमारी | पत्नी मान सिंह |
| राजीव कुमार | राम बाबू |
| रामेश्वर | धर्मवीर सिंह |
| अमित कुमार | महेन्द्र सिंह |
| दुर्गपाल सिंह | चन्द्रभान |
| दुष्यन्त कुमार | राम प्रताप सिंह |
| अजय कुमार गौतम | जगदीश प्रसाद गौतम |
| प्रताप कुमार | कारे सिंह |
| रामवीर सिंह | रघुनाथ सिंह |
| आरिफ खान | राशिद खॉन |
| अजय कुमार शर्मा | बनवारी लाल |
| इन्द्रपाल सिंह | शंकरपाल सिंह |
| नवल किशोर | नरेन्द्र कुमार |
| प्रवीन कुमार | राम सरन सिंह |
| रोहन सिंह | डाल चन्द्र |
| लटूरी सिंह | जसवंत सिंह |
| कुसुमा | सत्य देव सिंह |
| राधेश्याम सिंह | भीकम सिंह |
| त्रिवेन्द्र कुमार | धर्मवीर सिंह |
| ममता | सत्यदेव सिंह |
| प्रमोद | श्याम बाबू |
| गणेश कुमार राजपूत | पूरन सिंह राजपूत |
| अजय कुमार | श्रीराम |
| नरेश बाबू | महेश बाबू |
| रतेन्द्रपाल सिंह | राजपाल सिंह |
| सच्चिदानंद | सत्य नारायण |
| नेतराम | कुंवरजीत |
| यतेन्द्र कुमार | वीरी सिंह |
| राजेश कुमार | इन्दल सिंह |

| नाम | पिता / पति का नाम |
|---|---|
| राजेश कुमार | रामसनेही |
| गायत्री देवी | राजेश कुमार |
| बन्टू | रामजी लाल |
| अशोक कुमार मिश्रा | शोभाराम मिश्रा |
| दलवीर सिंह | सोने लाल |
| सुनीता देवी | प्रेमपाल |
| सुनील कुमार सावाना | रमेश चन्द्र |
| सुभाष चन्द्र | बाबू राम |
| मानपाल सिंह | महेश चन्द्र |
| राजेश सारस्वत | रमन लाल सारस्वत |
| श्वेता शर्मा | राजेश सारस्वत |
| राम सजीवन | स्व0 राम मनोहर |
| भूपाल सिंह | अजीराम |
| भूरी सिंह | अमर सिंह |
| मोरध्वज सिंह | सुमरन सिंह |
| हेमलता गुप्ता | राज कुमार गुप्ता |
| नीरज कुमार मिश्रा | मनिक चन्द्र मिश्रा |
| किशन पाल सिंह | बंगाली सिंह |
| सत्यपाल सिंह | चरन सिंह |
| प्रेम सिंह | मोती राम |
| श्रीपाल | बंगाली सिंह |
| राजकुमार | इश्वरी प्रसाद |
| ईश्वर चन्द्र भारती | शिव दयाल |
| नरेश कुमार | जय सिंह |
| चन्द्रकेतु यादव | राम आसरे |
| अंजनी | सरजू दीन |
| हरिकृष्ण कुमार | राम आसरे |
| सुरेश कुमार | गौरी शंकर |
| भगवान सिंह | किशोरी लाल |
| कृष्ण कुमार सारस्वत | रमन लाल सारस्वत |
| विनय सिंह | वच्चू सिंह |
| दाऊद दयाल शर्मा | छोटे लाल |
| इस्लामुद्दीन | बशीर |
| गौरव राजपूत | राजेश राजपूत |
| ओम प्रकाश | धोने |
| अजय कुमार | नेकराम |
| भूपेन्द्र कुमार | गिर्राज प्रसाद |
| पूरन सिंह मिश्रा | मानिक चन्द्र |
| मंगेश कुमार | महावीर सिंह |
| नमन कृष्ण पाराशर | राकेश पाराशर |
| दिनेश सिंह | श्री पद सिंह |
| अनिल कुमार सावाना | रमेश चन्द्र |
| विनोद कुमार गौतम | श्याम बाबू |
| मुकेश कुमार | नन्दराम |
| योगेन्द्र कुमार | रामप्रकाश |
| उमेश कुमार | कोमल सिंह |
| ममता | जय सिंह |
| ऋषि कुमार | ओमपाल सिंह |
| सर्वेश | मोहर सिंह |
| प्रेमशंकर | रोहन सिंह |
| इन्द्रपाल सिंह | रोहन सिंह |
| इशाक | कलुआ |
| बबलू कुमार | नेत्रपाल सिंह |
| बबलू | कलुआ |
| योगेश कुमार | मोहर सिंह |
| रंजन कुमार यादव | श्री कृष्णराज यादव |
| मनवीर सिंह | रोशन सिंह |
| सतेन्द्र सिंह | प्रेमपाल सिंह |
| धन सिंह | राम बिहारी |
| राजेश कुमार | प्रभू दयाल |
| जगदीश | राधेश्याम |
| राम कुमार | राम स्वामी |
| राम सुन्दर | अमर सिंह |
| उमेश कुमार | जय राम सिंह |
| अनिल कुमार | कमल सिंह |
| रोहित कुमार | मेव सिंह |
| आदेश कुमार | भारत सिंह |
| दीप चन्द्र | महेश चन्द्र |
| रामजी लाल | हुकम सिंह |
| प्रेम पाल सिंह | जसवंत सिंह |
| पंकज गुप्ता | राज कुमार गुप्ता |
| रवी शंकर | राम प्रकाश शर्मा |
| राम देवी | हुतेन्द्र पाल सिंह |
| पुष्पेन्द्र कुमार | राम बाबू |
| विपिन कुमार | राधेश्याम |
| बन्टू सिंह | राम बिहारी |
| विजय कुमार | रोशन लाल गुप्ता |
| रोहिता सिंह | विजेन्द्र सिंह |
| योजेन्द्र सिंह | निरोत्तम सिंह |
| कमलेश कुमार | स्व0 राम मनोहर |
| राहुल कुमार | गोपाल कृष्ण |
| नैपाल सिंह | ललित कुमार |
| शेर सिंह | भजन लाल |
| धीरेन्द्र सिंह | मंगल सिंह |
| अमित सिंह | दौलत सिंह |
| शिवराज मीना | केदार लाल मीना |
| अरूण सिंह डागुर | सुमेर सिंह डागुर |
| हितेन्द्र सिंह | महेन्द्र सिंह |
| हेमेश कुमार | सत्य प्रकाश सिंह |
| कुलवन्त सिंह | मुख्तयार सिंह |
| जसपाल सिंह | अनोख सिंह |
| अशोक कुमार | सुमरन सिंह |
| अरूण मुन्ना लाल | मुन्ना लाल |
| राजीव वर्मा | रमेश चन्द्र वर्मा |
| रविन्द्र सिंह | किशन सिंह |
| दिवेन्द्र कुमार | राम चन्द्र |
| राजेश कुमार | राम प्रताप सिंह |
**अयोध्या।** 6 दिसंबर शौर्य दिवस के अवसर पर हिंदू महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता अधिवक्ता मनीष पांडेय के नेतृत्व में सरयू तट पर वीर बलिदानी कारसेवकों को हाथ में जल लेकर अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि प्रदान की गई। काशी विश्वनाथ तथा कृष्णजन्म भूमि को मुक्त कराने का संकल्प भी लिया गया हिंदू महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता अधिवक्ता मनीष पांडेय ने कहा कि अयोध्या की साधना अब पूर्ण हुई, अब काशी और मथुरा की बारी है पांडेय ने वीर बलिदानी कारसेवकों के परिवारों की बदहाल आर्थिक स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए केंद्र और राज्य सरकार से यह मांग की है कि कारसेवकों के परिवारों को न शिर्फ बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएं बल्कि उनकी आर्थिक स्थिति भी मजबूत की जाए। इन पीड़ित परिवारों में जो सक्षम हो उन्हें सरकारी नौकरी भी प्रदान की जाए, हिंदू महासभा के प्रदेश उपाध्यक्ष महंत राम लोचन शास्त्री राजन बाबा ने कहा कि भव्य राम मंदिर निर्माण होने में संतों का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा है संतो के संघर्ष के कारण आज अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण हो रहा है संतों की एकजुटता शीघ्र ही काशी विश्वनाथ और कृष्ण जन्म भूमि को विधर्मियों से मुक्त करवाएगी सरयू तट पर श्रद्धांजलि के हिंदू महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता अधिवक्ता मनीष पांडे के द्वारा वीर बलिदानी कारसेवकों वासुदेव गुप्ता रमेश पांडेय तथा राजेंद्र धरिकार के आवास पर पहुंचकर उनके चित्रों पर माल्यार्पण कर बलिदानी कारसेवकों के परिवार की बदहाल स्थिति के लिए केंद्र और राज्य सरकार से मांग की गई कि वे शीघ्र अति शीघ्र महत्वपूर्ण निर्णय लें उनके द्वारा पीएम, योगी महाराज को पत्र भेजकर मांग की है। अधिवक्ता राजीव शुक्ला, अजय शुक्ला, श्याम जी मौर्य, राधेश्याम, रिंकू तिवारी, महंत नारायण दास जी महाराजए प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## गौरवशाली रहा है सिंध का इतिहास : डॉ. राधेश्याम

**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय में भारत सरकार के नियंत्रणाधीन राष्ट्रीय सिंधी भाषा विकास परिषद् के वित्तपोषण से संचालित अमर शहीद संत कँवरराम साहिब सिंधी अध्ययन केंद्र द्वारा आयोजित गौरवशाली सिंधु संस्कृति और बाद्य आक्रमण विषय पर अपने विचार व्यक्त करते हुए राष्ट्रवादी चिंतक डॉ. राधेश्याम शुक्ला ने कहा कि सिंध का इतिहास हजारों वर्षों से गौरवशाली रहा है। सिंधु नदी के तट पर संसार के प्राचीनतम ग्रंथ वेद रचे गए, शून्य का प्रादुर्भाव भी इसी भूमि पर हुआ और विश्व की प्राचीन सभ्यता सिंधु घाटी का क्षेत्र भी यहीं हैं। उन्होंने बताया कि सिंध की समृद्धि से आकर्षित पड़ोसी देशों के असभ्य और कबीलाई लोग यहां लूटमार के लिए आते रहे और सिंध के नागरिक उन्हें मारकर खदेड़ते रहे। डॉ. शुक्ला ने बताया कि अरब आक्रमणकारियों को 80 वर्षों तक अखण्ड भारत की पश्चिमी सीमा में सिंध वासियों ने घुसने तक नहीं दिया और आठवीं शताब्दी में समुद्र के रास्ते हमला करके हिंदू राजा दाहर को अहिंसा की पक्षधर जनता के असहयोग और धोखे से हराया गया। डॉ. शुक्ला ने कहा कि बावजूद इसके 300 वर्षों तक अरबों को सिंधी वीरों ने सिंध से निकलने नहीं दिया।

## सभी धान क्रय केंद्रों पर किसानों को मिलें समुचित सुविधाएंः डीएम

**अयोध्या।** डीएम ने धान खरीद 2022-23 में पांच क्रय एजेंसियों के संचालित समस्त 52 क्रय केन्द्रों पर कृषकों को सुचारू रूप से समस्त सुविधायें उपलब्ध कराते हुये पारदर्शी ढंग से धान क्रय सुनिश्चित कराने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। सभी क्रय एजेंसियों के जिला प्रबन्धक/जिला प्रभारी, जिला खाद्य विपणन अधिकारी व सम्बन्धित क्षेत्र के उपजिलाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र/ एजेंसी की निरन्तर भ्रमणशील रहकर कृषकों का सुचारू रूप से धान क्रय सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये। जिला प्रबंधक/ जिला प्रभारी, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारी समितियों तथा जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी को क्रय केन्द्रों पर किसानों की सुविधाओं, धान की संबद्ध चावल मिलों पर नियमानुसार प्रेषण कराते हुये सीएमआर की भी नियमानुसार भारतीय खाद्य निगम डिपो में प्राप्ति सुनिश्चित कराने के निर्देश दिये।

# मंडलायुक्त ने किया अम्बेडकर क्रीड़ा संकुल का निरीक्षण



**अयोध्या।** मण्डलायुक्त गौरव दयाल द्वारा अयोध्या विजन के अंतर्गत विभिन्न निर्माणाधीन परियोजनाओं के स्थलीय निरीक्षण के क्रम में आज डाभासेमर स्थित डा. भीमराव अम्बेडकर क्रीडा संकुल का क्षेत्रीय क्रीडा अधिकारी एवं कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधियों के साथ निरीक्षण किया। उन्होंने सर्वप्रथम बैटमिंटन हाल का अवलोकन किया तथा अच्छी प्रकार से साफ सफाई कर सही प्रयोग में लाने के निर्देश दिये। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कहा कि डा. भीमराव अम्बेडकर क्रीडा संकुल में जो इन्फ्रास्ट्रक्चर है वैसा कहीं नही हैए इसको अच्छी प्रकार से साफ सुथरा कर प्रयोग में लाया जाय। संकुल परिसर में जो झाड़ियां उगी है उनकी नियमित साफ सफाई की जाय तथा जो अर्धनिर्मित स्टेडियम है उसे प्रयोग में लाने योग्य बनाया जाय। क्रीडा संकुल में निर्मित तरण ताल का निरीक्षण करते हुये उन्होंने कहा कि इसकी गंदगी को साफ की जाय तथा जो दिवाली पर काई है उसकी सफाई नियमित की जाय तथा ऐसा तरण ताल और कहीं नही है इसको साफ सफाई कराके इसमें प्रदेश स्तरीय टूर्नामेंट का आयोजन भी कराया जाय। मल्टी परपज हाल में सभी मूलभूत सुविधायें अच्छी रखी जाय। उन्होंने कहा कि इस क्रीडा संकुल का विकास अयोध्या के भविष्य को देखकर किया जाय तथा अयोध्या जनपद एवम आस पास के जनपद के बच्चो को खेल के प्रति जागरूक करके इस संकुल में विभिन्न खेलो के लिए प्रशिक्षण दिया जाय।

लेक मैन आफ इंडिया के मार्गदर्शन में अयोध्या विकास प्राधिकरण द्वारा तहसील सोहावल क्षेत्र अन्तर्गत स्थित उत्तर भारत के सबसे बड़े पक्षी अभ्यारण के रूप में विकसित की जा रही समदा झील का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि झील के किनारे बन्धों पर ऐसे सजावटी पेड़ लगाये जाय जो जल्दी विकसित हो जाय तथा झील के बीच मे स्थित टापुओं पर आने वाले पक्षियों के पोषण से सम्बन्धित पौधों को उगाया जाय। उन्होंने कहा कि पूरी झील के प्रोजेक्ट से सम्बन्धित एक संकेतक भी लगाया जाय जिससे आने वाले पर्यटकों को इस प्रोजेक्ट की जानकारी हो सके तथा लोगों के बैठने की व्यवस्था की जाय।

## कौशल प्रतियोगिता के लिए करें 14 तक आवेदन

**अयोध्या।** प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान अयोध्या ने बताया कि निदेशक (प्राविधिक), प्रोदशिक स्टाफ प्रशिक्षण एवं शोध केन्द्र, अलीगंज, लखनऊ के अनुपालन में जिला स्तरीय एवं मण्डल स्तरीय 15 स्किल सेक्टरों हेतु कौशल प्रतियोगिता के आयोजन हेतु निर्देश प्राप्त हुए है। उक्त के अनुपालन में जनपद अयोध्या के वे समस्त प्रशिक्षार्थी जो सम्बन्धित कौशल प्रतियोगिता के सम्बन्ध में अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग करना चाहते है, तो दिए गये लिंक पर दिये गये 15 स्किल सेक्टरों में से एक सेक्टर जिनमें वे रूचि के साथ.साथ निपुणता रखते होंण् प्रतिभाग करने हेतु शीघ्र अति शीघ्र 14.12.2022 तक पंजीकरण कर जिला स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लें एवं प्रथम, द्वितीय, तृतीय, चतुर्थ एवं पंचम विजेता प्राप्त प्रशिक्षार्थियों को नगद पुरस्कार, प्रमाण पत्र व मेडल का वितरण भी किया जायेगा। प्रतियोगिता जिला स्तर पर 16.12.2022 को राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, अयोध्या में आयोजित होगी।

# उपजा का सम्मान समारोह संपन्न

**अयोध्या।** यूपी जर्नलिस्टस एसो. अयोध्या इकाई के तत्वाधान में जिलाध्यक्ष राजेन्द्र तिवारी की अध्यक्षता में शहर के एक प्रतिष्ठित होटल में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि व संगठन के प्रान्तीय अध्यक्ष रतन दीक्षित ने कहा कि पत्रकार सुरक्षा कानून, पत्रकार पुरम कॉलोनी तथा रेलवे सेवा बहाल करने के लिए संगठन के राष्ट्रीय सम्मेलन में भी प्रस्ताव पास हुआ है जिसके लिए जरुरत पड़ने पर उपजा बड़ा आंदोलन भी करेगी। दीक्षित ने कहा कि पत्रकारो के विरुद्ध फर्जी तरीके से दर्ज मुकदमे में उत्पीड़न रोकने के लिए राज्य स्तर पर हाई लेवल की कमेटी बनाई जाए जिसमें पत्रकार संगठन के लोग शामिल किए जाएं। टोल प्लाजा पर पत्रकारों को छूट दिए जाने की भी उन्होंने आवाज उठाई।

समारोह के विशिष्ट अतिथि तपस्वी पीठाधीश्वर जगत गुरु परमहंस आचार्य ने पत्रकारों के लिए आवास ए मानदेय तथा पत्रकार सुरक्षा कानून लागू किए जाने के लिए प्रदेश सरकार से मांग किया। उन्होंने यह भी कहा कि मांगें न माने जाने पर आमरण अनशन की चेतावनी भी दिया। समारोह में बोलते हुए उपनिदेशक सूचना डॉक्टर मुरलीधर सिंह ने परमहंस की आमरण अनशन की चेतावनी पर रोकते हुए कहा कि अभी वे आमरण अनशन ना करें। उन्हें 90 दिन का समय दीजिए। वह प्रदेश के मुख्यमंत्री से मिलकर अयोध्या में पत्रकार पुरम कॉलोनी बनाए जाने के लिए पूरा प्रयास करेंगे।

समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में बोलते हुए उदासीन आश्रम के महंत डॉ भरत दास ने कहा कि पत्रकारों का कर्म एक तपस्या है । वह निर्भीक होते हैं और सत्यता को उजागर करते हैं। प्राचीन वेदों में भी पत्रकारों की भूमिका को सराहा गया है। उन्होंने नारद जी का भी उदाहरण दिया। समारोह को सीओ सदर डा. राजेश तिवारी ने भी संबोधित किया और कहा कि पत्रकारिता के क्षेत्र में अयोध्या के पत्रकार श्रेष्ठ और सज्जन हैं। पत्रकारों के लिए उनके दरवाजे हमेशा खुले है। उन्होंने प्रांतीय अध्यक्ष रतन दीक्षित की प्रशंसा करते हुए कहा कि उनके गुरु रहे हैं और उनके द्वारा दिए गए संस्कार आज भी उनमें हैं।

# माघमेलाः सड़क निर्माण के कार्यों की धीमी प्रगति पर अधिशासी अभियंता को फटकार

● माघ मेला तैयारियों की कमिश्नर विजय विश्वास पंत ने की समीक्षा ● सभी कार्यों को 20 दिसंबर तक पूर्ण करने के दिए निर्देश



माघमेला क्षेत्र में कार्यों का निरीक्षण करते कमिश्नर विजय विश्वास पंत।

**प्रयागराज।** माघ मेला 2022 23 को सकुशल एवं निर्विघ्न ढंग से संपन्न कराए जाने हेतु मेला प्रशासन द्वारा की जा रही तैयारियों की समीक्षा आज मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत ने की। मेला प्राधिकरण कार्यालय स्थित आई ट्रिपल सी सभागार में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए आवश्यक जानकारी ली। बैठक के पश्चात मेला क्षेत्र के विभिन्न सेक्टरों का निरीक्षण भी किया। लोक निर्माण विभाग द्वारा मोरी एवं त्रिवेणी मार्ग पर कराए जा रहे सड़क निर्माण के कार्यों का निरीक्षण करते हुए काम की प्रगति अपेक्षाकृत धीमी पाए जाने पर मंडलायुक्त ने अधिशासी अभियंता को फटकार लगाई तथा मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में सभी कार्यों को बीस दिसंबर तक हर हाल में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने मेला क्षेत्र के जिन भी स्थानों में दलदल की समस्या है। वहां पर मैन पावर बढ़ाकर कार्य को शीघ्र पूरा कराने को भी कहा। जल निगम द्वारा पाइप बिछाने का कार्य उचित गहराई में मानक के अनुरूप किया जा रहा है या नहीं यह सुनिश्चित करने के दृष्टिगत कार्यों का सत्यापन थर्ड पार्टी एजेंसी से कराने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि सत्यापन के पश्चात पाइप बिछाने का कार्य अधोमानक पाया जाता है तो जल निगम के बिल से कटौती की जाएगी। 6 जनवरी को पौष पूर्णिमा के स्नान से प्रारंभ होने वाला माघ मेला इस वर्ष 18 फरवरी को महाशिवरात्रि के स्नान के साथ समाप्त होगा। इस वर्ष अन्य व्यवस्थाओं के साथ.साथ तीर्थयत्रियों के रहने हेतु एक पांच सौ बेड की डॉरमेट्री की भी व्यवस्था मेला प्रशासन द्वारा की गई है।

## क्विक न्यूज

### एडीएम ने पंचायत भवन के निर्माण कार्यों को परखा



निरीक्षण करते अपर जिलाधिकारी।

**संतकबीरनगर।** एडीएम (वि/रा)/ प्रभारी अधिकारी स्थानीय निकाय मनोज कुमार सिंह द्वारा नगर पंचायत बेलहर कला एवं नगर पंचायत बखिरा के निर्माणाधीन कार्यालय भवन का स्थलीय निरीक्षण किया गया। एडीएम ने निर्माणाधीन कार्यालय भवन व इंटरलॉकिंग सड़क का निरीक्षण करते हुए निर्माण कार्य मे अब तक की प्रगति एवं गुणवत्ता आदि का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित ठेकेदारों को कार्यालय भवन सहित सड़क एवं अन्य सम्बंधित कार्यो को समय से तथा गुणवत्तापूर्वक सम्पन्न कराने हेतु निर्देशित किया। इस अवसर पर ईओ मेंहदावल/बेलहर कला संदीप कुमार सरोज, ईओ बखिरा सहित सम्बंधित आदि उपस्थित रहें।

### 'लूटखसोट' का अडडा बना रूधौली नगर पंचायतः रंजना सिंह

**बस्ती।** भाजपा नेत्री रंजना सिंह ने नगर पंचायत रूधौली में पिछले पांच साल से व्याप्त भ्रष्टाचार का मुद्दा उठाते हुए कहा कि विकास के नाम पर जिस तरह नगर पंचायत में लूटपाट हुआ, उससे क्षेत्र की जनता त्रस्त हो चुकी है। कहा कि नगर पंचायत रुधौली एक तरह से लूट का अडडा बन चुका है। जन समस्याओं के निस्तारण की दिशा में कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया गया, नगर पंचायत कार्यालय ने विकास से अधिक भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया। कहा कि गैर भाजपाई चेयरमैंन होने के कारण क्षेत्र की जनता बुनियादी सुविधाओं तक से वंचित रही। रंजना सिंह ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकार द्वारा नगर पंचायतों के विकास के लिये अनेक योजनायें और संसाधन उपलब्ध कराये गये किन्तु उनका प्राथमिकता से क्रियान्वयन नहीं कराया गया। कहा कि जनहित के सवालों को लेकर उनका संघर्ष जारी रहेगा और यदि पार्टी ने मौका दिया तो वे चुनाव मैंदान में उतरने को तैयार है। कहा कि क्षेत्र के जनता की जरूरतों को कोई महिला ही समझ सकती है। रंजना सिंह ने कहा कि क्षेत्र में साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था पर ध्यान नहीं दिया गया। ऐसी भी शिकायतें मिली है कि आवास आवंटन में भी मनमानी की गई। सड़क, नालियों के निर्माण में गुणवत्ता का पालन नहीं किया गया। पार्टी इन मुद्दों को प्रमुखता से उठायेगी।

### सांसद हरीष द्विवेदी को कोर्ट से मिली बड़ी राहत

**बस्ती।** स्थानीय सांसद को भले ही हाईकोर्ट से कोई नहीं मिली, मगर इन्हें अपर सत्र न्यायाधीश द्वितीय मीनू शर्मा ने बड़ी राहत दी है। सांसद की निगरानी को स्वीकार करते हुए अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट को आदेश दिया है, कि मामले को नये सिरे से आदेश पारित करें। साथ ही एसीजीएम के सांसद के विरुद्व कुर्की के उस आदेश को निरस्त कर दिया, जो 22 अप्रैल 22 को किया गया था। जारी आदेश में कहा गया है कि विद्वान न्यायाधीश ने प्रस्तुत फौजदारी निगरानी को स्वीकार कर लिया, और अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम के द्वारा मुकदमा अपराध संख्या 53/2019 थाना नगर के द्वारा प्रेसित अंतिम आख्या 3/22 में पारित आदेश चार अप्रैल 22 को निरस्त कर दिया।

### अवैध शराब के तस्करों के खिलाफ की जाए कठोरतम कार्रवाई

**अंबेडकर नगर।** विशेष कार्याधिकारी राज्य निर्वाचन आयोग उत्तर प्रदेश पीसीएफ के निर्देश पर जिलाधिकारी सैमुअल पॉल एन की अध्यक्षता में नगर निकाय चुनाव के दृष्टिगत कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित किया गया। बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा शांतिपूर्ण एनिष्पक्ष एवं पारदर्शी निर्वाचन सुनिश्चित किए जाने के लिए जनपद में अवैध शराब की भट्टीया न लग पाए और यदि लग गई हैं तो उन्हें ध्वस्त करते हुए इस प्रकार के असामाजिक एवं अवांछनीय तत्वों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करना तथा तस्करी पर प्रभावी रोक लगाते हुए तस्करों के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई सुनिश्चित किया जाए। इसके अतिरिक्त अवैध शस्त्र एवं विस्फोटक बनाने वाली गैर कानूनी फैक्ट्रियों को ध्वस्त करना है एवं उनके विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई किया जाएए स्क्रीनिंग कमेटी स्क्रीनिंग का कार्य तत्काल प्रभाव से प्रारंभ कर दी जाय और उक्त कार्रवाई प्रत्येक दशा में 9 दिसंबर 2022 तक पूर्ण कर दिया जाय। स्क्रीनिंग कमेटी द्वारा लिया गया निर्णय अंतिम होगा तथा अन्य बिंदुओं पर चर्चा किया गया। डीएम ने कहा कि 'नगरीय क्षेत्रों तथा उनकी सीमा से 10 किलो मीटर रेडियस में लाइसेंसी अपना शस्त्र लाइसेंस दिनांक 9 दिसंबर 2022 तक अवश्य जमा करें अन्यथा की दशा में आवश्यक कार्रवाई तय की जाएगी'। अपर पुलिस अधीक्षक संजय राय, अपर उप जिलाधिकारी मोहन लाल गुप्ता, समस्त एसडीएम, क्षेत्राधिकारी, जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार द्विवेदी तथा संबंधित विभाग के अधिकारी/कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

### अंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर माल्यार्पण कर दी श्रद्धांजलि

**अंबेडकर नगर।** भारतीय जनता पार्टी देश के महापुरुषों को सम्मान देने के लिए उनके जन्म दिन और पुण्य तिथि को मनाने का कार्यक्रम आयोजित करती रहती है उसी क्रम में मंगलवार को भाजपा ने जनपद के सभी मंडलों में डाक्टर भीम राव अम्बेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर उनके प्रतिमा और चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। भाजपा जिलाध्यक्ष डाक्टर मिथिलेश त्रिपाठी ने भाजपा नेता नन्द कुमार तिवारी राना के संयोजन में अकबरपुर नगर की मिर्जापुर वार्ड स्थित डाक्टर भीम राव अम्बेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन करते हुए मौके पर उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा कि डाक्टर साहब ने आजीवन देश, दलितों, महिलाओं और वंचितों के लिए कार्य कर देश और समाज सेवा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाया। स्थानीय निकाय चुनाव के जिला संयोजक बाबा राम शब्द यादव ने डाक्टर अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कहा कि जब हम 6 दिसम्बर के दिन डाक्टर अंबेडकर को याद कर श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं तो हमें उनके द्वारा समाज और देश के प्रति किए गए अतुलनीय कार्य और योगदान की याद आ जाती है। कहा कि डाक्टर साहब ने दलित समाज में व्याप्त अशिक्षा को दूर कर उन्हें सशक्त बनाने और उनके अधिकारों की लड़ाई लड़ने के लिए जाने जाते हैं। भाजपा जिला मीडिया प्रभारीध् नगर निकाय संयोजक बाल्मीकि उपाध्याय ने शिव बाबा वार्ड के सीहमई में डाक्टर अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर कहा कि डाक्टर साहब का जन्म 14 अप्रैल 1891में मध्य प्रदेश के महू में हुआ था और उन्होंने 6 दिसंबर 1956 को अन्तिम सांस ली थी।

### छठा पांटून पुल न बनने पर शिविर लगाने पर होगा पुनर्विचार

**प्रयागराज।** अखिल भारतीय दण्डी सन्यासी परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष पीठाधीश्वर स्वामी ब्रह्माश्रम महाराज ने कहा कि मेला प्रशासन माघ मेला को काफी दूर तक बसाता जा रहा है लेकिन लोगों की सुविधा के लिए छठा पांटून पुल का निर्माण नहीं हो रहा है। लोगों को भारी परेशानी होती है। ऐसे में दंडी परिषद के संत महात्मा सेक्टर पांच में बसने के बारे में एक बार फिर से पुर्नविचार करेंगे। अगर मेला प्रशासन सेक्टर पांच में छठवां पांटून पुल का निर्माण नहीं करता है तो वह लोग मेला क्षेत्र में बसने पर फिर से विचार करेंगे। हर साल मेला प्रशासन वीवीआईपी संस्थाओं को सेक्टर एक दो तीन और चार में घुसाकर मनमानी जमीन और सुविधाएं आवंटित करते हैं और बांकी संत महात्माओं को सेक्टर पांच से पीछे करता जा रहा है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मेला प्रशासन के अफसरों को आदेश दिया है कि माघ मेले को भी महाकुंभ मेला 2025 की तरह बसाया जाए।

# मुक्त विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में उपाधि के लिए पंजीकरण शुरू

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज

**उत्तर प्रदेश** राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज में 19 दिसंबर को आयोजित होने वाले 17 वें दीक्षांत समारोह में उपाधि प्राप्त करने के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन का कार्य विश्वविद्यालय ने प्रारंभ कर दिया है। मुख्यालय सहित प्रदेश के सभी 12 क्षेत्रीय केंद्रों पर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन की सुविधा दी जा रही है। पंजीयन व वेबसाइट समिति के समन्वयक डॉ संजय कुमार सिंह ने बताया कि 17 वें दीक्षांत समारोह में परीक्षा सत्र दिसंबर 2021 और जून 2022 में उत्तीर्ण छात्रों को उपाधियों का वितरण किया जाएगा। दोनों सत्रों में उत्तीर्ण परीक्षार्थी

विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड किए गए नामांकन पत्र को पूरी तरह से भरकर अपना नामांकन करा सकते हैं। उन्होंने बताया कि छात्र यथाशीघ्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट से नामांकन पत्र में अपना विस्तृत विवरण पूरित कर दें। जिससे उनकी उपाधियां समय के पूर्व तैयार कराई जा सकें। डॉ सिंह ने बताया कि उपाधि प्राप्त करने वाले छात्रों की सूची विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है। मीडिया प्रभारी डॉ प्रभात चंद्र मिश्र ने बताया कि कुलपति प्रो सीमा सिंह ने मंगलवार को दीक्षांत समारोह की तैयारी की समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिया कि प्रदेश के 12 क्षेत्रीय केंद्रों प्रयागराज लखनऊ बरेली वाराणसी गोरखपुर झांसी आगरा कानपुर अयोध्या मेरठ आजमगढ़ तथा नोएडा आदि केंद्रों के छात्रों को न केवल दीक्षोत्सव से जोड़ा जाए बल्कि सत्र दिसंबर 2021 और जून 2022 की परीक्षा में उत्तीर्ण छात्रों का अधिक से अधिक संख्या में नामांकन सुनिश्चित कराया जाए। जिससे वह दीक्षांत समारोह में अपने विश्वविद्यालय में आकर डिग्री प्राप्त कर सकें।

# कमजोर के लिए समर्पित रहा बाबा साहब का जीवनः डीआरएम

● एनसीआर में मनाया गया भारत रत्न डॉ भीमराव अम्बेडकर का महापरिनिर्वाण दिवस



बाबा साहब के चित्र पर पुष्प अर्पित करते डीआरएम मोहित चंद्रा।

**प्रयागराज।** मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के संकल्प सभा कक्ष में मंगलवार को भारत रत्न डॉ भीमराव अम्बेडकर का 67वां महापरिनिर्वाण दिवस मनाया गया। मण्डल रेल प्रबंधक मोहित चंद्रा और एससी एसटी एसोसिएशन के जोनल सचिव लालसा राम के अलावा तमाम रेल अधिकारियों द्वारा डॉ भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर एवं पुष्प चढ़ाकर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। वक्ताओं ने डॉ भीमराव अम्बेडकर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके विचारों आदर्शों पर चलने की सीख प्रदान की गई। डीआरएम मोहित चंद्रा ने कहा कि डॉ भीमराव अम्बेडकर का पूरा जीवन संघर्षमय रहा। शुरू से लेकर अंत तक बाबा साहब का जीवन कठिनाइयों से भरा रहा। इन सभी परिस्थितियों से लड़ते हुए उन्होंने फॉरेन में जाकर शिक्षा ली। जहां उन्होंने विश्व का सबसे बड़ा लिखित संविधान बनाया। उनकी दूर दृष्टि की आज भी लोग मिसाल देते हैं कि इतने वर्षों में संविधान में केवल 105 संशोधन हुए हैं। मण्डल रेल प्रबंधक ने कहा कि बाबा साहब ने अपना पूरा जीवन कमजोर वर्गों के लोंगो के लिए समर्पित किया। बिना भेदभाव किये बाबा साहब ने देश को समाज को एक नई दिशा दी। उन्होंने कहा कि डॉ भीमराव अम्बेडकर द्वारा बताये गये मार्ग पर चलना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। एससी एसटी एसोसिएशन के जोनल सचिव लालसा राम दिनेश कुमार सहित अन्य पदाधिकारियों ने अपने विचार व्यक्त किए। जोनल सचिव लालसा राम ने कहा कि बाबा साहब ने देश को जीवन भर दोनों हांथो से दिया और अपने पूरे जीवनकाल में बाबा साहब ने देश में और समाज में जो कार्य किये हैं। उन्हें हमेशा याद किया जायेगा। बाबा साहब ने देश को संविधान देकर देश को सुरक्षित किया। विधि अधिकारी लक्ष्मी प्रसाद ने बाबा साहब के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बाबा साहब ने अपने जन्म से मृत्यु तक समाज की कुरीतियों को दूर करने के लिए काम किया और मूल कर्तव्य में शिक्षा का अधिकार जोड़कर शिक्षा की दिशा में एक बहुत बड़ा कार्य किया। बाबा साहब का मानना था कि शिक्षा वह महत्वपूर्ण कारक है। जिससे समाज में सर्वांगीण विकास हो सकता है और समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने के लिए शिक्षा का होना अति आवश्यक है।

## बुनकरों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ शुभारम्भ

**प्रयागराज।** उत्कर्ष वेल्फेयर फाउंडेशन एवं सिडबी के संयुक्त तत्वावधान में आज हथकरघा साझा सुविधा केंद्र महमदपुर में बुनकरों के प्रशिक्षण का शुभारम्भ किया गया। ज्ञात हो कि हथकरघा साझा सुविधा केंद्र विगत कई वर्षों से बंद होने के कारण बुनकरी का प्रशिक्षण में बाधा आ रही थी। जिसके बाद उत्कर्ष वेल्फेयर फाउंडेशन एवं सिडबी के सहयोग से इस प्रशिक्षण केंद्र की दोबारा शुरुआत की गयी। उत्कर्ष वेल्फेयर फाउंडेशन की मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुषमा शर्मा ने कहा कि प्रशिक्षण केंद्र के माध्यम से प्रथम बैच में कुल तीस चयनित महिलाओं एवं पुरुषों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। जो पूरी तरह से निःशुल्क होगा। यह प्रशिक्षण तीन माह तक चलेगा। जिसमें पारम्परिक तकनीकों का प्रयोग करते हुए वाराणासी सिल्क साड़ी बनाने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। साथ ही प्रशिक्षण के उपरांत अपनी यूनिट स्थापित करने में भी उत्कर्ष वेल्फेयर फाउंडेशन सहयोग करेगा।

# साइबर क्राइम से बचाव को लेकर हुई कार्यशाला

**संवाददाता।** श्रावस्ती



**इकौना विकास** खण्ड इकौना के अन्तर्गत जगतजीत इण्टर कालेज के छात्र छात्राओं के बीच साइबर क्राइम से बचाव हेतु कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसका जिलाधिकारी नेहा प्रकाश ने द्वीप प्रज्वलित कर एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर शुभारम्भ किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि साइबर क्राइम आज के समय में काफी बढ़ गया है, जो कि हमारे समाज में एक बहुत बड़े चैलेंज के रूप में आ रहा है। इसलिए हम सब को इससे सतर्क रहने की आवश्यकता है। उन्होने छात्र छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि आज के इस डिजिटल युग में सभी छात्र.छात्राएं सावधानी बरतकर साइबर क्राइम से स्वयं बचे और अपने परिवार को भी बचायें।

उन्होने बताया कि साइबर अपराध कम्प्यूटर जनित अपराध होता है। कम्प्यूटर और इंटरनेट से जुड़े अपराध को ही साइबर क्राइम कहा जाता है। ऐसा कोई भी अपराध जिसमें कम्प्यूटर इंटरनेट नेटवर्क एवं हार्डवेयर तथा उससे संबंधित उपकरणों यथा स्कैनर, प्रिंटर आदि का उपयोग किया गया होए साइबर अपराध कहलाता हैं। इससे बचने हेतु आज संस्था के माध्यम से लोगों को जानकारी दी जा रही है कि कैसे हम अपने आप को साइबर क्राइम से बचा सकते है। यदि कोई साइबर अपराधी आपको स्पैम ईमेल भेजा जाता है जिसमें अनधिकृत अटैचमेंट या लिंक होते हैं जो उन्हें खोलने के लिए लुभाते हैं, तो इसे फ़िशिंग कहा जाता है। लिंक पर क्लिक करते ही आपके साथ स्कैम शुरु हो जाता है। साइबर अपराधी आपके बारे में पता लगाकर आपकी पहचान पर किसी अन्य से धोखाधड़ी कर सकते है। आमतौर पर सोशल मीडिया अकाउंट को हैक कर लिया जाता है। इसके जरिए आपके बारे में पता लगाया जाता है। इन सब से बचाव हेतु सभी छात्र.छात्राओं को सतर्क रहने की जरूरत है।

## वैदिक मंत्रोच्चार के साथ 70 जोड़ों का विवाह संपन्न

**भीटी, अंबेडकर नगर।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनांतर्गत भीटी ब्लाक मुख्यालय पर 70 जोड़ों का सामूहिक रुप से वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विवाह संपन्न हुआ। समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा के जिला अध्यक्ष डॉ मिथिलेश त्रिपाठी व अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष कुलदीप सिंह ने किया। विशिष्ट अतिथि कटेहरी विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी अवधेश द्विवेदी तथा उप जिलाधिकारी सुनील कुमार रहे। वैवाहिक कार्य संपन्न होने के उपरांत सभी जोड़ों को 36000 का चेक, वैवाहिक प्रमाण पत्र आदि दिया गया। उक्त कार्यक्रम में प्रमुख रूप से खंड विकास अधिकारी अंजली भारतीय, क्षेत्राधिकारी शुभम कुमार, एडीओ पंचायत बृजेश सिंह, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डॉ राना वीर सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता संजय सिंह, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि अभिषेक सिंह सिंटू, मंडल अध्यक्ष खजुरी कुलदीप तिवारी, रानेश पांडे समेत आदि मौजूद रहे ।

# पुलिस बल के साथ एसपी ने की पैदल गश्त



पुलिस बल के साथ एसपी।

**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार ने मंगलवार को जनपद में शांति व सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने व आमजन में सुरक्षा का भाव जागृत करने के उद्देश्य से धनघटा थाना क्षेत्र के मिश्रित आबादी वाले हैंसर बाजार में भारी पुलिस बल के साथ फ्लैग मार्च/भ्रमण किया गया व लोगों को सुरक्षा का एहसास कराया गया। भ्रमण के दौरान हैंसर बाजार में स्थित इंडिया नंबर वन एटीएम के सीसीटीवी आदि का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। 6 दिसंबर के दृष्टिगत जनपद में सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं, जनपद के समस्त थाना प्रभारियों द्वारा थाना क्षेत्र में संवेदनशील स्थानों पर गश्त/संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग कर आमजन को सुरक्षा का अहसास कराया जा रहा है। भ्रमण के दौरान क्षेत्राधिकारी धनघटा दीपांशी राठौर, प्रभारी निरीक्षक धनघटा जयवर्धन सिंह, पीआरओ पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र यादव सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

पायनियर
लखनऊ, बुधवार, 7 दिसंबर 2022



# जिन पर अपराध करने का लगा आरोप वही जेल में रहकर बन रहे हुनरमंद

● सीतापुर जिला जेल के बंदी, कैदी बनाए जा रहे हुनरमंद

● महिला बंदी बना रहीं अचार, भगवान के आसन, हैंडिल बैग

● पुरूष बंदी बुन रहे दरियां, तैयार कर रहे मिट्टी के बर्तन

● जिला उद्योग केन्द्र दे रहा सहयोग, जेल प्रशासन ने सुलभ कराए अवसर

● कारागार में निरुद्ध है 2 हजार बंदी और कैदी

● 77 महिला बंदियों और कैदियों को बनाया जा रहा हुनरमंद

संवाददाता। सीतापुर

**जेल की** ऊंची-ऊंची चहार दीवारी के अंदर बंद कैदी और बंदी कैसे रोजगार करने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। जिन हाथों के जरिए उनसे अपराध करने का आरोप लगा है, उन्हीं हाथों को हुनरमंद बनाकर सरकार के राजस्व को बढ़ाने के साथ खुद की आमदनी पैदा करने के लिए कैसे उन्हें स्वावलंबी बनाया जा रहा है। जिला जेल की महिला बैरिक में बंद 77 महिला बंदी और कैदी अपने हाथों से किस तरह उत्पाद तैयार कर रहे है, यह देखा जा सकता है और इनके हाथों से तैयार किए गए यह उत्पाद जो बाजार में उतरने की तैयारी में है, इसे भी देखा जा सकता है। इसी तरह 2 हजार पुरूष बंदियों और कैदियों में से काफी संख्या में कैदियों और बंदियों को प्रशिक्षण देकर यह जो दरियां तैयार की गई हैं, और मिट्टी से बने हुए बर्तन तैयार हुए है, इन्हें भी बाजार में उतारने की तैयारी है। सरकार के आत्मनिर्भर भारत को साकार करते हुए, लोकल फॉर वोकल उत्पाद को बनाकर सीतापुर जिला कारागार की महिला कैदियों और बंदियों के साथ ही पुरूष कैदी बंदी सरकार की आमदनी बढ़ाने के साथ ही खुद को आत्मनिर्भर कर, मिसाल पेश कर रहे है। ऐसा मुस्कान फाउंडेशन की पहल पर जिला उद्योग केन्द्र के सहयोग और जिला जेल प्रशासन द्वारा अवसर प्रदान किए जाने से संभव हो रहा है। सीतापुर जिला कारागार में करीब दो हजार कैदी और बंदी बंद हैं। महिला और पुरूष प्रशिक्षण पाकर अपने हुनरमंद हाथों से उत्पाद तैयार करने में जुटे हुए है। महिला बंदी और कैदी पुरानी साड़ियों से भगवान के आसन बना रही है। हैंडिल बैग और लिफाफे आदि उत्पाद तैयार कर रहीं है। जेल के अंदर ही अचार भी तैयार किया जा रहा है। महिला बंदियों और कैदियों के व्यस्त हो जाने से उनका मानसिक विकार भी दूर हो रहा है। दूसरी तरफ पुरूष बंदी मशरूम की खेती करने के साथ ही दरी बनाने और मिट्टी से बर्तन तैयार करने में जुटे हुए है। बहुत जल्द ही जेल प्रशासन कैदियों, बंदियों द्वारा बनाए गए उत्पाद की एक दुकान भी खोलने की तैयारी में है। जिला उद्योग केन्द्र के डिप्टी कमिश्नर आशीष गुप्ता कैदियों और बंदियों द्वारा तैयार किए जाने वाले उत्पाद की बैंडिंग करने की योजना बना रहे है। तो जेल अधीक्षक सुरेश कुमार सिंह बंदियों और कैदियों के उत्पाद से सरकार का राजस्व बढ़ाने के साथ ही बंदियों और कैदियों की आमदनी को बढ़ाने की दिशा में एक अभिनव प्रयोग कर रहे है। उत्तर प्रदेश की सीतापुर जिला जेल इस अभिनव प्रयोग का पायलेट प्रोजेक्ट है, जो बाद में अन्य जेलों में भी लागू हो सकता है।

# अभिषेक उपाध्याय बनाए गए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव

● सुदेश कुमारी बनीं सिविल जज सीनियर प्रथम, पहले थीं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव

सचिव अभिषेक उपाध्याय ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की शक्तियों पर डाला प्रकाश

संवाददाता। सीतापुर

**जिला विधिक** सेवा प्राधिकरण को उच्च न्यायालय और सुप्रीम कोर्ट से एक नहीं तमाम शक्तियां प्रदान की गई है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पास 75 पीएलवी हैं और 128 लीगल काउंसेल्स हैं। जहां जहां भी कानून का उल्लंघन होता है, वहां जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का हस्तक्षेप रहता है। उक्त उद्गार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीतापुर के नव नियुक्त सचिव अभिषेक उपाध्याय ने व्यक्त किए। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय सीतापुर में सचिव अभिषेक उपाध्याय ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से जुड़ी तमाम महत्वपूर्ण जानकारियां दी। उन्होंने नाल्सा और साल्सा पर अलग-अलग से व्याख्या की प्राधिकरण सचिव ने बताया कि कोई भी व्यक्ति जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से कानूनी परामर्श और सहायता प्राप्त कर सकता है। फोन से भी कानूनी सहायता प्राप्त करने की व्यवस्था कर रखी गई हैं। समस्या होने पर पीड़ित व्यक्ति प्राधिकरण के पास आएं। उन्हें उनकी समस्या का समाधान जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कराएगा। बता दें कि पूर्व में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव सुदेश कुमारी थीं, हाई कोर्ट की तरफसे अब नियुक्ति सिविल जज सीनियर प्रथम पद पर की गई है। वह मजिस्टेज्ट बन गई हैं। जिसके बाद 12 नंबर के एडीजे अभिषेक उपाध्याय को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का सचिव बनाया गया है। सचिव बनने के बाद जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यों और अधिकारों की उन्होंने जानकारी दी।

## क्विक न्यूज

### आईएमसी ने की सरकारी खर्चे पर बंदर पकड़वाने की मांग

**बरेली।** इत्तेहाद ए मिल्लत कौंसिल पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव हाजी मोहम्मद इकबाल के नेतृत्व में बंदरों की समस्या को लेकर कचहरी स्थित चेंबर में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया हाजी मोहम्मद इकबाल एडवोकेट ने बताया ग्राम सिमरा अजूबा बेगम खंड विकास बिथरी चैनपुर में लगभग 500 बंदर उनके क्षेत्र में आतंक मचाए हुए हैं जिन को पकड़वाने के लिए ग्राम वासियों ने प्रधान सोनू और संजय तथा हमारे नेतृत्व में 4 सूत्री ज्ञापन जिलाधिकारी को 10 नवंबर को दिया था और मुख्यमंत्री के पोर्टल पर भी भेजा था और आईजीआरएस पर भी इसकी शिकायत की थी जिस पर प्रभागीय वन अधिकारी को निस्तारण करने और आख्या देने को निर्देशित किया गया था और उन्होंने अपने खर्चे पर बंदर पकड़ने का निर्देश जारी कर दिया किसानों की फसल बंदर बर्बाद कर रहे हैं फसल खराब हो रही है केंद्र व राज्य सरकार को अनेक बार लिखा जा चुका है कोई भी सरकारी खर्च पर बंदर नहीं पकड़ रहा है बंदरो के पकड़े जाने से गांव व कृषि क्षेत्र मुक्त हो जाएगा महिलाएं घरों में भी लौकी , तुरई , मिर्च , टमाटर , प्याज आदि फसल उखाड़ कर खराब कर देते है । अधिकारियों से जब बात की अधिकारियों ने बताया सरकारी खर्चे से बंदर नहीं पकड़ जाएंगे आप अपने खर्चे से बंदर पकड़वाये मोहम्मद मोहम्मद इकबाल एडवोकेट ने मांग की है कि बंदरों को सरकारी खर्चे पर ही पकड़ा जाए और फसलों को बचाया जाए।

### दुर्घटना में घायल युवक की मौत

**बरेली ।** बड़े भाई के विवाह समारोह के बाद विदाई में घर वापस लौट रहे मोटरसाइकिल सवार युवक की रास्ते में हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। बदायूं के दिनावर थाना क्षेत्र के गांव मई रजऊ निवासी 20 वर्षीय अभिषेक पुत्र वेदपाल की बीती रात बरेली के एक निजी अस्पताल में मौत हो गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि अभिषेक के बड़े भाई रवि का 2 दिन पूर्व विवाह हुआ था और वह कल सुबह बरात की विदा के बाद अपने घर मोटरसाइकिल से लौट रहा था उसके साथ उसका मौसेरा भाई सूरज भी मौजूद था लेकिन बिनावर स्थित मधुसूदन डेयरी के पास उसकी बाइक को पीछे से किसी वाहन ने टक्कर मार दी जिससे अभिषेक गंभीर रूप से घायल हो गया और मौसेरे भाई को मामूली चोटें आई दुर्घटना के बाद टक्कर मारने वाला वाहन फरार हो गया स्थानीय लोगों ने दुर्घटना की सूचना पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने अभिषेक को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया और उसके घर वालों को सूचना दे दी जो अस्पताल पहुंचे और उसे इलाज के लिए बरेली ले आए जहां बीती रात उसने दम तोड़ दिया ।

### ट्रेन की चपेट में आकर ग्रामीण की मौत

**बरेली ।** ट्रेन की चपेट में आकर एक ग्रामीण की मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। बदायूं के दातागंज थाना क्षेत्र के गांव नूरपुर निवासी 40 वर्षीय मीही लाल पुत्र कल्लू की भमोरा के देवचरा इलाके में ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई मृतक के घर वालों ने बताया मीही लाल देवचरा निवासी अपने किसी रिश्तेदार के घर आने के लिए कल सुबह अपने घर से चला था लेकिन देवचरा पहुंचने से पहले ही रेलवे लाइन पार करते समय वह अचानक ट्रेन की चपेट में आ गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मृतक के पास मिले मोबाइल फोन से घटना की जानकारी उसके घर वालों को दी जो मौके पर पहुंचे और शव की शिनाख्त कर ली मृतक 5 बच्चों का पिता था उसकी पत्नी का नाम भूरी देवी है पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

### बेकाबू बस पलटी, कई घायल

**बरेली।** यात्रियों को ले जा रही बस अचानक स्टेरिंग फेल होने के बाद सड़क किनारे पलट गई जिससे एक महिला समेत तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये दो को मामूली चोटें आई पुलिस ने घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा। सुभाष नगर थाना क्षेत्र के मढीनाथ स्थित सुदेश भूषण गर्ल्स इंटर कॉलेज के पास रहने वाली प्रिया पाठक पत्नी दीपक मिश्रा आज सुबह उनके ससुर सुदेश चंद्र ने जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां उन्होंने बताया कि प्रिया पाठक अलीगंज स्थित एक सरकारी प्राथमिक विद्यालय में शिक्षिका है और आज सुबह स्कूल जाने के लिए घर से निकली थी वह सुभाष नगर गन्ना मिल के पास स्थित प्राइवेट बस स्टैंड से सिरौली जाने वाली एक प्राइवेट बस पर सवार हुई थी लेकिन जब उसकी बस भमोरा के गांव कोडारिया स्थित रमपुरा मोड़ पर पहुंची तभी अचानक बस का स्टेरिंग फेल हो गया और वह बेकाबू होकर सड़क किनारे पलट गई जिससे प्रिया पाठक समेत तीन लोग घायल हो गए पुलिस ने प्रिया को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा।

# सरकारी धन के दुरुपयोग के मामले में डीएम ने प्रधान के अधिकार किए सीज

● रामपुर मथुरा की ग्राम पंचायत तुलापुर का मामला

**सीतापुर।** सरकारी धन के दुरूपयोग के एक मामले में डीएम अनुज सिंह ने ब्लाक रामपुर मथुरा की ग्राम पंचायत तुलापुर के प्रधान नूरूल के अधिकार सीज कर दिए है। जिलाधिकारी ने डीडीओ हरीश चंद्र प्रजापति को जांच अधिकारी नामित करते हुए एक माह के अंदर साक्ष्यों सहित जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा है। तब तक के विकास कार्यों के लिए तीन सदस्यीय समिति गठित की गई है। समिति में ग्राम पंचायत सदस्य रेशमा पत्नी अब्दुल अजीज, रामू पुत्र भगौती, ममता देवी पत्नी अमित कुमार को नामित किया गया है। ग्राम प्रधान नूरूल पर यह कार्रवाई समय पर जवाब प्रस्तुत न करने पर की गई है। बताया जाता है ग्राम प्रधान नूरूल ने एक लाख 3 हजार 300 रूपए की धनराशि व्यक्ति विशेष के खाते में हस्तांतरित की। इसी मामले में उचित समय पर उत्तर न देने पर कार्रवाई की गई है। प्रधान को गबन के मामले में दोषी पाए जाने पर उन्हें, कारण बताओं नोटिस 19 सिंतबर 2022 को जारी की गई थी। प्रधान ने यह नोटिस 21 सितंबर 2022 को प्राप्त की थी, जबकि नोटिस का जवाब ग्राम प्रधान ने 3 दिसंबर 2022 को प्रस्तुत किया है। उत्तर समयावधि के बाद कार्यालय में प्राप्त कराए जाने पर उन्हें आदेश की अवहेलना का दोषी पाया गया। बता दें कि ग्राम प्रधान ने 9 सितंबर 2022 को विकास कार्य के लिए 4 लाख 46 हजार रूपयों में 4 लाख 38 हजार की एमबी कराई थी। जिसमें मजदूरी अंश में एक लाख 3 हजार रुपए की धनराशि स्वीकृत हुई। यह स्वीकृत धनराशि ग्राम प्रधान ने व्यक्ति विशेष के खाते में स्थानांतरित की थी।

# बाबा साहेब डा. भीमराव अंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर हुई गोष्ठी

**बरेली ।** संविधान शिल्पी भारत रत्न बाबा साहेब डा भीमराव अंबेडकर जी के परिनिर्वाण दिवस के अवसर पर शाहमत गंज चौराहा स्थित जिला कांग्रेस कार्यालय पर एक विचार गोष्ठी हुई ।जिसका संचालन जिला उपाध्यक्ष दिनेश दद्दा ने किया ।विचार गोष्ठी में अपने विचार व्यक्त करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मिर्जा अशफाक सकलैनी ने कहा बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी ने समाज से भेदभाव खत्म किया उनका सपना था एक ऐसे भारत का जिसमें सभी लोग मिलजुल कर एक साथ बैठकर खाना खाए एक साथ रहे ।उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश प्रवक्ता डॉक्टर के0 बी0 त्रिपाठी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर ने इतने खूबसूरत संविधान का निर्माण किया जिसमें सभी को अधिकार दिए गए हैं ऐसी शख्सियत को शत शत नमन उन्होंने भारत देश का नाम विदेशों में भी रोशन किया ।उत्तर प्रदेश शिक्षक प्रकोष्ठ के महासचिव प्रोफेसर यशपाल सिंह ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा आज इस परिनिर्वाण दिवस के अवसर पर हम देश की एक ऐसी शख्सियत भारत रत्न बाबा साहब भीमराव अंबेडकर जी को याद कर रहे हैं जिन्होंने सभी के दर्द को समझा और उसको दूर करने का प्रयास किया उनका सपना था एक ऐसे भारत का जहा सभी लोग एक साथ रहे ।कार्यक्रम के बाद उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रोफेसर यशपाल सिंह ने बरेली महापौर पद के लिए अपना आवेदन जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मिर्जा अशफाक सकलैनी को दिया ।उपस्थित कांग्रेस जनों में पूर्व विधायक मास्टर छोटे लाल गंगवार, जिला उपाध्यक्ष दिनेश दद्दा, जिला महासचिव जिया उर रहमान, जिला उपाध्यक्ष सुरेश बाल्मीकि, पूर्व विधानसभा प्रत्याशी ब्रह्मानन्द शर्मा, सुनील मनचंदा, दत्त राम गंगवार सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

# ससुराल से लौट रहे युवक की दुर्घटना में मौत

**बरेली।** ससुराल से लौट रहे मोटरसाइकिल सवार एक युवक की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। सिरौली थाना क्षेत्र के गांव चंदू पुरा निवासी रामसिंह कल शाम आंवला थाना क्षेत्र के गांव बालरपुर और चंदू पुरा के बीच हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई मृतक के घर वालों ने बताया कि रामसिंह कल दिन में बालरपुर स्थित अपनी ससुराल गया था जहां से शाम को घर वापस लौटते समय कुछ दूर चलने के बाद ही उसकी बाइक को पीछे से आए किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया दुर्घटना के बाद टक्कर मारने वाला वाहन फरार हो गया लोगों ने दुर्घटना की सूचना पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने राम सिंह को जिला अस्पताल भेजा।

# हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार, असलहा बरामद



**लखीमपुर-खीरी।** थाना ईसानगर पुलिस द्वारा अवैध शस्त्र व कारतूस के साथ एक नफर हिस्ट्रीशीटर अभियुक्त चोखे उर्फ जोखे पुत्र रामदत्त को गिरफ्तार किया गया। एसपी संजीव सुमन के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक के निकट पर्यवेक्षण में जनपद खीरी में अपराध की रोकथाम एवं अवैध शस्त्रों के निर्माण/बिक्री व परिवहन पर रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत आज छह दिसम्बर थाना ईसानगर पुलिस द्वारा ग्राम चन्द्रासा कलां मोड़ पानी की टंकी के पास दीवार के पास से अभियुक्त चोखे उर्फ जोखे पुत्र स्व. रामदत्त निवासी ग्राम दामूबेहड़ मजरा चन्द्रासां कलां थाना ईसानगर खीरी को एक अवैध तमंचा 12 बोर व एक जिन्दा कारतूस 12 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त चोखे उर्फ जोखे के विरुद्ध थाना ईसानगर पर मुकदमा अपराध संख्या 623/2022 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर अभियुक्त का चालान न्यायालय किया गया ।चोखे उर्फ जोखे पर बीस मुकदमें दर्ज हैं। गिरफ्तार करने वाली टीम में उप निरीक्षक विद्या सागर शुक्ला थाना ईसानगर, हेड कांस्टेबल तिलेश्वर सिंह व कांस्टेबल शिवचन्द कुमार शामिल रहे।

# दुलही के बच्चों ने विज्ञान शिक्षण में भी दिखाया दमखम





संवाददाता। निघासन खीरी

**राष्ट्रीय आविष्कार** अभियान अंतर्गतब्लाक संसाधन केंद्र रमियाबेहड़ में आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी एवं क्विज प्रतियोगिता में उच्च प्राथमिक विद्यालय दुलही के बच्चों ने कमाल का प्रदर्शन करते हुए जनपद स्तर पर प्रत्येक विकास क्षेत्र से चयनित उत्कृष्ट 6 मॉडल व क्विज प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए प्रथम पांच स्थान अकेले उच्च प्राथमिक विद्यालय के बच्चों ने प्राप्त किया। इन बच्चों में प्रिया राजपूत कक्षा 7, बादल राजपूत कक्षा आठ, नैंसी चक्रवर्ती कक्षा 8, प्रिया कक्षा 7 और अजीत शाक्य कक्षा 8 उत्कृष्ठ प्रदर्शन किया। निर्णायक मंडल में विकास क्षेत्र के एआरपी आशीष श्रीवास्तव, अजय वर्मा,राम मोहन, अनीता मिश्रा व खंड शिक्षा अधिकारी रमियाबेहड हृदय शंकर लाल जी के द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के कारण बच्चों को बधाई एवम भविष्य में बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी। इन बच्चों को विद्यालय के प्रधानाध्यापक एवं विज्ञान शिक्षक ओमप्रकाश के द्वारा तैयार किया जाता है। विद्यालय में भी उन्होंने विज्ञान से संबंधित विज्ञान कक्ष में इस तरीके से सजाया है कि बच्चे अपने आप आकर्षित हो जाते हैं। विज्ञान कक्षा में विज्ञान प्रयोगशाला से संबंधित उपकरण, विज्ञान किट, मॉडल तथा स्पेसिमेन उपलब्ध हैएम विभिन्न प्रकार के विज्ञान विषय संबंधित ज.स.उ. का निर्माण व उनका उपयोग विज्ञान शिक्षक एवम इंचार्ज प्रधानाध्यापक ओमप्रकाश के द्वारा बच्चों के सहयोग से कराया जाता है। बच्चों को विजेता होने के कारण प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किया गया। उधर जनपद स्तर पर भी बच्चों ने अच्छा प्रदर्शन किया, और स्टॉल का निरीक्षण जिलाधिकारी महोदय महेंद्र बहादुर सिंह द्वारा भी किया गया,जिस कारण से जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी लक्ष्मी कांत पांडे एवं प्राचार्य जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान जेपी मिश्र जी के द्वारा भी इन बच्चों को प्रमाण पत्र खंड शिक्षा अधिकारी के द्वारा इंचार्ज प्रधानाध्यापक एवं विज्ञान शिक्षक ओमप्रकाश के माध्यम से बच्चों तक पहुंचाया। विज्ञान शिक्षक ओम प्रकाश की तारीफ करते हुए कहा कि इसी प्रकार बच्चों को तैयार कराते रहें,जिससे बच्चों का समग्र विकास हो सके और उनके अंदर वैज्ञानिक सोच उत्पन्न हो सके।

# जीएसटी सेल का बड़े दुकानदारों यहां पड़ा छापा, मचा हड़कंप



**मोहम्मदी-खीरी।** सेल टैक्स जीएसटी का मोहम्मदी के नगर के बड़े दुकानदारों पर छापा पड़ा। दुकानदारों में हड़कंप मच गया। दुकानदार दुकानें बंद कर भाग गए। जानकारी के अनुसार कमिश्नर के निर्देश पर असिस्टेंट कमिश्नर जीएस वर्मा, डिप्टी कमिश्नर ललित कुमार उपाध्याय और सीटीओ राम प्रसाद की 3 सदस्य टीम ने आज नगर के दो दुकानों पर जीएसटी न जमा करने पर छापा मारा जहां पर उन्होंने जीएसटी संबंधी कागजात देखें, डिप्टी कमिश्नर ललित कुमार उपाध्याय ने बताया कि कमिश्नर के निर्देश पर यह जांच की जा रही है। हमारी 3 सदस्य टीम है अभी तक दो दुकानों की जांच हमने की है तथा यह रूटीन जाचो में मानी जाती है।

# नगर का होगा चौमुखी विकास, पानी निकास की होगी समुचित व्यवस्था: पल्लवी पांडे



**मोहम्मदी-खीरी।** नगर पालिका मोहम्मदी की सामान्य महिला सीट हो जाने के बाद समाजवादी पार्टी के टिकट के सशक्त दावेदार अभिषेक पांडे व उनकी पत्नी पल्लवी पाडें ने एक प्रेस वार्ता आयोजित की, जिसमें उन्होंने समाजवादी पार्टी एक टिकट की मजबूत दावेदारी सामने रखी, उन्होंने बताया कि अगर आप लोगों के सहयोग से नगर पालिका परिषद में अध्यक्ष जीतती हूं तो निश्चित रूप से मोहम्मदी का चौमुखी विकास होगा, मोहम्मदी में बच्चों के खेलने के लिए एक स्टेडियम, पानी की निकासी की समुचित व्यवस्था मेहंदी वाग को पार्क के रूप में स्थापित करना, निर्माण कार्य में भ्रष्टाचार को पूरी करें समाप्त करना, संमुचित सफाई व्यवस्था के साथ-साथ एक प्रेस क्लब कार्यालय की स्थापना अवश्य कराया जाएगा, अभिषेक पांडे व पल्लवी पांडे ने संयुक्त रूप से बताया कि गरीब जनता से लेकर अधिवक्ताओं, ब्राह्मण सहित अन्य समाज का भरपूर समर्थन मिल रहा है,वही,सभासदों तथा मोहम्मदी के बुद्धिजीवियों का भरपूर समर्थन व सहयोग मिल रहा है। आप लोगों के माध्यम से समाजवादी पार्टी का टिकट मिलता है। निश्चित रूप से सपा प्रत्याशी यहां से जीतेगा। उन्होंने कहा मैं और मेरी पत्नी लगातार समाजवादी पार्टी की सक्रिय सदस्य के रूप में रही हैं और जनता की मांग के अनुरूप समाजवादी पार्टी का टिकट मांगने का काम कर रहा हूं। इसका भरपूर समर्थन हर समाज से मुझे मिल रहा है। मीडिया के सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि मेरे पति नगर पालिका परिषद के सभासद भी हैं परंतु नगर पालिका परिषद के सभासद का कोई स्थान नहीं है। व्यक्ति विशेष के कहने पर ही सफाई से लेकर अन्य कार्य किए जाते रहे हैं। नगर पालिकाध्यक्ष बनी तो नगर पालिका में शिकायत और निराकरण के लिए एक विशेष काउंटर की व्यवस्था की जाएगी। वहीं महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए अनेकों प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने प्रेस वार्ता में बताया कि स्वास्थ्य सेवाओं के लिए प्रतिमाह प्रत्येक वार्ड में स्वास्थ्य शिविर लगाए जाएंगे जिससे नगर के गरीब वह आशा है लोगों को संचित स्वास्थ्य व्यवस्था मिल सके।

# डा. अम्बेडकर का मनाया गया परिनिर्वाण दिवस



**लखीमपुर-खीरी।** शहर कांग्रेस कमेटी ने आज भारत के संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर का परिनिर्वाण दिवस मनाया। सर्वप्रथम डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। तत्पश्चात आउटरीच विभाग के जिला अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार मिश्रा ने बाबा साहेब के योगदान को नमन करते हुए कहा कि बाबा साहब के कारण ही समाज में बराबरी की बात पूर्ण रूप से स्थापित हुई और आज उनके कार्यों के कारण दलित एवं पिछड़ा समाज समाज में बढ़-चढ़कर भागीदारी कर रहा है। भारत का संविधान विश्व के सर्वश्रेष्ठ संविधान में आता है जिसमें सभी जातियों धर्मों और वर्गों के हक की बात की गई है। महिला प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष ऋतुराज ने कहा कि आज हम सभी लोगों को यह शपथ लेनी चाहिए कि डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के बताए हुए रास्ते पर चलेंगे तथा संविधान के नियमों का पूरी तरह से पालन करेंगे। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष रवि तिवारी, जिला सचिव राजेंद्र गुप्ता, पीसीसी राम कुमार मिश्रा, तेजपाल गुप्ता, रवि गोस्वामी, अब्दुल रहीम, आलोक राजपूत, रिंकू राजपूत, रघुनंदन राज पासी, उपेंद्र वर्मा, रामपाल शाक्य नवाज खान आदि कांग्रेसी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# पत्रकार से अभद्रता के मामले में गोला कोतवाल बैकफुट पर

संवाददाता। गोला गोकर्णनाथ-खीरी

**20 दिनों** से लगातार सुर्खियों में चले आ रहे पत्रकार उत्पीड़न के मामले में गोला कोतवाल धर्म प्रकाश शुक्ला ने अपनी गलती स्वीकारते हुए एपजा चीफ कोऑर्डिनेटर अनुराग सारथी की उपस्थिति में ऑन कैमरा पीड़ित पत्रकार कौशल शर्मा से माफी मांगी। दरअसल 13 नवंबर 2022 को पत्रकार कौशल शर्मा ने बाइक चोरी की एक खबर अखबार में प्रकाशित करवाई थी जिस पर पुलिस प्रशासन के एक्शन में आने के बाद बाइक व चोर बरामद भी हुआ था पत्रकार कौशल शर्मा का आरोप है कि पुलिस ने मोटी रकम लेकर चोर पर बिना कार्रवाई किए मामले को रफा दफा कर दिया। वही खबर छपने से तिलमिलाकर गोला कोतवाल धर्म प्रकाश शुक्ला ने पत्रकार कौशल शर्मा को अपने चेंबर में बुलाकर अभद्र गालियां दी थी। जिसको लेकर 14 नवंबर में पीड़ित पत्रकार ने क्षेत्राधिकारी गोला को प्रार्थना पत्र के साथ साक्ष्य ऑडियो क्लिप देकर अपनी आपबीती सुनाई थी। जिला प्रशासन द्वारा लगभग 15 दिन बीत जाने के बाद भी कार्रवाई न कर मामले को दबाने का प्रयास देखते हुए पत्रकारों में आक्रोश बढ़ता गया जिसको लेकर 27 नवंबर को ऑल इंडिया प्रेस जर्नलिस्ट एसोसिएशन चीफ कोऑर्डिनेटर अनुराग सारथी की अध्यक्षता में एक बैठक गोला नगर पालिका की सभागार में संपन्न हुई, जिसमें अनुराग सारथी ने एडिशनल एसपी से तत्काल बात करते हुए कार्रवाई की मांग की और कार्रवाई ना होने पर कोतवाल धर्म प्रकाश शुक्ला के खिलाफ एक बड़ा पत्रकारों का आंदोलन करने की चेतावनी प्रशासन को दी थी।

खीरी प्रशासन गोला कोतवाल को फिर भी बचाने मे जुटी रही। 14 नवंबर को दी हुई तहरीर पर कार्रवाई नहीं की गई जिसके बाद 3 दिसंबर 2022 को जिला के पत्रकार पवन सक्सेना ने नवागत आईजी तरुण गाबा को फोन के द्वारा पूरे मामले से अवगत कराया जिस पर नवागत आईजी ने तुरंत खीरी एसपी से बात कर कार्रवाई का आश्वासन दिया। जिसके लगभग 10 मिनट बाद एसपी पीआरओ राकेश यादव ने पत्रकार पवन सक्सेना से बात कर अपना पर्सनल नंबर देकर पुनः साक्ष्य की ऑडियो मांगी।

लगातार 20 दिन तक मामले को दबाए बैठी खीरी पुलिस के हाथ से जब मामला निकल कर आई जी के संज्ञान में पहुंचा जिसके बाद आईजी के हस्तक्षेप के बाद जब गोला कोतवाल धर्म प्रकाश शुक्ला को कार्रवाई होने का भय व्याप्त हुआ जिसके चलते आनन-फानन मे पत्रकार संगठन एपजा चीफ कोऑर्डिनेटर अनुराग सारथी की उपस्थिति में कैमरे पर अपनी गलती को स्वीकारते हुए खेद प्रकट कर पत्रकार कौशल शर्मा से माफी मांगी। जिसकी वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुई। कोतवाल ने कैमरे पर अपनी गलती मानते हुए बयान दिया कि मुझे जानकारी नहीं थी कि कौशल शर्मा पत्रकार हैं यदि मेरे शब्दों से कोई आहत हुई तो मैं खेद प्रकट करता हूं। जिसकी वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते ही लोगों के तरह-तरह के बयान आना शुरू हो गए। किसी ने कहा कि पत्रकार है तो कोतवाल ने माफी मांग ली क्या अन्य लोगों के साथ ऐसे ही अभद्रता करते रहेंगे।

# पशु चिकित्साधिकारी बिंवार को मिली प्रतिकूल प्रविष्टि

## ● डीएम ने सभी डिप्टी सीवीओ व बीडीओ से स्पष्टीकरण मांगा

संबाददाता। हमीरपुर

**जनपद के** अस्थाई गौ आश्रय स्थलों के प्रबंधन संबंधी बैठक में जिलाधिकारी ने बिवार अस्पताल के पश चिकित्साधिकारी को काम में लापरवाही पर प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश दिए। इसी प्रकार ग्राम पंचायत स्तर पर नियमित रूप से बैठक न करने तथा इससे संबंधित अन्य कार्यो में लापरवाही पर जिलाधिकारी ने समस्त उप मुख्य चिकित्सा अधिकारियो एवं समस्त खंड विकास अधिकारियों का स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिए है।

जिलाधिकारी डा.चंद्रभूषण ने कहा कि गौशालाओं में ठंड से बचाव को देखते हुये समुचित प्रबंध रखे जाएं तथा सभी पशु आश्रय स्थलो में शेड आदि की व्यवस्था कर ली जाए। सड़को , नगर क्षेत्रों में इधर उधर घूमने वाले पशुओं को कैटल कैचर से पकड़कर उन्हें गौशालाओ में छोड़ा जाय।बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि शत प्रतिशत अन्ना गौवंश का गौशालाओं में संरक्षण हो जाना चाहिए । कोई भी अन्ना गोवंश सड़क पर दिखाई देने पर संबंधित खंड विकास अधिकारी, नगरीय क्षेत्र में ईओ,पशु चिकित्सा अधिकारी, ग्राम सचिव एवं अन्य संबंधित की जिम्मेदारी तय कर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने कहा कि अन्ना पशुओं के सड़कों पर घूमने से दुर्घटनाएं होती हैं जिससे लॉ एंड ऑर्डर की समस्या उत्पन्न होती है अतः सड़कों पर किसी भी दशा में अन्ना गोवंश इधर-उधर घूमते नहीं पाए जाने चाहिए ,उनकी देखरेख में चरवाहे अनिवार्य रूप से लगे होने चाहिए तथा चरवाहों का समय से भुगतान हो जाना चाहिए अन्यथा की स्थिति में संबंधित पशु चिकित्साधिकारी , ग्राम पंचायत सचिव ,एडीओ पंचायत एवं बीडीओ सहित अन्य सभी संबंधित की जिम्मेदारी तय होगी ,तदनुसार कार्रवाई की जाएगी उन्होंने कहा कि समस्त एसडीएम द्वारा गोवंश संरक्षण के संबंध में तहसील स्तरीय अनुश्रवण समिति की नियमित रूप से बैठक कर उसकी अच्छे ढंग से मॉनिटरिंग करें जिलाधिकारी ने कहा कि अस्थाई गौ आश्रय स्थलों के प्रबंधन हेतु जो धनराशि दी गई है उसका उपभोग कर उपभोग सर्टिफिकेट शीघ्र दे दिया जाए ताकि भरण पोषण हेतु आगे के लिए धनराशि स्वीकृत की जा सके ।

## पांच साल में हरेक गांव की तस्वीर होगी शहरनुमा

संवाददाता। हमीरपुर



ग्राम गिमुहा में योजना के बारे में ग्रामीणों को जानकारी देते सचिव नीरज सचान

**भारत सरकार** ने सतत विकास लक्ष्य के तहत प्रदेश के गांवों को पांच साल में आत्मनिर्भर व बुनियादी ढांचे को मजबूत करने का फैसला किया है। इसके लिये पूरी योजना तैयार कर स्वच्छ भारत अभियान के कर्मियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

जिला पंचायत राज अधिकारी(डीपीआरओ) राजेंद्र प्रकाश ने आज बताया कि भारत सरकार ग्रामीण ढांचे को पूरी तरह सशक्त करने के लिये एक नयी रुप रेखा पहली मर्तवा तैयार की है,अभी तक जिले के कुछ गांवों को ओडीएफ प्लस के रुप में चयनित किया गया था मगर अब पूरा जिले को विकसित कर गांवों की तस्बीर बदलने का काम किया जायेगा। गांवों को गरीबी से मुक्त करने के लिये कौशल विकास लागू कर अकुशल श्रमिकों का पंजीकरण किया जायेगा। आपदा प्रबंधन पर टास्क फोर्स का गठन,कृषि विज्ञान केंद्रों के साथ समन्यव स्थापित करने के साथ साथ स्वयं सहायता समूहों की कार्ययोजना विकसति किया जायेगा। इसी प्रकार बाल हितैषी गांव के तहत जल एवं सुविधा युक्त आगनवाड़ी,बाल सभा गठन, पौष्टिक युक्त भोजन,पोषण वाटिका का निर्माण करने का फैसला किया गया है। यही नही शासन ने फैसला किया है कि बालश्रम,बाल विवाह,बाल उत्पीडन,बालशोषण तस्करी को पूरी तरह समाप्त किया जायेगा। एमडीएम की पूरी तरहनिगरानी की जायेगी। इसी प्रकार सुरक्षित रुप से सुरक्षित गांव के तहत प्रवासी श्रमिकों को रोजगार व राशनकार्ड उपलब्ध कराना,ग्राम सभाओं का मजबूत,दिव्यागों का विकास किया जायेगा। गावों में ग्राम स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण समिति का गठन किया जायेगा।

## नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन की तैयारियां शुरू

**कानपुर देहात।** जिलाधिकारी नेहा जैन द्वारा विकास भवन सभागार में नगरीय निकाय सामान्य निर्वाचन 2022 की तैयारियों को दृष्टिगत आयोजित आरओ एवं एआरओ प्रशिक्षण सत्र की अध्यक्षता करते हुए प्रशिक्षण के दौरान सभी को निर्वाचन के अंतर्गत नामांकनए स्क्रूटनीए आदि बिंदुओं पर की जाने वाली कार्यवाही के संबंध में विस्तार से बताया गया एवं प्रशिक्षण में जानकारी करते हुए उनके द्वारा बताई गई समस्याओं का समाधान भी देते हुए आवश्यक निर्देश दिए गए। प्रशिक्षण में नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किये जानेए उनकी जांच व निर्विरोध निर्वाचन किये जाने हेतु अध्यक्ष व सदस्य नगर पालिका व पंचायत पद हेतु प्रथक प्रथक की जाने वाली कार्यवाही के संबंध में जानकारी दी गयी एवं प्रश्नोत्तरी की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि निर्वाचन जनतंत्र का महत्वपूर्ण अंग हैए जिसमें सभी का पूर्ण निष्पक्ष सहयोग अनिवार्य हैए एवं इसमें किसी प्रकार की शिथिलता क्षम्य नही की जायेगी।

## क्विक न्यूज

### हार्ट अटैक से मंडी सहायक की मृत्यु

**मुस्करा (हमीरपुर)।** मुस्करा गल्ला मंडी में तैनात मंडी सहायक की हृदय गति रुक जाने से अचानक मृत्यु हो गई। नवीन गल्ला मंडी मुस्करा में मंडी सहायक के पद पर नेम सिंह लोधी(57) तैनात थे कल देर रात अचानक उन्हें हार्ट अटैक आ गया तुरंत ही उनका पुत्र हरीश कुमार अपने पिता को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मुस्करा ले गया जहां ड्यूटी पर तैनात डॉ शिवजी गुप्ता ने उन्हें मृत घोषित कर दिया पुत्र हरीश कुमार ने बताया कि उनके पिता मूल रूप से ग्राम चंदौली बुजुर्ग जनपद अलीगढ़ के रहने वाले थे यहां पर मंडी सहायक के पद पर नौकरी कर रहे थे उनकी मां की मृत्यु भी कोरोना काल के दौरान हो गई थी अब पिता की मृत्यु हो जाने से वह अनाथ हो गए हैं पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर कार्रवाई की।

### चार मौतों पर दोनों पक्षों ने लिखाया मुकदमा

**राठ (हमीरपुर)।** चार दिन पूर्व बुंदेखंड एक्सप्रेस वे पर जखेड़ी गांव के पास दो गाड़ियों की आमने सामने टक्कर में चार लोगों की मौत हो गई थी। दोनों पक्षों की ओर से कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया। फतेहपुर के हरिहर गंज निवासी रविंद्र पाल सिंह ने बताया 3 दिसंबर को उनके पुत्र आशीष सिंह अपनी रिश्तेदार सत्या व अंजू सिंह के साथ दतिया के पीतांबरा माता मंदिर में दर्शन करने गए थे। कार देवीगंज फतेहपुर निवासी दीपक मिश्रा चला रहे थे। लौटते समय बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे पर कार की टक्कर से आशीष सिंह व सत्या की मौत हो गई। वहीं घायल दीपक मिश्रा व अंजू का मेडिकल कालेज झांसी में इलाज चल रहा है। इसी प्रकार मध्य प्रदेश के न्यू हाउसिंग बोर्ड कालोनी मुरैना निवासी उत्सव शर्मा ने बताया 3 दिसंबर को पिता रविंद्र शर्मा, मुरैना जिले के खनेता निवासी मुकेश यादव के साथ चित्रकूट से दर्शन कर लौट रहे थे। एक्सप्रेस वे पर विपरीत दिशा से आ रही स्कार्पियो गाड़ी की टक्कर से दोनों की मौत हो गई थी। कोतवाली प्रभारी तारासिंह पटेल ने बताया दोनों पक्षों की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

### 72 जोड़े विवाह के बंधन में बंधे

**रसूलाबाद कानपुर देहात।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत 72 जोड़ों का सामूहिक विवाह हर्षोल्लास के साथ संपन्न होगा। जिसको लेकर तैयारियां युद्धस्तर पर चल रहीं हैं। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत रसूलाबाद क्षेत्र के असालतगंज में स्थित गैलेक्सी गार्डन में सामूहिक विवाह हर्षोल्लास के साथ संपन्न होगा। उक्त संदर्भ में खंड विकास अधिकारी कमलेश कुमार ने बताया कि आगामी 9 दिसंबर को 72 जोड़े एक दूसरे का हाथ थामेंगे। जिनको मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत अनुदान भी दिया जाएगा। 72 जोड़ों में 3 जोड़े मुस्लिम समुदाय के हैं। इस बार पूरे 72 जोड़े रसूलाबाद विकास खंड क्षेत्र के ही हैं। कार्यक्रम में कई जनप्रतिनिधि व अधिकारी मौजूद रहेंगे।

### टैंकर की टक्कर से होमगार्ड घायल



**घाटमपुर।** नगर के मुख्य चौराहे पर तैनात एक होमगार्ड डीजल टैंकर की टक्कर से घायल हो गया जिसे इलाज के लिये अस्पताल में भर्ती कराया गया है, द्वारिका नामक उक्त होमगार्ड की तैनाती इस माह कोतवाली में है, होमगार्ड ने बताया कि आज उसकी डियुटी यातायात नियंत्रण के चौराहे पर लगी थी दोपहर बाद करीब 1 बजे जब वो यातायात नियंत्रण कर रहा था कि तभी उसने भोगनीपुर कीओर से आये वाहनों को निकालने के लिय हमीरपुर की ओर से आ रहे वाहनों को रोकने का इसरा किया लेकिन डीजल टैंकर का चालक तेज रफ्तार से आकर टक्कर मार दी। कोतवाली पुलिस ने बताया कि पकड़े गये टैंकर के चालका व होमगार्ड द्वारिका के बीच समझौता हो गया है जिसके चलते टैंकर को जाने दिया गया है।

### तहसील व कुष्माण्डा देवी मंदिर में बनाए गए रैन बसेरे



**घाटमपुर।** सर्दी का मौसम शुरु होते ही नगर पालिका ने रात्रि में ठहरने वाले यात्रियों और साधन बिहीन निराश्रित लोगों के लिये सर्दी से बचाव के लिये दो रैन बसेरा बनाये है इनमें एक कानपुर रोड पर स्थित कुष्मॉण्डा देवी मंदिर और दूसरा तहसील परिसर में है। सोमवार को उप जिलाधिकारी अमित ओमर जिनके पास नगर पालिका के ई0ओ0 का भी चार्ज है दोनों रैन बसेरों का निरीक्षण कर वहॉ तैनात कर्मचारियों से ओढ़ने-बिछाने के लिये बिस्तर तथा अन्य व्यवस्थाओं के बावत पूछताछ कर आवश्यक निर्देश दिये। एक ओर जहॉ नगर में रैन बसेरा बनाये गये हैं वही दूसरी ओर आने वाले दिनों में ठन्ड का प्रकोप बढ़ने की सम्भावना को देखते हुए एसडीएम अमित ओमर ने नगरीय क्षेत्र में अलाव जलवाने के लिये प्वाइन्ट चिन्हित करने का आदेश दिया है।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने दी अंबेडकर को श्रद्धांजलि



**फतेहपुर।** शहर के राधा नगर इलाके में वार्ड नंबर 3 बक्सपुर में निकाय चुनाव प्रभारी राम किशोर साहू एवं भाजपा जिला अध्यक्ष आशीष मिश्रा ने पहुंचकर बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के 67वे पर निर्माण दिवस पर बक्सपुर मलिन बस्ती में भीमराव अंबेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण कर अंबेडकर के बारे में विस्तार से चर्चा की। भाजपा कार्यकर्ताओं ने डॉक्टर अंबेडकर को श्रद्धांजलि दी गई। वार्ड नंबर 22 के संभावित सभासद प्रत्याशी सुनील गुप्ता, ज्ञानू सचान, अक्षय लोधी, पंकज त्रिपाठी, डॉ देवाशीष चौधरी, सुशीला मौर्या, अर्चना त्रिपाठी, शैलेंद्र शरण सिंपल, अमित शिवहरे आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### परिनिर्वाण दिवस पर सपाइयों ने बाबा साहब को किया याद



**फतेहपुर।** संविधान निर्माता डा. भीमराव अंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर समाजवादी पार्टी के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने खागा नगर स्थित वाचनालय पहुंचकर बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। तत्पश्चात अंबेडकर के संविधान में रहकर लोगों को आगे बढ़ाने की शपथ ली गई। समाजवादी पार्टी के खागा नगर अध्यक्ष कलीम शेख की अगुवाई में पदाधिकारी व कार्यकर्ता वाचनालय पहुंचे। जहां स्थापित बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके श्रद्धांजलि देने का काम किया। तत्पश्चात सभी ने डा. भीमराव अंबेडकर के संविधान में रहकर लोगों को आगे बढ़ाने की शपथ ली। नगर अध्यक्ष श्री शेख ने कहा कि बाबा साहब सभी वर्गो को साथ लेकर चलने के हिमायती थे। शोषित, वंचित एवं पिछले समाज के लिए उन्होने कई सराहनीय कार्य किये। संविधान में एकता का पाठ पढ़ाया। उन्होने कहा कि आज उनके मार्ग पर चलने की जरूरत है। तभी राष्ट्र को आगे बढ़ाया जा सकता है। इस मौके पर इंदल सिंह, अखिलेश मौर्या, शिव सिंह यादव, अंकित यादव, अंशू यादव, प्रेम शर्मा, प्रभु सभासद, आसिफखान उपस्थित रहे।

### गोमांस से बने खाद्य पदार्थों की बिक्री को लेकर हिन्दूवादी संगठनों ने दिया धरना

**जालौन (उरई)।** नगर में गोमांस और गोमांस से बने खाद्य पदार्थों की बिक्री होने का आरोप लगाते हुए गोरक्षा अभियान, गोसंपदा संरक्षण शोध संस्थान व हिंदू संगठनों के पदाधिकारियों ने तहसील परिसर में धरना देकर एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। एक सप्ताह में गोमांस की दुकानें बंद न होने पर कार्यकर्ताओं ने गोमांस की दुकानों सामने धरना देने की चेतावनी दी। हिंदू युवा वाहिनी के निवर्तमान जिलाध्यक्ष राजासिंह सेंगर गधेला, गौसंदा संरक्षण शोध संस्थान के संस्थापक अनिल शिवहरे, गोरक्षा अभियान महिला इकाई की अध्यक्ष मधु पांडेय के नेतृत्व में करीब एक सैकड़ा लोग तहसील परिसर में पहुंचे और वहां नगर में गोमांस व गोमांस से बने खाद्य पदार्थों की बिक्री होने का आरोप लगाते हुए तहसील परिसर में धरना दिया। धरना देकर हिंदू संगठनों ने जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन एसडीएम सना अख्तर को सौंपकर बताया कि नगर में बड़े पशुओं को काटने के लिए कोई अधिकृत वधशाला नहीं है और न ही उनका मांस बेचने का कोई लाइसेंस नहीं है।

### डॉ. अंबेडकर को 67 वीं पुण्यतिथि पर अनुयायिओं ने दी श्रद्धांजलि

**जालौन (उरई)।** डॉ. भीमराव अंबेडकर की 67वीं पुण्यतिथि महापरिनिर्माण दिवस के रूप में मनाई गई। जन अधिकार पार्टी ने नगर पालिका परिषद कार्यालय में लगी मूर्ति का माल्यार्पण कर उन्हें याद किया और समाज के प्रति उनके योगदान को याद किया। जन अधिकार पार्टी के मंडल सचिव बृजमोहन कुशवाहा ने कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर को संविधान का जनक कहा जाता है। 6 दिसंबर 1956 को उनकी मृत्यु हुई थी। हर साल 6 दिसंबर के दिन उनकी पुण्यतिथि को महापरिनिर्वाण दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने समाज के उत्थान के लिए काम किया और दबे, कुचले वशोषित समाज को उचित सम्मान व स्थान दिलाया। उनके द्वारा दिखाए गए रास्ते पर चलना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। मंडल उपाध्यक्ष बालकराम दोहरे ने डॉ. अंबेडकर को शोषित समाज का मसीहा बताते हुए कहा कि समाज में जो बदलाव दिख रहा है वह उनके ही प्रयासों का नतीजा है।

## सपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र यादव उर्फ जग्गू के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**फर्रुखाबाद।** सपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष देवेंद्र यादव उर्फ जग्गू के खिलाफ कोतवाली फतेहगढ़ में मुकदमा दर्ज किया गया। फतेहगढ़ कोतवाली के मोहल्ला बंधोआ निवासी राहुल परमार ने सपा नेता व उसकी पत्नी प्रीती यादव व पुत्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया । पीड़ित राहुल परमार का आरोप है कि सपा नेता देवेंद्र यादव उर्फजग्गू की पत्नी प्रीती यादव से उसने प्लाट का बैनामा कराया था। भुगतान करने के बाद भी सपा नेता बार.-बार पैसों को लेकर बना रहे थे दबाव । पीड़ित ने दी गयी तहरीर में कहा कि रविवार शाम को हिसाब का पर्चा बनाकर सपा नेता के घर गया था । तभी सपा नेता देवेंद्र यादव उर्फ जग्गू ने उसके साथ मारपीट और जान से मारने की धमकी दी। सुनने में आया है कि बीते बरसों में सपा नेता देवेंद्र यादव उर्फजग्गू यादव के खास गुर्गा रह चुका है राहुल परमार। वही देवेंद्र यादव उर्फजग्गू की पत्नी ने भी एसपी अशोक कुमार मीणा को राहुल परमार के खिलाफ शिकायती प्रार्थना पत्र दिया है।शिकायती पत्र के अनुसार राहुल परमार ने रुपयों का गबन किया और उधार लिए 50,000 रुपए भी नहीं दिए ,मांगने पर बहानेबाजी व गाली गलौज करता है।

## सांसद, जिला पंचायत अध्यक्ष व डीएम ने किया निःशुल्क कृत्रिम अंग-सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम का शुभारम्भ

संवाददाता। फर्रुखाबाद



**सांसद मुकेश** राजपूत, जिला पंचायत अध्यक्ष मोनिका यादव एवं जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह ने माँ सरस्वती जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्वलित कर मूक बधिर विद्यालय जे0एन0बी0 रोड़ फतेहगढ़ में जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी द्वारा नि: शुल्क कृत्रिम अंग-सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। मुख्य अतिथि सांसद मुकेश राजपूत ने कहा कि पिछले 4 वर्षों में 1906 उपकरण वितरित किए गए हैं। इस प्रकार से दिव्यांगों के लिए और कार्यक्रम आयोजित किये जाते रहेंगे। जिलाधिकारी ने कार्यक्रम में बताया कि इस उपकरण वितरण कार्यक्रम में दिव्यांगजनों के सहायतार्थ 190 ट्राईसाइकिल, 10 दिव्यांगजनों को बैशाखी एवं अन्य उपकरण प्रदान किये जा रहे है। मुझे आशा है कि यह उपकरण आपके जीवन में निश्चित तौर पर एक दैनिक क्रियाकलापों को सुचारू रूप से संचालन करने में आपकी सहायता करेंगे। इस परिसर में यदि ऐसे भी कोई दिव्यांगजन हैं, जिनके पूर्व में विभाग में उपकरण के लिए पंजीयन न कराने के कारण आज उपकरण नहीं प्राप्त हो पा रहे है तो वह बिल्कुल निराश न हो। आज ही विभाग में अपना पंजीकरण करा दें और आगामी माह में उनको भी उपकरण उपलब्ध करा दिये जायेगें। धनराशि की कोई कमी नहीं है। दिव्यांगजनों से उन्होंने अपील करते हुए कहा कि वह अपने आपको बिल्कुल कमजोर न समझें। उन्होंने कहा कि आप हमारे समाज के अभिन्न अंग हैं और हम आपकी सहायता के लिए सदैव तत्पर हैं। दिव्यांगजनों को विभागीय योजनाओं के साथ यदि कोई समस्या है जो जिला दिव्यांगजन कार्यालय या विभाग से हल नहीं हो सकती तो उसके लिए हमारे कार्यालय में किसी भी दिन कार्यालय समय में आकर अवगत करा सकते हैं। हम पूरा प्रयास करेंगे कि आपकी समस्या का तत्काल निराकरण हो सके। अंत में उन्होंने उपस्थित उपकरण प्राप्त करने वाले समस्त दिव्यांगजनों को अपनी शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर सांसद मुकेश राजपूत, जिला पंचायत अध्यक्ष मोनिका यादव, जिलाध्यक्ष भाजपा रूपेश गुप्ता, जिलाधिकारी संजय कुमार सिंह, सीडीओ एम0 अरुन्मोली, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी अनिल चन्द्र ने दिव्यांगजनो को माला पहनाकर स्वागत किया और ट्राई साइकिल वितरण किया।

## सपा ने मनाया डा. भीमराव अंबेडकर का परिनिर्वाण दिवस

**फर्रुखाबाद।** समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय आवास विकास में भारतीय संविधान के जनक डॉ भीमराव अंबेडकर जी के परिनिर्वाण दिवस के अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मौजूद पार्टी के कार्यकर्ताओंए नेताओं ने बाबा साहब अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव, निवर्तमान जिला महासचिव मन्दीप यादव एडवोकेट, महेंद्र सिंह कटियार, ओम प्रकाश शर्मा, वेचेलाल यादव, आलोक यादव, मोहम्मद यूनुस अंसारीए हरगोविंद सिंह यादव, मतीन खान, अवधेश पांडे, अनुराग यादव, नागेंद्र यादव, अंशुल यादव, मुजिबुल हसन, आशुतोष दीक्षित, आदित्य यादव, इलियास मंसूरी, अमित यादव, छोटे सिंह यादव, कुलदीप यादव, अजय यादव, अजीत सिंह यादव, नितिश पाल, बृजेश सिंह यादव, बृजेश पाल, योगेश पाल सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे। वही नगर शमशाबाद में निवर्तमान जिला अध्यक्ष नदीम अहमद फारुकी ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस दौरान दीपक श्रीवास्तव, शाजेव मियां, रामकुमार कश्यप, दीपक यादव, अनुज राजपूत, आनंद यादव, मनीराम दिवाकर, रामसनेही माथुर आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने मनाई बाबा साहब की पुण्यतिथि

**पहाड़ी ( चित्रकूट )।** डा भीम राव अम्बेडकर की पुण्यतिथि पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् ने स्व. रघुबीर बालिका इंटर कालेज में कार्यक्रम का आयोजन कर उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर व्यक्तित्व और कृतित्व पर चर्चा की। भारतीय संविधान निर्माता डा भीम राव अम्बेडकर जी का परिनिर्वाण दिवस 6 दिसंबर स्व रघुवीर प्रसाद कन्या इन्टर कालेज पहाड़ी में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् द्वारा मनाया गया।कार्यक्रम की शुरूआत डा अम्बेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कालेज की प्रधानाचार्या द्वारा किया गया। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् के नगर मंत्री नितेश त्रिपाठी,जिला महामंत्री जान्हवी अवस्थी आदि ने अपने उद्बोधन में संविधान निर्माता के व्यक्तित्व एवम् कृतित्व के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ प्रवक्ता राजकरन गुप्ता ने किया।

## पुलिस ने अंतरजनपदीय गिरोह के चार शातिरों को दबोचा, 14 बाइक बरामद



**चित्रकूट ।** पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा के निर्देश पर सरधुआ थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह की टीम ने अंतर्जनपदीय मोटरसाइकिल चोर गिरोह के चार चोरों को दबोचकर उनके कब्जे से चोरी की 14 मोटरबाइकें व दो तमंचे, कारतूस बरामद किये हैं। मंगलवार को पुलिस अधीक्षक अतुल शर्मा ने बताया कि एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ राजापुर एसपी सोनकर की देखरेख में सरधुआ थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार सिंह को मुखबिर से सूचना मिली कि लमियारी गांव के पास बंधे के पास कुछ बदमाश मौजूद हैं। पुलिस टीम ने बदमाशों को मुठभेड में दबोचा। दबोचे बदमाशों में अंकित सिंह पुत्र दिनेश सिंह, दिलीप सिंह पुत्र जगजीत सिंह, सुनील सिंह पुत्र श्यामलाल निवासी मऊ थाना मर्का जिला बांदा व मोहित सिंह पुत्र देवनारायण निवासी नुनमई थाना रैपुरा शामिल हैं। बदमाशों के कब्जे से चोरी की तीन मोटरबाइक, दो जिन्दा कारतूस और तमंचा बरामद हुए। पूंछताछ में बदमाशों की निशानदेही पर लमियारी गांव के पुल के नीचे नदी किनारे सामुदायिक शौचालय के पास बबूल के जंगल से दस चोरी की मोटरबाइकें व एक स्कूटी बरामद की गई। वाहन चोरों के खिलाफ चित्रकूट, बांदा, कौशाम्बी, फतेहपुर व प्रयागराज में मोटरबाइक चोरी के मामले दर्ज हैं। बरामद बाइकों के वाहन स्वामियों की जानकारी की जा रही है। टीम में थानाध्यक्ष सरधुआ प्रवीण कुमार सिंह, दरोगा सत्यमपति त्रिपाठी, दरोगा शिवमणि मिश्रा, सिपाही अमित सिंह, राहुल पुरी, वीरेन्द्र कुमार व शफीक अहमद शामिल रहे।

## बेटियों की सुरक्षा और सम्मान के प्रति संकल्पित है मोदी-योगी सरकार: अशोक जाटव

संवाददाता। चित्रकूट



जिला अस्पताल में कन्या जन्मोत्सव मनाते भाजपा नेता व डीएम आदि

**बेटी बचाओ-बेटी** पढाओ योजना के तहत बतौर मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव ने कन्या जन्मोत्सव संयुक्त जिला चिकित्सालय सोनेपुर में मनाया। उन्होंने कहा कि पहले बेटियों की उपेक्षा कर बेटों के जन्म को खुशी मनाई जाती थी। अब ऐसा नहीं है, बेटा-बेटियों में कोई अन्तर नहीं है। बेटियों के जन्म पर केक काटकर खुशियां मनाई जाती हैं।

मंगलवार को जिला अस्पताल में जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव ने कहा कि पीढियां तो बेटियां चलाती हैं। अब लोगों की भावनायें बदल रही हैं। सीएमओ से कहा कि सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर कन्या के जन्म लेने पर जन्मोत्सव मनाया जाये। सरकार बेटियों के जन्म पर पूरी मदद करती है। जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने कहा कि प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री का उद्देश्य है कि बेटियां पढ-लिखकर आगे बढें। बेटी-बेटा में कोई फर्क नहीं मानना चाहिए। सरकार स्कॉलरशिप के साथ कन्या सुमंगला योजना के तहत तमाम सुविधायें दे रही है। जिला प्रशासन व सरकार सहयोग कर रहा है। भाजपा जिलाध्यक्ष चन्द्रप्रकाश खरे ने कहा कि प्रदेश सरकार ने कन्या सुमंगला योजना से लेकर तमाम योजनायें चलाई हैं। भारत स्त्री प्रधान देश था। सरस्वती, लक्ष्मी आदि कन्या के रुप में जन्म हुआ है। जो कार्य बेटा नहीं कर पा रहे, वह बेटियां कर रही हैं। प्रधानमंत्री ने बेटियों को रक्षा क्षेत्र में प्रवेश कराया है। मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर ने कहा कि शासन-प्रशासन की नजरों में बेटी-बेटा में कोई अन्तर नहीं है। सीएमओ डॉ भूपेश द्विवेदी ने कहा कि सरकार ने बेटियों और बेटों को बराबर का दर्जा दिया है। लिंगानुपात गिरता जा रहा है। अनुपात को बराबर लाने को कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। इस मौके पर प्रीती देवी, कमरुल निशा, सुशीला, नीलम पटेल, प्रिया, सावित्री की नवजात कन्याओं का जन्मोत्सव बनाकर बेबीकिट भेंट दी गई। सीएमएस डॉ सुधीर शर्मा ने सभी का आभार जताया। इस मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष पंकज अग्रवाल, सांसद प्रतिनिधि शक्तिप्रताप सिंह तोमर आदि अधिकारीगण मौजूद रहे।

## डीएम के न्यामतपुर गांव में औचक निरीक्षण से मची रही खलबली



न्यामतपुर गांव का औचक निरीक्षण करती डीम चांदनी सिंह

**कालपी ( जालौन )।** जनपद जालौन की तेज तर्रार जिलाधिकारी चांदनी सिंह द्वारा महेवा विकास खण्ड के ग्राम पंचायत न्यामतपुर मे अचानक औचक निरीक्षण करने पहुँच जाने से विभाग मे खलबली मच गई। गौरतलब हो कि जनपद की तेजतर्रार जिलाधिकारी चांदनी सिंह द्वारा उरई मुख्यालय से अचानक ओचक निरीक्षण हेतु महेवा विकास खण्ड के ग्राम पंचायत न्यामतपुर पहुंच जाने से संबंधित विभाग के जिम्मेदारों मे खल बली मच गई जंहा जिलाधिकारी चांदनी सिंह कम्पोजिट विद्यालय पहुंची वंहा मौजूद छात्र-छात्राओं से सबाल जबाब तलब किये जंहा छात्रों द्वारा सही जबाब देने पर वंहा के अध्यपकों से भी वार्ता की। इसके बाद गौशाला का निरीक्षण किया जंहां भूसा स्टॉक की जानकारी लेते हुये पानी व साफ-सफाई के अलावा सर्दी से गोवंश वचाव हेतु सचिव महेन्द्र सिंह को निर्देश दिये इसके बाद पशु अस्पताल का भी निरीक्षण किया जंहा दवा आदि की स्पारीडेट व दवा कौन दवा उपलब्ध है का अवलोकन कर मौजुद लोगो से समय से खुलने की जानकारी ली। अंत मे ग्राम पंचायत कार्यालय पहुंची जंहा सर्व प्रथम पंचायक सहायक के कक्ष मे रखे मनरेंगा व ग्राम निधि की फाईले देखी और पंचायत सहायक प्रमिला देवी से भी वार्तालाप कर कई विन्दुओ की जानकारी इसी प्रकार जिलाधिकारी चांदनी सिंह ने लगभग 1 घन्टा 20 मिनट ग्राम पंचायत न्यामतपुर का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी चादंनी सिह ने उपस्थित विभाग से संबंधित अधिकारियों से स्पष्ट कंहा है कि किसी भी दिन किसी भी समय किसी गांव का ओचक निरीक्षण किया जा सकता है।

## शादी से इंकार करने पर प्रेमिका फांसी के फंदे पर झूली, मौत

**फतेहपुर।** चचेरी बहन के देवर से प्रेम संबंधो के चलते युवती ने अपनी ससुराल और पति छोड़ दिया।जब प्रेमी ने शादी करने से इनकार कर दिया तो धोखा खाई प्रेमिका मायके मे फांसी के फंदे में झूल गयी। बेटी की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया।

जानकारी के अनुसार ललौली थाना क्षेत्र के कोण्डार के मजरे चौराहा डेरा गांव में दोपहर कोमल देवी (20) पुत्री पंचा निषाद घर के अंदर खपरैल के बांस में रस्सी से फंदा लगाकर आत्महत्या कर लिया। जब मृतका के भाई बहन स्कूल से पढ़कर वापस घर आये तब घटना की जानकारी परिजनों को हुई। बेटी की मौत से मां फूला देवी और पिता पंचा निषाद बेहाल हैं। मृतका से छोटी बहन रोशनी व भाई विपिन व अखिलेश हैं जो स्कूल पढ़ने चले गए थे और पिता पंचा निषाद व माता फूला देवी घटना के समय बंधवा स्थित अपने समोसे की दुकान में थे।

## एसडीएम ने अनशनकारियों को जूस पिलाकर समाप्त कराया धरना

### ● वकीलों की मांगों को प्रशासन ने माना, 49 दिन से लगातार दे रहे थे धरना

**खागा ( फतेहपुर )।** बढ़े सर्किल रेट को वापस किए जाने की मांग को लेकर 48 दिन से दे रहे वकीलों का धरना मंगलवार को समाप्त हो गया है। 49वें दिन धरने के मंच मे एस डी एम व तहसीलदार पहुंचे। उन्होंने अनशनकारियों को जूस पिलाकर धरना समाप्त करा दिया है। वकीलों ने मंच से ऐलान किया कि प्रशासन ने मांगो को मान लिया है। इसलिए धरना प्रदर्शन अब नहीं होगा। बुधवार से सभी अधिवक्ता पहले के तरीके सभी कामकाज करेंगे। मंगलवार को संघर्ष समिति के सभी पदाधिकारी माडल बार के पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र सिंह की अध्यक्षता मे धरने पर बैठे। संघर्ष समिति के सहसंयोजक मोतीलाल ने मंच से ही प्रशासन द्वारा जो मांगे मानी गई है उनको विस्तृत रूप से सभी अधिवक्ताओं को जानकारी दी। वहीं संयोजक अशोक गुप्ता ने बताया कि माननीय उच्च न्यायालय मे रिट डाला गया था जिसकी आज सुनवाई हो गई। आगे जो भी न्यायालय का आदेश आएगा उसके बारे मे सभी को अवगत कराया जाएगा। एसडीएम मनीष कुमार ने कहा कि तहसील परिषर की बाउंड्री के अंदर रहने वाले सभी लोग एक ही परिवार के है। अधिवक्ता और तहसील अफसर कर्मचारी एक दूसरे के पूरक है। हम सभी लोग मिलकर काम करेंगे। अधिवक्ताओं की जो भी शिकायतें होगी सभी का निस्तारण कराया जाएगा। हालांकि संयोजक ने एसडीएम को आश्वस्त किया कि हम पहले जैसे काम करेंगे और आपके सम्मान मे कोई भी आंच नही आएगी। इस मौके पर राजा राजेंद्र सिंह, अशोक गुप्ता, मोतीलाल, पूर्व महामंत्री धर्मेंद्र सिंह, संजय सिंह, कपिल यादव, पूर्व महामंत्री राजकुमार दुबे, पूर्व अध्यक्ष केशचंद्र मिश्रा, कार्यवाहक अध्यक्ष हरिशंकर सिंह, महामंत्री भूपाल सिंह सहित अधिवक्तागण मौजूद रहे।

## सपा के आधा सैकड़ा कार्यकर्ता कांग्रेस में शामिल

**फर्रुखाबाद।** युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष एवं पूर्व प्रत्याशी अमृतपुर शुभम तिवारी ;एडवोकेट के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी एवं भाजपा के जिला फर्रुखाबाद के पदाधिकारियों एवं सक्रिय कार्यकर्ताओं ने प्रदेश कांग्रेस कार्यालय लखनऊ में प्रदेश अध्यक्ष ब्रजलाल खाबरी जी के समक्ष कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। समाजवादी पार्टी के जिला सचिव रोहित शाक्य, सदर विधानसभा उपाध्यक्ष आशीष कुशवाहा, युवा पाल महासभा के जिलाध्यक्ष अनुपम पाल, राजेन्द्र यादव,अजीत पाल, राहुल पाल, हिर्देश कुमार,विनय यादव,शिवम पाल सहित लगभग आधा सैकड़ा सपा के कार्यकर्ता कांग्रेस पार्टी में सम्मिलित हुए। रोहित शाक्य ने कहा सपा में रहना मेरी बड़ी भूल थी क्योंकि सपा और भाजपा सिर्फ कार्यकर्ताओं का उत्पीड़न करती है । श्री राहुल गांधी जी की युवाओं और बेरोजगारों के प्रति सोच और भारत को जोड़ने और नफरत के माहौल को समाप्त करने की सोच से प्रभावित होकर अब अंतिम समय तक कांग्रेस में काम करेंगे।

# कार्य में लापरवाही पर दो एडीओ समेत पांच सचिवों को नोटिस

संवाददाता। सोनभद्र



**स्वच्छ** भारत मिशन ग्रामीण के अंतर्गत जनपद में प्रथम चरण में चयनित 32 ग्राम पंचायतों को मॉडल बनाने के कार्य के प्रगति की समीक्षा जिला पंचायत राज अधिकारी विशाल सिंह ने आज विकास खंड म्योरपुर सभागार में म्योरपुर के 7 ग्राम पंचायत, विकास खंड दुद्धी के दो एवं विकासखंड बभनी के एक ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान, सचिव बीसी ऑपरेटर और सहायक विकास अधिकारी पंचायत की समीक्षा की गई। समीक्षा में पाया गया कि ग्राम पंचायत बभनी में कार्य की प्रगति अत्यंत खराब है। ग्राम पंचायत में सोक पीट, कंपोस्ट पीट, वर्मी कंपोस्ट एवं कचरा पात्र का निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ है जिस पर सहायक विकास अधिकारी पंचायत बभनी एवं सचिव तथा प्रधान को नोटिस जारी करने का निर्देश दिया गया। विकास खंड दुद्धी के ग्राम पंचायत एवं बघाडु के सचिव प्रधान की समीक्षा की गई यहां पर भी कार्य अत्यंत धीमा पाया गया जिस पर नोटिस जारी करने का निर्देश दिया गया। विकास खंड म्योरपुर के 7 ग्राम पंचायतों में से ग्राम पंचायत नाधिरा एवं जरहा में कार्य की प्रगति अत्यंत धीमी पाए जाने पर सचिव को स्पष्टीकरण जारी किया गया।बैठक के बाद किरविल ग्राम पंचायत में निर्मित हो रहे आरआरसी सेंटर का निरीक्षण किया गया आरआरसी सेंटर के पास वर्मी कंपोस्ट एवं कूड़ेदान का मॉडल बनाने हेतु संबंधित ग्राम प्रधान सचिव एवं कंसलटिंग इंजीनियर को निर्देशित किया गया। जिससे ग्राम पंचायत में जो भी कार्य हो उसमे तकनीकी खामी न होने पाए।

विकासखंड म्योरपुर के ग्राम पंचायतों में कार्य की प्रगति बढ़ाने हेतु सहायक विकास अधिकारी पंचायत म्योरपुर को निर्देशित किया कि प्रत्येक दशा में माइल स्टोन के अनुसार कार्य पूर्ण कराएं तथा कार्य गुणवत्ता सुनिश्चित किया जाए। विकास खंड बभनी के ग्राम पंचायत बभनी का निरीक्षण किया गया निरीक्षण के समय कार्य की गति धीमी पाई गई इस पर गति और तेज करने का निर्देश ग्राम प्रधान सचिव एवं एडीओ पंचायत को दिया गया।

# जमीन बैनामा करने के नाम पर लोगों को ठगने वाला जालसाज गिरफ्तार

संवाददाता। मीरजापुर



**पुलिस** अधीक्षक मीरजापुर संतोष कुमार मिश्रा को तहसील दिवस जनसुनवाई व थाना समाधान दिवस पर थाना मड़िहान क्षेत्र में स्थित एक ही जमीन का बार.बार बैनामा करने के नाम पर फ्रॉड करने वाले गैंग के सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र प्राप्त हुए थे। थाना मड़िहान, जनपद मीरजापुर पर दिनांक 06.08.2022 को वादी मनोज कुमार पुत्र स्व बाबूराम निवासी तरना बाजार थाना शिवपुर जनपद वाराणसी द्वारा नामजद अभियुक्तों के विरूद्ध जमीन बैनाम के नाम पर पैसा ले लेने व कूटरचित दस्तावेज देने के सम्बन्ध में तहरीर दी गयी थी तथा दिनांक 05.12.2022 को वादी राजनाथ यादव पुत्र बुद्धिराम यादव निवासी कैलाशपुरी कालोनी थाना मुगलसराय जनपद चन्दौली द्वारा नामजद अभियुक्तों के विरूद्ध जमीन बैनामा करने के नाम पर पैसा ले लिया गया और न ही जमीन का बैनामा किया गया और न ही पैसा वापस किया गया। उक्त के सम्बन्ध में थाना मड़िहान पर मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गयी। अभियोग की विवेचना एवं साक्ष्य संकलन करते हुए निरीक्षक अपराध रमेश प्रसाद थाना मड़िहान मय पुलिस टीम द्वारा प्राप्त मुखबिर की सूचना के आधार पर थाना मड़िहान क्षेत्र से जमीन बैनामा के नाम पर जालसाजी करने वाले मुख्य अभियुक्त कैलाशनाथ त्रिपाठी पुत्र स्व राधेश्याम त्रिपाठी को गिरफ्तार किया गया।

## क्विक न्यूज

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**बछरावां रायबरेली।** बांदा बहराइच हाइवे पर इंदिरा नहर के पास एक अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे इलाज के लिए सीएचसी पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।सोमवार रात लगभग नौ बजे बांदा बहराइच हाइवे पर इंदिरा नहर के समीप बाइक सवार अनिल कुमार (27) पुत्र हनुमान निवासी जोरावर खेड़ा थाना शिवगढ़ को एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। राहगीरों की नजर उसपर पड़ी। तो उन्होंने घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से घायल को सीएचसी पहुँचाया। जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अनिल कुमार की जेब में मिले आधार कार्ड व मोबाइल से उसकी शिनाख्त की गई है। उसके परिवार जनों को सूचना दे दी गई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है थाना अध्यक्ष जगदीश यादव ने बताया कि घायल को इलाज के लिए सीएचसी पहुंचाया गया। जहां डॉकरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। तहरीर मिलने पर आगे की विधिक कार्यवाही की जाएगी।

### शिवम वर्मा को अध्यक्ष चुना गया

**लालगंज रायबरेली।** उत्तर प्रदेश राजस्व संग्रह अमीन संघ के चुनाव में सर्वसम्मति से शिवम् वर्मा को अध्यक्ष चुना गया। उपजिलाधिकारी अजीत प्रताप सिंह व तहसीलदार ज्ञान प्रताप सिंह की उपस्थिति में सभी सदस्यो की बैठक हुई जिसमें सभी की सहमति से सभी पदो पर पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई। अध्यक्ष के अतिरिक्त उपाध्यक्ष पद पर मो. सलीम, मंत्री पद पर अनिल कुमार स्वर्णकार, उपमंत्री देवेंद्र कुमार, संगठन मंत्री सूर्यबक्स सिंह, कोषाध्यक्ष राजगोविंद, उपकोषाध्यक्ष श्रवण कुमार तथा आडीटर पद पर कृष्ण कुमार का मनोनयन किया गया। मनोनीत अध्यक्ष ने बताया कि वे संगठन की मजबूती के लिये हर सम्भव कार्य करेगें। संगठन से जुडे किसी भी सदस्य का शोषण नही होने दिया जायेगा। उन्होने बताया कि संगठन का चुनाव प्रति दो वर्ष में किया जाता है।

### सड़क हादसों को रोकने के लिए प्रशासन ने की बैठक

**ऊंचाहार( रायबरेली)।** नगरीय क्षेत्र में कई अव्यवस्थाओं के कारण अक्सर हादसे होते रहते हैं।इन हादसों को रोकने के लिए अब प्रशासन सक्रिय हुआ है। मंगलवार को कोतवाली में एनएचएआई , प्रशासन और व्यापार मंडल की संयुक्त बैठक आयोजित की गई है।बैठक की अध्यक्षता एसडीएम आशीष मिश्रा ने की है।इस दौरान लोक निर्माण विभाग और एनएचएआई के अधिकारी भी मौजूद थे।बैठक में यह तय किया गया है कि नगर के मुख्य चौराहे से लेकर गंदा नाला पुल तक सड़क की पटरियों से पूरी तरह अतिक्रमण हटाया जाएगा।इसके अलावा मनी का पुरवा गांव के पास और ब्रिज से जुड़ा हुआ वी टर्न के स्थान पर यू टर्न बनाया जाएगा।जिससे वाहन आसानी से मुड़ सके।इसके अलावा बस स्टेशन से रेलवे स्टेशन को जाने वाली मार्ग पर खड़ी होने वाले निजी बसों को वहां से हटाया जाएगा।इस संबंध में स्थानीय निकाय के अधिकारियों को निर्देश दिया गया है। बैठक के दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष शाहीन सुल्तान, अधिशासी अधिकारी निखिलेश मिश्रा, व्यापार मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र मौर्य, राजू सोनी ,हरिशंकर साहू ,एजाज अहमद ,श्रीनिवास गुप्ता और मोहम्मद असलम समेत कोतवाल व तहसीलदार भी मौजूद थे।

### दो गिरफ्तार, अवैध असलहा व जिंदा कारतूस बरामद

**ऊंचाहार।** कोतवाली पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है, जिनके पास से अवैध असलहा व जिंदा कारतूस बरामद किया गया है, सम्बंधित धाराओं में केस दर्ज कर दोनों आरोपियों को जेल भेजा गया है। क्षेत्र के अलीगंज मोड़ के पास मंगलवार की सुबह एनटीपीसी चौकी इंचार्ज विवेक कुमार त्रिपाठी पुलिस टीम के साथ चेकिंग कर रहे थे, उसी दौरान दो संदिग्ध युवक दिखाई पड़े, जिन्हें पुलिस टीम ने रोकने का प्रयास किया तो वो भागने लगे जिसके बाद पुलिस टीम भाग रहे युवको पकड़कर कोतवाली लायी, जिनके पास से 315 बोर का तमंचा व जिंदा कारतूस बरामद की गई। कोतवाल बालेंदु गौतम ने बताया कि प्रदीप कुमार व सुखराम निवासी पूरे रिसाल मजरे खुर्रमपुर को आर्म्स एक्ट के तहत जेल भेजा गया है और पकड़े गए आरोपियों पर पूर्व में भी आधा दर्जन से अधिक मुकदमे दर्ज है।

### बाबरी विध्वंस के विरोध में मुस्लिम क्षेत्रों की सभी दुकानें रही बंद

**वाराणसी।** अयोध्या में छह दिसम्बर के दिन बाबरी मस्जिद विध्वंस के अवसर पर बनारस के दालमंडी, नईसड़क सहित कई मुस्लिम क्षेत्रों में अपनी दुकानें बंद कर विरोध प्रकट किया। इस अवसर पर मुस्लिम क्षेत्रों में भारी फोर्स की तैनाती की थी जिससे कोई हादसा न घट सके। विदित हो कि 6 दिसम्बर 1992 को अयोध्या की बाबरी मस्जिद को विध्वंस कर दिया गया था। तब से मुस्लिमों लोगों ने इस दिन अपनी दुकानें बंद कर विरोध प्रकट करते हैं। इस दौरान प्रशासन द्वारा भारी फोर्स की व्यवस्था की गई थी।

### फेरी-पटरी-ठेला व्यवसायी समिति ने किया प्रदर्शन

**वाराणसी।** फेरी पटरी ठेला व्यवसायी समिति ने मंगलवर को वाराणसी में प्रदर्शन किया। समिति ने विभिन्न मांगों को लेकर नगर निगम कार्यालय का घेराव किया। इस दौरान जमकर नारेबाजी की। नेतृत्व कर रहे समिति के सचिव अभिषेक निगम ने कहा कि नाईट बाजार के लिए दुकान आवंटन में गड़बड़ी की जा रही है। जिसके विरोध में धरना प्रदर्शन आयोजित किया गया है। उन्होंने नगर निगम प्रशासन से फेरी पटरी ठेला वालों को निष्पक्षता के साथ दुकान आवंटन की बात कही। मांगों से जुड़ा ज्ञापन नगर आयुक्त कार्यालय को सौंपा। बता दें कि नवंबर में भी वाराणसी के चौकाघाट फ्लाईओवर के नीचे खुलने वाले नाइट बाजार की दुकानों के आवंटन में धांधली का आरोप लगाया गया था। फेरी पटरी ठेला व्यवसायी समिति की ओर से स्मार्ट सिटी कार्यालय का घेराव किया गया था। नारेबाजी और हंगामा बढ़ता देख कार्यालय बंद कर स्मार्ट सिटी के अधिकारी निकल गए थे। इसके बाद विरोध प्रदर्शन समाप्त हुआ था।

### राज्य कर विभाग ने कास्मेटिक गिफ्ट सेन्टर में की छापेमारी

**शिवगढ़,रायबरेली।** जीएसटी चोरी के खिलाफराज्य कर विभाग ने शिवगढ़ कस्बे में स्थित लुकमान कॉस्मेटिक गिफ्ट सेंटर में छापेमारी की जिससे शिवगढ़ क्षेत्र के व्यापारियों में हडकम्प मच गया। गौरतलब हो कि मंगलवार की दोपहर करीब 1 बजे जैसे ही गूढ़ा,भवानीगढ़, शिवगढ़ बेड़ारु, बैंती के दुकानदारों को यह पता चला कि जीएसटी अधिकारी आने वाले हैं वैसे ही दुकानदारों ने अपनी दुकानें बन्द कर दी। राज्य कर विभाग द्वारा शिवगढ़ कस्बा स्थित लुकमान कॉस्मेटिक गिफ्ट सेंटर पर करीब 1 घण्टे तक छापेमारी की कार्यवाई की गई, दुकान में लगे सामान का भौतिक सत्यापन करते हुए बिलों की जांच की गई। राज्य कर विभाग की टीम में मौजूद ज्वाइंट कमिश्नर डीसी प्रबल कुमार ने बताया जीएसटी चोरी की शिकायत मिली थी जिस पर टीम द्वारा लुकमान कास्मेटिक गिफ्ट सेन्टर द्वारा छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान जो दुकान में सामान था उसका भौतिक सत्यापन किया गया।

# पूर्वोत्तर रेलवे में भीमराव आम्बेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर दी गयी श्रद्धांजलि

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी



**पूर्वोत्तर** रेलवे वाराणसी मंडल के भारतेंदु सभागार में मंडल रेल प्रबंधक रामाश्रय पाण्डेय की अध्यक्षता में भारत रत्न बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी का 67 वां महापरिनिर्वाण दिवस मनाया गया। अपने अध्यक्षीय सम्बोधन में श्री पाण्डेय ने कहा भारत रत्न बाबा साहब डा.भीमराव अम्बेडकर, भारत ही नही बल्कि सम्पूर्ण विश्व की एक महान विभूति थे। अपने जीवन के संघर्षो को अपनी अटूट लगन, ज्ञान एवं परिश्रम के सहारे उन्होंने पीछे छोड़ा और सम्पूर्ण समाज के लिए एक मिसाल छोड़ गये। इस अवसर पर अपर मंडल रेल प्रबंधक(इन्फ्रा) ज्ञानेश त्रिपाठी,अपर मंडल रेल प्रबंधक (परिचालन) शिव प्रताप सिंह यादव, अपर मंडल रेल प्रबंधक(प्रशासन) राहुल श्रीवास्तव, वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक ए.पी.सिंह, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक संजीव शर्मा समेत अनुसूचित जाति/जनजाति कर्मचारी एशोसियेशन के सदस्यों,मजदूर यूनियन के पदाधिकारी एवं कर्मचारियों ने बाबा साहब के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी।

वहीं समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओ ने डॉ. भीमराव अंबेडकर के 67वें परिनिर्वाण दिवस पर पार्टी कार्यालय अर्दली बाजार में आयोजन किया। सपा महानगर अध्यक्ष विष्णु शर्मा ने अर्दली बाजार स्थित सपा कार्यालय पर डॉक्टर अम्बेडकर की पुण्यतिथि पर महापरिनिर्वाण दिवस उनके तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनके योगदान पर चर्चा किया।

## डा. आम्बेडकर ने दिलाया सबको सम्मान और अधिकारः डा. अश्वनी

**सकलडीहा/चन्दौली।** संविधान निर्माता बाबा साहब भीम राव डा आम्बेडकर के परिनिर्वाण दिवस मंगलवार को अधिवक्ता भवन में अधिवक्ता और कस्बा स्थित एक लॉन में एसी एसटी टीचर वेलफेयर एसोसिएशन व बहुजन शक्ति सहित विभिन्न संगठन की ओर से मनाया गया। इस दौरान वक्ताओं ने डा आम्बेडकर के तैल चित्र पर माल्यार्पण करते हुए उनके मार्ग दर्शन में समाज हित का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए बतौर मुख्य अतिथि डॉ अश्वनी कुमार ने कहा संविधान निर्माता की देन है कि आज सबको सम्मान और अधिकार मिल रहा है। अल्पसंख्यक, पिछड़े, दबे कुचले, गरीबों एवं असहाय, दलितों के लिए बाबा साहब डॉ भीम राव अम्बेडकर ने जो योगदान दिया है वह योगदान सराहनीय है। वक्ताओं में रमेश रामएफाफ साहब भारती, निठोहर सत्यार्थी, बुल्लू यादवएरामजनम बागी ने भी बाबा साहब के बारे में विस्तार से चर्चा किया।

# भाजपा कार्यालय पर मनाया गया भीमराव आम्बेडकर का परिनिर्वाण दिवस

संवाददाता। सोनभद्र



**डॉ.** भीमराव अंबेडकर के चित्र पर भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत चौबे ने पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस मौके भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत चौबे ने कहा कि भीमराव आम्बेडकर विधिवेत्ता, अर्थशास्त्री, राजनीतिज्ञ, और समाज सुधारक थे। सामाजिक भेदभाव के विरुद्ध अभियान चलाया था। श्रमिकों, किसानों और महिलाओं के अधिकारों का समर्थन भी किया था। आम्बेडकर विपुल प्रतिभा के छात्र थे। उन्होंने कोलंबिया विश्वविद्यालय और लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स दोनों ही विश्वविद्यालयों से अर्थशास्त्र में डॉक्टरेट की उपाधियाँ प्राप्त कीं तथा विधि, अर्थशास्त्र और राजनीति विज्ञान में शोध कार्य भी किये थे।व्यावसायिक जीवन के आरम्भिक भाग में ये अर्थशास्त्र के प्रोफेसर रहे एवं वकालत भी की तथा बाद का जीवन राजनीतिक गतिविधियों में अधिक बीता। इसके बाद आम्बेडकर भारत की स्वतन्त्रता के लिए प्रचार और चर्चाओं में शामिल हो गए पत्रिकाओं को प्रकाशित करने, राजनीतिक अधिकारों की वकालत करने और दलितों के लिए सामाजिक स्वतंत्रता की वकालत की और भारत के निर्माण में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा। बाबा साहब को याद करते हुए कहा कि उनके विचार और आदर्श लाखों लोगो को ताकत देता है बाबा साहब ने राष्ट्र के लिए जो सपने देखे थे उन सपनों को पूरा करने के लिए भारतीय जनता पार्टी प्रतिबद्ध है।श्रद्धांजलि कार्यक्रम मे मुख्यरुप से जिला उपाध्यक्ष उदयनाथ मौर्य, जिला महामंत्री रामसुन्दर निषाद, कृष्णमुरारी गुप्ता, सदर ब्लॉक प्रमुख अजीत रावत, घोरावल प्रमुख दीपक पटेल, पिछड़ा मोर्चा जिलाध्यक्ष महेन्द्र पटेल, जिला महामंत्री मोहित सिंह पटेल, दिलिप चौबे, सुखनन्दन चौरसिया सहित आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# हिण्डाल्को प्राइमरी स्कूलों में धूमधाम से मनाया गया वार्षिकोत्सव

संवाददाता। सोनभद्र



**हिंडालको** प्राइमरी स्कूल यूनिट-3 में आनंद लहर का आयोजन किया गया वहीं हिंडालको प्राइमरी स्कूल यूनिट-2 में 23वां वार्षिक समारोह 'सोच - सशक्त समाज के लिये अगल कदम' विषय पर आयोजित किया गया। यूनिट- 2 की प्रधानाध्यापिका तनुश्री दत्ता पॉल के नेतृत्व में वार्षिकोत्सव बड़े हर्ष एवं उल्लास के साथ मनाया गया जिसमें हिंडालको संस्थान के मुखिया एन. नागेश एवं लक्ष्मी नागेश एवं जसबीर सिंह व सीमा सिंह, विद्यालय प्रबंधक वनिता वासनिक, नगर प्रशासन प्रबंधक सीमा शुक्ला, लीगल हेड विवेक कुमार, पब्लिसिटी एवं एडमिन हेडयशवंत कुमार और हिंडाल्को संस्थान के गणमान्य अधिकारी उपस्थित हुए। अतिथियों समेत अभिभावकों एवं शिक्षकों ने नन्हे-मुन्ने बच्चों के रंगारंग कार्यक्रम को देख उत्साहवर्धन करते हुए आशीर्वाद प्रदान किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन करते हुए प्रेयर डांस के साथ प्रारंभ हुआ।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हिंडालको संस्थान के मुखिया एन. नागेश व उनकी धर्मपत्नी लक्ष्मी नागेश रहे। मुख्य अतिथि के स्वागतोपरान्त विद्यालय की प्रधानाध्यापिका ऋतु भारद्वाज ने विद्यालय की उपलब्धि-आख्या पर प्रकाश डाला और समारोह की विषय वस्तु 'सोच' की व्याख्या दी। मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि अन्य वरिष्ठ अतिथियों ने करतल ध्वनि के साथ कार्यक्रम की भूरि- भूरि प्रशंसा की। विद्यालय प्रबंधक वनीता वासनिक ने कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए हिंडाल्को के उच्च नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में बच्चों द्वारा एक सशक्त समाज की सोच व अभिव्यक्ति की सराहना करते हुए विद्यालय परिवार एवं उसके कुशल नेतृत्व की मुक्त कंठ से सराहना की। अंत में कार्यक्रम धन्यवाद ज्ञापन के साथ संपन्न हुआ।

## ओपीडी में आने वाले हर मरीज की करें कुष्ठ जांच

**मिर्जापुर।** जनपद से कुष्ठ रोग खत्म करने के लिए स्वास्थ्य विभाग हर संभव प्रयास कर रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को सीएमओ कार्यालय विवेकानन्द सभागार में डॉक्टरों को प्रशिक्षित किया गया। यह जानकारी अपर मुख्य चिकित्साधिकारी एके राय ने दी। अपर मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि अब जिले के सभी सामुदायिकए प्राथमिक व स्वास्थ्य उप केंद्रों पर आने वाले हर उम्र के मरीजों की कुष्ठ रोग की स्क्रीनिंग करें और तत्काल उपचार शुरू करें। जिले के सभी केन्द्रों पर निशुल्क दवा उपलब्ध है। मरीजों के लिए हर केन्द्रों पर पांच बेड का एक वार्ड भी मौजूद है। वर्तमान में जनपद में 115 कुष्ठ के रोगी चिन्हित हैं। प्रशिक्षण में 16 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र और 53 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के प्रभारी चिकित्साधिकारी के अलावा कुष्ठ विभाग के डॉक्टर व कर्मचारी भी मौजूद रहे। प्रशिक्षण के दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी डॉक्टर राजेन्द्र प्रसाद ने बताया कि कुष्ठ रोग के तहत अंगुलियों में मिलने पर मंडलीय चिकित्सालय में आने पर मैं खुद उनका ऑपरेशन कर ठीक करने का प्रयास करूंग

# सनबीम स्कूल मुगलसराय का वार्षिकोत्सव भव्य रूप से मनाया गया



**मुग़लसराय/चन्दौली।** सनबीम स्कूल मुगलसराय में वार्षिकोत्सव मेराक अपनी गरिमामयी उत्कृष्टता और भव्यतापूर्वक विद्यालय के वृहत प्रांगण में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि राजेश कुमार पांडेय ए डिविजनल रेलेवे मैनेजर चंदौली व विशिष्ट अतिथि डॉ. एसके स्वेन वरिष्ठ प्रोफेसर शिक्षा विभाग काशी हिंदू विश्वविद्यालय वाराणसी एवम अतिथि डॉ नागर , विभागाध्यक्ष नृत्य कला विभाग काशी हिंदू विश्वविद्यालय वाराणसी के कर कमलों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम में पधारे हुए सभी अतिथियों का स्वागत विद्यालय के सेक्रेटरी यदुराज कानूडिया एवं निदेश्किा श्वेता कानूडिया द्वारा पुष्प.गुच्छ एवं अंगवस्त्र भेंट कर किया। तत्पश्चात ईश वंदना के साथ छात्रों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमो की एक से बढ़कर एक प्रस्तुति से सभी लोगों का मन मोह लिया। इस अवसर पर अपने संबोधन में मुख्य अतिथि राजेश कुमार पांडेय ने कार्यक्रमो की प्रसंशा किया, उन्होंने कहा समाज को एकता के सूत्र में बांधने की नितांत आवश्यकता हैं। एकजुट होकर ही एक समृद्ध राष्ट्र की परिकल्पना सम्भव हैं। इस अवसर पर विद्यालय के सेक्रेटरी यदुराज कानूडिया, प्रबंध समिति के सदस्य द्वय अभिषेक तुलस्यान, उप प्रधानाचार्य राम प्रताप सिंह सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के गणमान्य जन एवं अभिभावक गण उपस्थित रहें।

# परिनिर्वाण दिवस पर आरेडिका में डा. आम्बेडकर को दी गयी श्रद्धांजलि

संवाददाता। रायबरेली



**आरेडिका** रायबरेली में भारत रत्न डॉ. भीमराव अम्बेडकर के 67वें महापरिनिर्वाण दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ आरेडिका के प्रधान मुख्य यांत्रिक अभियंता श्री एसएस कलसी द्वारा माल्यार्पण एवं मोमबत्ती प्रज्वलित कर किया गया। इसके उपरान्त आरेडिका के अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजली दी गई।

पीसीएमई ने अपने संबोधन में कहा किए डॉ भीमराव अम्बेडकर का जीवन विशाल एवं विराट था। बाबा साहब समाज सुधारक,जातिवाद उन्मूलक, राष्ट्र नायक थे। वे मानव के सम्पूर्ण विकास के लिए शिक्षा को बहुत महत्वपूर्ण मानते थे। उन्होने देश का संविधान निर्मित कर लोगों को स्वतंत्रताए समानताए और बन्धुता के साथ गरिमामय जीवन का अधिकार दिलायाए आगे अपने संबोधन में उन्होने कहा कि उनके आदर्शो पर चलना ही उनको सच्ची श्रद्धांजलि होगी। श्री देवनाथ निर्मल, ओम प्रकाश के द्वारा डॉ अम्बेडकर के जीवन उनके संघर्षो योगदान और बहुआयामी व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर आरेडिका के सीएओ संजय कटियार, पीसीएमएम एनडी राव, पीसीपीओ अमरनाथ दूबे, एससी एसटी एसोसिएसन एवं अन्य एसोसिएसनों व यूनियनों के पदाधिकारीगण सहित अन्य उच्च अधिकारीगण उपस्थिति रहे।

# स्वास्थ्य कार्यक्रमों को प्राथमिकता के साथ संचालित किया जाएः डीएम



**रायबरेली।** जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव ने कलेक्ट्रेट के बचत भवन सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि स्वास्थ्य कार्यक्रमों को प्राथमिकता के साथ संचालित किया जाए साथ ही विशेष प्रयास कर प्रगति में सुधार लाने को कहा, इसके साथ ही जिलाधिकारी ने शासन द्वारा संचालित समस्त स्वास्थ्य योजनाओं का बेहतर ढंग से क्रियान्वयन करते हुए अधिक से अधिक जन सामान्य को लाभान्वित करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान शिवगढ की प्रगति कम पाये जाने पर जिलाधिकारी ने एमओआईसी शिवगढ़ से स्पष्टीकरण प्राप्त करने के लिए सम्बन्धित अधिकारी को निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन के दिशा निर्देशानुसार स्वास्थ्य की विभिन्न योजनाओं के लक्ष्य को शीघ्र प्राप्त करने के प्रयास किये जाए।जिलाधिकारी ने संस्थागत प्रसव, जननी सुरक्षा कार्यक्रम, नवजात शिशु टीकाकरण, आशा भुगतान, आशा रिपोर्टिंग सहित अन्य योजनाओं कार्यक्रमों की समीक्षा किया तथा स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित सभी योजनाओं कार्यक्रमों का सही ढंग से क्रियान्वयन करने एवं स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक बेहतर करने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को दिया। उन्होंने कहा कि जननी सुरक्षा योजना का संचालन पूर्ण गुणवत्ता और मानक के अनुरूप करें।

# जरुरतमंदों की सेवा ही बाबा साहब को सच्ची श्रद्धांजलिः अभय कुमार



**ऊंचाहार।** एनटीपीसी में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस के अवसर पर श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में परियोजना के कार्यकारी निदेशक अभय कुमार समैयार ने डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए और उन्हें नमन किया।

कार्यक्रम में जनसेवा के दृष्टिगत आसपास के गांवों के गरीब व जरुरतमंद लोगों को कंबल वितरण किया गया। इस अवसर पर समैयार ने कहा कि बाबा साहेब के एक अर्थशास्त्री, राजनेता, और सामाजिक कार्यकर्ता थे, जिन्होंने दलितों, महिलाओं और शोषितों के अधिकारों के लिए लड़ाई लड़ी। वह भारत के संविधान के मुख्य वास्तुकार भी थे, जिसकी वजह से उन्हें संविधान के जनक का उपनाम भी हासिल है। उनके परिनिर्वाण दिवस के अवसर पर हम उनके बताए गए आदर्शों को अपनाकर ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि दे सकते हैं। इस अवसर पर महाप्रबंधक गौतम कुमार जाना, आलोक त्रिपाठी, अनिल कुमार डैंग, राजेश कुमार, के डी यादव, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉक्टर मधु सिंह अन्य वरिष्ठ अधिकारी, यूनियन वा एसोसिएशन के वरिष्ठ पदाधिकारी विशेष रूप से उपस्थित रह कर बाबा साहेब के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित की।

# सीडीओ ने परिषदीय विद्यालयों की दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता का किया उद्घाटन



संवाददाता। अमेठी

**परिषदीय** विद्यालयों की दो दिवसीय वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता मंगलवार को जवाहर नवोदय विद्यालय में शुरु हुई। सीडीओ सान्या छाबड़ा ने दीप प्रज्वलित कर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। बीएसए संगीता सिंह के साथ उन्होंने मार्च पास्ट की सलामी ली और खेल मैदान में दौड़ की शुरुआत कर बच्चों का उत्साह वर्धन किया। मंगलवार को सीडीओ सान्या छाबड़ा ने वार्षिक मेला प्रतियोगिता का उद्घाटन किया और खेल मैदान में उपस्थित सभी खिलाड़ियों को निष्ठा और ईमानदारी से खेलने के लिए शपथ दिलाई और उन्होंने कहा कि कहा कि खेल अनुशासन सिखाता है खेलों को इमानदारी पूर्वक खेलना चाहिए। खेल में हार जीत का कोई महत्व नहीं होता बल्कि प्रतिभाग करना ही बड़ी बात होती है। हारने वाला ही एक दिन बुलंदियों पर पहुंचता है। दीप प्रज्जवलन और झंडा रोहण के बाद सी डी ओ ने कबूतर उडाए। पूर्व मा.शि. संघ और प्रा शि संघ की ओर से रमाकांत मौर्य और धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने सीडीओ और बीएस ए का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन डा रमेश सिंह और सुरेश प्रताप सिंह ने उद्घाटन कार्यक्रम और प्रतियोगिता का संचालन किया। जिला व्यायाम शिक्षक संदीप सिंह ने टीमो का स्वागत किया।

# पटनायक को तटस्थता खत्म कर जनता परिवार में शामिल होना चाहिए: त्यागी

भाषा। भुवनेश्वर



**जनता दल (यूनाइटेड)** के वरिष्ठ नेता के सी त्यागी ने कहा कि समय आ गया है कि ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक अपनी तटस्थता खत्म करें और देश का नेतृत्व करने के लिए वृहद जनता परिवार में शामिल हों। दिग्गज नेता बीजू पटनायक के लिए भारत रत्न की मांग करते हुए त्यागी ने कहा कि बीजू जनता दल (बीजद) को 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का विकल्प बनाने के लिए समान विचारधारा वाले दलों को एक साथ लाने में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रयासों में हाथ बंटाना चाहिए। उन्होंने कहा, समय आ गया है कि नवीन बाबू अपनी तटस्थता समाप्त कर जनता परिवार में शामिल होकर देश का नेतृत्व करें।

उन्होंने कहा कि पटनायक को सामाजिक न्याय के समर्थन के लिए जाना जाता है और नीतीश कुमार के मिशन फॉर 2024 में शामिल होने के लिए उनका स्वागत है। त्यागी ने कहा, नवीन-बाबू को स्थिति को समझना चाहिए और अपने पिता बीजू बाबू के पुराने दोस्तों के साथ मिलकर एक नया भारत बनाने के लिए समाजवादी ताकतों से हाथ मिलाना चाहिए। उन्होंने कहा, बीजद को लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा का विकल्प प्रदान करने के लिए समान विचारधारा वाले राजनीतिक दलों के बीच एकता बनाने के नीतीश कुमार के प्रयास में भी हाथ बंटाना चाहिए।

त्यागी ने सोमवार को राष्ट्रीय जनता दल, समाजवादी पार्टी और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी) के नेताओं के साथ यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए यह बयान दिया। उन्होंने कहा, हम विपक्ष में अपने दोस्तों - ममता (बनर्जी) दीदी, केसीआर (के चंद्रशेखर राव) से कहना चाहते हैं - जो गैर-कांग्रेसी और गैर-भाजपा विकल्प की बात कर रहे हैं, उन्हें समझना चाहिए कि हमें भाजपा को हराने के लिए एक साथ आना होगा। कांग्रेस के बिना ऐसा संभव नहीं है।

# फर्जी सोशल मीडिया विमर्श चुनाव निकायों के लिए साझा चुनौती: आयुक्त

**नई दिल्ली।** मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने मंगलवार को कहा कि फर्जी सोशल मीडिया विमर्श से स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव प्रभावित हो सकता है तथा यह ज्यादातर चुनाव प्रबंधन निकायों के लिए साझा चुनौती है। जर्मनी की विदेश मंत्री एनालेना बेयरबॉक की अध्यक्षता वाले प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात के दौरान कुमार ने यह भी कहा कि लोकतंत्र की अवधारणा भारत के ऐतिहासिक प्रसंगों और परंपराओं में बहुत गहराई तक निहित है।

जर्मन प्रतिनिधिमंडल ने आज निर्वाचन सदन पहुंचकर आयोग से मुलाकात की। भारत के चुनाव की व्यापकता का उल्लेख करते हुए कुमार ने जर्मन प्रतिनिधिमंडल को सूचित किया कि निर्वाचन आयोग कैसे पूरे देश में 95 करोड़ से अधिक मतदाताओं और 11 लाख से अधिक मतदान केंद्रों को लेकर पूरी चुनावी प्रक्रिया को आगे बढ़ाता है। निर्वाचन आयोग की ओर से जारी बयान के अनुसार, मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि एक करोड़ से अधिक चुनाव कर्मियों को इस प्रक्रिया में शामिल किया जाता है और राजनीतिक दलों की हर स्तर पर भागीदारी सुनिश्चित की जाती है।

उनका कहना था कि फर्जी सोशल मीडिया विमर्श से स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव प्रभावित हो सकता है तथा यह ज्यादातर चुनाव प्रबंधन निकायों के लिए साझा चुनौती है। जर्मन प्रतिनिधिमंडल को निर्वाचन आयोग द्वारा प्रौद्योगिकी के उपयोग के संदर्भ में भी जानकारी दी गई। बयान के अनुसार, जर्मन विदेश मंत्री ने दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में निर्वाचन आयोग द्वारा किए जाने वाले चुनावी प्रबंधन की सराहना की। उन्होंने आयोग की ओर से ईवीएम के काम करने को लेकर दी गई प्रस्तुति के दौरान इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीन के माध्यम से वोट भी डाला।



नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, केन्द्रीय मंत्री वीरेन्द्र कुमार और केन्द्रीय मंत्री रामदास अठवले संसद भवन में अम्बेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर श्रद्धांजलि देते हुए।

# नवाब मलिक का आक्षेपित संपत्ति पर अब भी कब्जा: अदालत ने पूर्व मंत्री की जमानत अर्जी खारिज करते हुए कहा

**मुंबई।** एक भूमि सौदे से जुड़े कथित धनशोधन के एक मामले में पिछले हफ्ते महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री नवाब मलिक को जमानत देने से इनकार करते हुए एक विशेष अदालत ने कहा कि उनका अपने परिवार के स्वामित्व वाली एक फर्म के माध्यम से दागी संपत्ति पर कब्जा बना हुआ है। इस भूमि सौदे में भगोड़ा गैंगस्टर दाऊद इब्राहिम व उसके सहयोगी शामिल थे। धनशोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत मामलों के लिए विशेष न्यायाधीश आर.एन. रोकडे ने कहा कि प्रथम दृष्टया, यह इंगित करने के लिए सबूत थे कि हसीना पारकर (इब्राहिम की बहन), सलीम पटेल (इब्राहिम का कथित सहयोगी) और मलिक के बीच मुनिरा प्लंबर और उनकी मां मरियम गोवावाला के स्वामित्व वाली भूमि को हथियाने के लिए एक साजिश हुई। न्यायाधीश ने 30 नवंबर को मलिक की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। फैसले से संबंधित विस्तृत आदेश मंगलवार को उपलब्ध हुआ। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) नेता नवाब मलिक को इस साल फरवरी में गिरफ्तार किया था। वह न्यायिक हिरासत में हैं और फिलहाल यहां एक निजी अस्पताल में उनका उपचार चल रहा है। अदालत ने अपने आदेश में कहा, पीएमएलए की धारा 50 के तहत दर्ज किए गए बयानों के संबंध में, मैं यह मानता हूं कि आवेदक का सॉलिडस इन्वेस्टमेंट्स प्राइवेट लिमिटेड के माध्यम से दागी संपत्ति पर निरंतर कब्जा है। सॉलिडस इन्वेस्टमेंट्स कंपनी का स्वामित्व मलिक के परिवार के सदस्यों के पास है।

## सीबीआई ने टीआरएस नेता के. कविता को पूछताछ के लिए 11 दिसंबर को तलब किया

**नई दिल्ली।** दिल्ली आबकारी नीति घोटाला मामले में पूछताछ के लिए केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने टीआरएस की विधान पार्षद के. कविता को 11 दिसंबर को पूछताछ के लिए बुलाया है। सीबीआई ने कविता को नोटिस जारी कर उन्हें हैदराबाद स्थित कार्यालय में तलब किया है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। ऐसा प्रतीत होता है कि एजेंसी ने 11 से 15 दिसंबर के बीच किसी भी तारीख पर पूछताछ के कविता के अनुरोध को स्वीकार कर लिया है। के. कविता तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चन्द्रशेखर राव की बेटी हैं। केन्द्रीय एजेंसी द्वारा दो दिसंबर को जारी पहले नोटिस के जवाब में कविता ने कहा था कि उन्होंने प्राथमिकी की प्रति को पढ़ा है और वेबसाइट पर उपलब्ध शिकायत को भी देखा है लेकिन उनका नाम कहीं भी किसी भी रूप में नजर नहीं आया।

# प्रधानमंत्री के दौरे से जुड़े ट्वीट को लेकर गुजरात पुलिस ने टीएमसी के प्रवक्ता को हिरासत में लिया

**अहमदाबाद।** गुजरात पुलिस ने तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के प्रवक्ता साकेत गोखले को एक ट्वीट को लेकर हिरासत में लिया है, जिसमें उन्होंने पुल हादसे के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मोरबी दौरे से जुड़ी कथित फर्जी खबर का समर्थन किया था। सहायक पुलिस आयुक्त (साइबर अपराध) जितेंद्र यादव ने मंगलवार को बताया कि अहमदाबाद साइबर अपराध प्रकोष्ठ के अधिकारियों ने गोखले को राजस्थान की राजधानी जयपुर से आज सुबह हिरासत में ले लिया। यादव ने कहा, एक व्यक्ति से मिली शिकायत के आधार पर गोखले के खिलाफ प्रधानमंत्री के मोरबी दौरे को लेकर फर्जी खबर फैलाने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की गई। हमने उन्हें आज सुबह जयपुर में हिरासत में लिया और आगे की कानूनी कार्वाई के लिए उन्हें यहां लाया गया है। उन्होंने बताया कि कोविड-19 संबंधी जांच किए जाने के बाद उन्हें औपचारिक रूप से गिरफ्तार किया जाएगा।

पुलिस ने बताया कि भारतीय दंड संहिता की धारा 465, 469, 471 (सभी फर्जीवाड़े से संबंधित) और 501 (मान हानिकारक मानी जाने वाली चीजों के प्रकाशन) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। सूत्रों ने बताया कि ममता बनर्जी नीत टीएमसी के प्रवक्ता गोखले (35) की हाल ही में दिल की सर्जरी हुई थी और वह निजी यात्रा पर जयपुर गए थे। गोखले ने हाल में एक खबर ट्विटर पर साझा की थी जो एक प्रमुख गुजराती समाचार पत्र में प्रकाशित हुई प्रतीत होती है। इसमें दावा किया गया था कि सूचना के अधिकार (आरटीआई) के तहत दायर एक आवेदन के जवाब में पता चला है कि अक्टूबर में एक पुल गिरने के बाद प्रधानमंत्री मोदी के मोरबी दौरे पर गुजरात सरकार ने 30 करोड़ रुपए खर्च किए थे। मोरबी पुल हादसे में 135 लोगों की जान चली गई थी।

गोखले ने यह खबर साझा करते हुए लिखा था, आरटीआई में पता चला है कि मोदी के मोरबी दौरे पर कुछ ही घंटे में 30 करोड़ रुपए खर्च किए गए... मोदी के कार्यक्रम प्रबंधन और पीआर की कीमत 135 मासूम लोगों की जान से अधिक है। सहायक पुलिस आयुक्त (साइबर अपराध) यादव ने कहा, हमने जब गुजरात समाचार से संपर्क किया तो उसके प्रबंधन ने बताया कि यह खबर कभी प्रकाशित ही नहीं की गई और यह पूरी तरह से फर्जी है जिसे किसी ने वास्तविक दिखाने के लिए ऐसा बनाया है। इसलिए हमने गोखले को फर्जी खबर फैलाने के आरोप में हिरासत में लिया है।

## क्विक न्यूज

### विधायकों के त्यागपत्र मामले में जनहित याचिका पर विधानसभा अध्यक्ष को नोटिस

**जयपुर।** राजस्थान उच्च न्यायालय की खंडपीठ ने मंगलवार को प्रतिपक्ष के उपनेता राजेंद्र राठौड़ की ओर से विधायकों के त्यागपत्र मामले में दायर याचिका पर विधानसभा अध्यक्ष को नोटिस जारी किया। राठौड़ ने सत्तारूढ़ कांग्रेस पार्टी के 90 विधायकों द्वारा विधानसभा अध्यक्ष को दिए गए त्यागपत्र पर उच्च न्यायालय में उन्हें निर्देशित करने के लिए पिछले सप्ताह एक जनहित याचिका दायर की थी। अदालत में आज बहस करते हुए राठौड़ ने कहा कि यह मामला सुशासन का है और चूंकि विधानसभा अध्यक्ष पिछले 90 दिनों से इस मुद्दे पर डटे हुए है और अभी तक कोई फैसला नहीं आया है, इसलिए अदालत का इस मामले में दखल देना जरूरी है। न्यायमूर्ति एम एम श्रीवास्तव और न्यायमूर्ति विनोद कुमार बहरवानी की खंडपीठ ने विधानसभा अध्यक्ष को नोटिस जारी किया। गौरतलब है कि 25 सितंबर को विधानसभा के 90 से अधिक कांग्रेस विधायकों ने मुख्यमंत्री के रूप में गहलोत के उत्तराधिकारी का नाम तय करने के लिए बुलाई गई विधायक दल की बैठक का विरोध करते हुए विधानसभा अध्यक्ष सी पी जोशी को अपना इस्तीफा सौंपा था। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद के नामांकन में अशोक गहलोत सबसे आगे थे। नेता प्रतिपक्ष गुलाब चंद कटारिया के नेतृत्व में भाजपा नेताओं का एक प्रतिनिधिमंडल भी 18 अक्टूबर को मामले में विधानसभा अध्यक्ष से मिला था और मंत्रियों सहित कांग्रेस विधायकों के इस्तीफे स्वीकार करने का अनुरोध किया था।

### बीजद ने महिला आरक्षण विधेयक पारित कराने की मांग की

**नई दिल्ली।** बीजू जनता दल (बीजद) ने संसद के शीतकालीन सत्र में महिला आरक्षण विधेयक पारित कराने की सरकार से मांग की। बीजद के राज्यसभा सदस्य डॉ. सस्मित पात्रा ने संवाददाताओं से कहा कि उनकी पार्टी बीजद ने सर्वदलीय बैठक में इस सत्र के दौरान महिला आरक्षण विधेयक को पारित कराने की मांग की। उन्होंने कहा कि महिलाओं के सशक्तिकरण के विषय पर ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक बार बार अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त कर चुके है। पात्रा ने कहा कि महिलाओं का सशक्तिकरण देश के सर्वांगीण विकास के लिए जरूरी है, ऐसे में संसद सत्र के दौरान इस विधेयक को पारित कराया जाना चाहिए। लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए एक तिहाई सीट आरक्षित करने के प्रावधान वाला उक्त विधेयक 15वीं लोकसभा में पारित नहीं हो सका था और 15वीं लोकसभा का कार्यकाल समाप्त होने के बाद इस संविधान संशोधन विधेयक की मियाद समाप्त हो गई। सस्मित पात्रा ने कहा कि सत्र के दौरान हम कॉलेजियम के मुद्दे से जुड़ा विषय भी उठाएंगे जिसका प्रभाव देखा जा रहा है। हम केंद्र राज्य संबंध से जुड़ा विषय भी उठाना चाहते है।

### बलात्कार के मामले में नेताम को अदालत से मिली राहत

**रांची।** झारखंड उच्च न्यायालय ने पुलिस को निर्देश दिया कि जमशेदपुर में बलात्कार के एक मामले में जांच के दायरे में आए छत्तीसगढ़ विधानसभा उपचुनाव में भाजपा के उम्मीदवार ब्रह्मानंद नेताम के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्वाई न की जाए। नेताम छत्तीसगढ़ में कांकेर जिले के भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र के उपचुनाव में भाजपा के उम्मीदवार है। इस सीट पर उपचुनाव के लिए सोमवार को मतदान हुआ था। न्यायमूर्ति संजय कुमार द्विवेदी ने एक याचिका पर सुनवाई करते हुए सोमवार को निर्देश दिया कि नेताम के खिलाफ कोई दंडात्मक कदम नही उठाया जाए। झारखंड के पूर्वी सिंहभूम जिले के जमशेदपुर में 15 वर्षीय लड़की से कथित दुष्कर्म के मामले मे नेताम के खिलाफ जांच की जा रही है। प्राथमिकी में नेताम का नाम नही है, लेकिन जांच के दौरान उनकी कथित मिलीभगत सामने आई। इस मामले मे मानव तस्करी का आरोप भी शामिल है। नेताम के वकील ने अदालत के सामने दलील दी कि उनके मुवक्किल को राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता के चलते फंसाया जा रहा है।

### साकेत गोखले ने कोई गलती नहीं की: ममता बनर्जी

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और टीएमसी सुप्रीमो ममता बनर्जी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर एक ट्वीट को लेकर गुजरात पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए गए पार्टी प्रवक्ता साकेत गोखले का मंगलवार को समर्थन किया और भाजपा सरकार के प्रतिशोधी रवैए की निंदा की। राजस्थान के दौरे पर गईं ममता ने दावा किया कि गोखले ने कोई गलती नहीं की है। साकेत (गोखले) एक प्रतिभावान व्यक्ति है। वह सोशल मीडिया पर काफी लोकप्रिय है। उन्होंने कोई गलती नहीं की है। उन्होंने पुष्कर रवाना होने से पहले कहा, मै इस प्रतिशोधी रवैए की निंदा करती हूं। उन्हे (साकेत को) इसलिए गिरफ्तार किया गया क्योंकि उन्होंने प्रधानमंत्री के खिलाफ ट्वीट किया। लोग मेरे खिलाफ भी ट्वीट करते है...हमे इस स्थिति पर वाकई अफसोस हो रहा है। गुजरात पुलिस ने टीएमसी के प्रवक्ता साकेत गोखले को एक ट्वीट को लेकर हिरासत में लिया है, उन्होंने पुल हादसे के बाद प्रधानमंत्री के मोरबी दौरे से जुड़ी कथित फर्जी खबर का समर्थन किया था। मोरबी मे पुल ढहने से 135 लोगो की मौत हो गई थी। गोखले ने हाल मे एक खबर ट्विटर पर साझा की थी जो एक प्रमुख गुजराती समाचार पत्र मे प्रकाशित हुई प्रतीत होती है। बनर्जी ने दिन मे अजमेर और पुष्कर का दौरा किया।

## उज्जैन के महाकालेश्वर मंदिर में श्रद्धालुओं के मोबाइल फोन ले जाने पर लगेगी रोक

**उज्जैन।** मप्र के उज्जैन शहर में प्रसिद्ध महाकालेश्वर मंदिर के दर्शनार्थियों को 20 दिसंबर से सुरक्षा कारणों से परिसर के अंदर मोबाइल फोन ले जाने की अनुमति नहीं होगी, जिले के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। मंदिर प्रबंधन समिति के अध्यक्ष एवं डीएम आशीष सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को हुई बैठक में इस संबंध में निर्णय किया गया। सिंह ने बताया कि सुरक्षा कारणों से 20 दिसंबर से मंदिर के अंदर मोबाइल फोन लेकर जाना प्रतिबंधित रहेगा। जिलाधिकारी ने कहा कि होटल और ठहरने के अन्य स्थानों पर यह सूचना लगाने का निर्देश दिया गया है ताकि श्रद्धालु बिना मोबाइल फोन के मंदिर पहुंचे। महाकालेश्वर मंदिर देश के 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक है, जहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु आते हैं। इसके अलावा कई अन्य फैसले भी मंदिर प्रबंधन की ओर से लिए गए। सिंह ने कहा कि पर्यटकों के लिए शहर में लग्जरी वातानुकूलित इलेक्ट्रिक बसों का संचालन किया जाएगा।



चिकमंगलूर में दत्ता जयंती और अनसुइया जयंती की धार्मिक संकीर्तन यात्रा निकालती हुई व्रती महिलाएं।

# आप उदाहरण होंगी आने वाले पीढ़ियों के लिए: गिरिराज सिंह

● लालू की बेटी की तारीफ

भाषा। पटना

**राष्ट्रीय जनता दल** के प्रमुख लालू प्रसाद के धुर विरोधी रहे केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने पिता को किडनी देने के लिए बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री की बेटी रोहिणी आचार्य की दिल खोल कर तारीफ की है। बेगूसराय लोकसभा सीट से भाजपा के सांसद सिंह ने ट्विटर पर अपने विचार साझा किए और पिता लालू प्रसाद को किडनी देने के बाद सिंगापुर के एक अस्पताल के बिस्तर पर लेटी रोहिणी की तस्वीर भी साझा की है।

गिरिराज सिंह ने लिखा है, बेटी हो तो रोहिणी आचार्य जैसी। लालू प्रसाद की बेटी की तारीफ करते हुए केन्द्रीय मंत्री ने लिखा है, गर्व है आप पर। आप उदाहरण होंगी आने वाले पीढ़ियों के लिए। गौरतलब है कि चारा घोटाला मामले में सजा काट रहे लालू प्रसाद को अदालत ने स्वास्थ्य कारणों से विदेश यात्रा के लिए जमानत दी है।

वहीं राजद सुप्रीमो की सबसे बड़ी बेटी मीसा भारती ने लालू के किडनी प्रतिरोपण सर्जरी के बाद पिता के साथ कई तस्वीरें पोस्ट की हैं। उन्होंने आज कुछ सेकेंड का एक वीडियो क्लिप भी पोस्ट किया है जिसमें लालू ने सभी को धन्यवाद दिया है। इस वीडियो के साथ मीसा ने ट्वीट किया है, आप सब की दुआओं ने ही पापा का मनोबल बढ़ाया, उन्हें बेहतर महसूस करवायाउ आज पापा ने आप सभी को बहुत बहुत धन्यवाद कहा है। वहीं कुछ सेकेंड के इस क्लिप में लालू कह रहे हैं, आप लोगों ने सब दुआ किया। अच्छा फील कर रहे हैं हम।

# विवादास्पद लेखक को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस दलों का गठन

भाषा। भोपाल

**मध्यप्रदेश** के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्र ने मंगलवार को कहा कि प्रदेश पुलिस ने उस विवादास्पद पुस्तक के लेखक को गिरफ्तार करने के लिए टीमों का गठन किया है जिसके खिलाफ पिछले सप्ताह इंदौर में मामला दर्ज किया गया था। इस बीच प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री मोहन यादव ने इस मामले की जांच के लिए एक समिति गठित की है। सात सदस्ईय जांच समिति को तीन दिन में जांच रिपोर्ट देने के लिए कहा गया था। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) की एक शिकायत और विरोध के बाद इंदौर पुलिस ने शनिवार को सामूहिक हिंसा और आपराधिक न्याय प्रणाली पुस्तक के लेखक, प्रकाशक, कॉलेज के प्रिंसिपल और एक प्रोफेसर के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की। यह पुस्तक सरकार द्वारा संचालित एक विधि कॉलेज में पढ़ाई जा रही थी और पुस्तकालय में उपलब्ध थी। पुलिस ने बताया कि विभिन्न समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देने और धार्मिक भावनाओं को आहत करने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है।

मिश्रा ने भोपाल में संवाददाताओं से कहा, लेखक डॉ फरहत खान और विवादास्पद पुस्तक के प्रकाशक को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस दलों का गठन किया गया है... डॉ फरहत खान की डॉक्टरेट की डिग्री वापस लेने के लिए संबंधित विभाग को भी पत्र लिखेंगे। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने आरोप लगाया कि किताब में हिंदू समुदाय और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के खिलाफ बेहद आपत्तिजनक सामग्री है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार खान और अन्य के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की संबंधित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया है।

## गोवा: मोपा हवाईअड्डे के नामकरण पर केंद्र सरकार का समर्थन करेगी एमजीपी

**पणजी।** महाराष्ट्रवादी गोमांतक पार्टी (एमजीपी) ने मंगलवार को कहा कि वह उत्तरी गोवा के मोपा में नए हवाईअड्डे के नामकरण पर केंद्र सरकार के फैसले का समर्थन करेगी। मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने सोमवार को घोषणा की थी कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 11 दिसंबर को मोपा में अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे के पहले चरण का उद्घाटन करेंगे। 2,870 करोड़ रुपए की लागत से बन रहा यह हवाईअड्डा, डाबोलिम में मौजूदा हवाईअड्डे के अलावा राज्य में दूसरा (हवाईअड्डा) होगा। तटीय राज्य में राजनेता इस बात को लेकर आपस में भिड़े हुए हैं कि इस हवाईअड्डे का नाम किसके नाम पर रखा जाए। एमजीपी सचिव अनंत नाइक ने बताया कि पार्टी की केंद्रीय समिति ने एक प्रस्ताव पारित किया है कि मोपा हवाईअड्डे का नाम राज्य के पहले मुख्यमंत्री और संस्थापक अध्यक्ष दयानंद बंदोदकर के नाम पर रखा जाए।

# महाराष्ट्र में है पूरी तरह असंवैधानिक सरकार : उद्धव गुट

**नई दिल्ली।** उद्धव ठाकरे नीत शिवसेना के धड़े ने मंगलवार को उच्चतम न्यायालय से कहा कि महाराष्ट्र में पूरी तरह असंवैधानिक सरकार काम कर रही है। प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति पीएस नरसिंह की पीठ ने कहा कि वह महाराष्ट्र के राजनीतिक प्रकरण से संबंधित याचिकाओं पर 13 जनवरी को सुनवाई करेगी क्योंकि पांच न्यायाधीशों की संविधान पीठ के लिए अगले सप्ताह बैठना संभव नहीं होगा। इसने कहा, अगले सप्ताह इस मुद्दे को लेना संभव नहीं होगा क्योंकि यह विविध विषयों वाला सप्ताह होगा। पांच न्यायाधीशों के लिए अगले सप्ताह संविधान पीठ में बैठना संभव नहीं होगा। हम मामले पर 13 जनवरी, 2023 को विचार करेंगे।

शीर्ष अदालत ने यह टिप्पणी उद्धव गुट की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता देवदत्त कामत के यह कहने के बाद की कि इस मामले में कुछ तात्कालिकता है क्योंकि राज्य में पूरी तरह से असंवैधानिक सरकार चल रही है।

पीठ ने कहा कि वह 13 जनवरी को मामले की सुनवाई करेगी। शीर्ष अदालत ने एक नवंबर को कहा था कि वह ठाकरे और एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाले शिवसेना गुटों द्वारा महाराष्ट्र राजनीतिक प्रकरण पर दायर याचिकाओं पर 29 नवंबर को सुनवाई करेगी, जब उसके द्वारा कुछ निर्देश जारी किए जाने की संभावना है। प्रधान न्यायाधीश के नेतृत्व वाली पांच न्यायाधीशों की पीठ ने दोनों पक्षों को अपने लिखित अभिवेदन दाखिल करने और संविधान पीठ द्वारा तय किए जाने वाले मुद्दों पर एक संयुक्त संकलन दाखिल करने को कहा था। गत 23 अगस्त को, तत्कालीन प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति एन वी रमण की अध्यक्षता वाली शीर्ष अदालत की तीन न्यायाधीशों की पीठ ने कानून संबंधी कई प्रश्न तैयार किए थे और याचिकाओं को पांच न्यायाधीशों की पीठ को भेज दिया था।

# राज्यों के चुनावों का एक-दूसरे से कोई संबंध नहीं सिद्धरमैया ने गुजरात चुनाव के एग्जिट पोल पर कहा

भाषा। बेंगलुरु

**गुजरात विधानसभा** चुनाव के परिणाम को अगले साल अप्रैल-मई में कर्नाटक में होने वाले चुनाव के नतीजों का संकेतक बताने वाले दावों को खारिज करते हुए कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सिद्धरमैया ने मंगलवार को कहा कि इन चुनावों में स्थानीय मुद्दे हावी रहते हैं। राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता ने पड़ोसी राज्य महाराष्ट्र पर आरोप लगाया कि वह राजनीतिक कारणों से सीमा विवाद को तूल दे रहा है। सिद्धरमैया ने कहा कि कर्नाटक के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई को इस मुद्दे पर चर्चा करने के लिए अब तक सर्वदलीय बैठक बुला लेनी चाहिए थी।

गुजरात चुनाव के एग्जिट पोल पर प्रतिक्रिया देते हुए सिद्धरमैया ने कहा, देखते हैं कि आठ दिसंबर को चुनाव परिणाम आने पर क्या होता है। कुछ समाचार चैनलों ने हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस के आगे रहने, जबकि कुछ अन्य ने भाजपा के आगे रहने का अनुमान जताया है, और कांटे की टक्कर रहने की बात कही है।

सिद्धरमैया ने कहा, समाचार चैनलों के अनुसार गुजरात में भाजपा आगे है। परिणाम आने दीजिए। किसी भी चुनाव में हमें जनादेश का सम्मान करना होगा। यहां, पत्रकारों से बातचीत में हालांकि उन्होंने इन दावों को खारिज कर दिया कि गुजरात चुनाव के परिणाम अगले साल होने वाले कर्नाटक विधानसभा चुनाव नतीजों के संकेतक होंगे। उन्होंने सवाल किया कि पंजाब विधानसभा चुनाव के परिणामों का असर क्यों नहीं पड़ेगा, जहां भाजपा को करारी शिकस्त मिली थी।

पंजाब में इस साल की शुरूआत में विधानसभा चुनाव हुए थे। सिद्धरमैया ने कहा, एक राज्य के चुनाव का दूसरे राज्य से कोई लेना-देना नहीं है, क्योंकि स्थानीय मुद्दे, प्रशासन और लोगों की भावनाएं अलग-अलग होती हैं। संसदीय चुनाव में अलग बात होती है, क्योंकि वहां राष्ट्रीय मुद्दे प्रमुख होते हैं। विधानसभा चुनाव में राज्य विशेष के मुद्दे महत्वपूर्ण होते हैं।

गुजरात चुनाव के एग्जिट पोल में राज्य में भाजपा की सत्ता में वापसी का अनुमान जताया गया है, ऐसे में बोम्मई ने विश्वास जताया है कि कनार्टक में सत्तारूढ़ दल के पक्ष में जनादेश की लहर संभव है। सोमवार को विभिन्न एग्जिट पोल में गुजरात में भाजपा की वापसी होने और हिमाचल प्रदेश में कांटे की टक्कर का अनुमान जताया गया है। दोनों राज्यों में विधानसभा चुनावों के लिए मतगणना आठ दिसंबर को होगी।

# दक्षिण कोरिया को हराकर ब्राजील क्वॉर्टर फाइनल में

**एपी।** दोहा

**चोट के** बाद वापसी कर रहे नेमार पूरी तरह से फिट नजर आए और उनके गोल से ब्राजील ने सोमवार को यहां दक्षिण कोरिया को 4-1 से हराकर फीफा विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। नेमार ने चोट के बाद वापसी करते हुए कोरिया के खिलाफ पेनल्टी को गोल में बदला। इस गोल के साथ वह ब्राजील की ओर से सर्वाधिक गोल दागने के पेले के रिकॉर्ड के करीब पहुंच गए।

नेमार राष्ट्रीय टीम की ओर से 76 गोल कर चुके हैं और वह पेले के रिकॉर्ड से सिर्फ एक गोल पीछे हैं। पेले अभी साओ पाउलो के अस्पताल में इलाज करा रहे हैं। नेमार के अलावा ब्राजील की ओर से अन्य गोल विनिसियस जूनियर (सातवें मिनट), रिचार्लिसन (29वें मिनट) और लुकास पेक्वेटा (36वें मिनट) ने दागे। ब्राजील की ओर से चारों गोल पहले हाफ में हुए। कोरिया की ओर से एकमात्र गोल पेक सेयुंग-हो ने 76वें मिनट में किया। नेमार ने मैच के बाद कहा, मैं बेहद डरा हुआ था। इस तरह की चोट के बाद वापसी करना बेहद मुश्किल होता है। मैं पूरी रात रो रहा था। मेरे परिवार को पता है कि मैं किस चीज से गुजर रहा था। लेकिन अंत में सब कुछ सही रहा। फिजियोथेरेपी कराना सफल रहा।



पेले सांस के संक्रमण का इलाज करा रहे हैं जो कोविड-19 के कारण अधिक बढ़ गया है। उनकी हालत को लेकर ब्राजील और दुनिया भर के प्रशंसक चिंतित हैं। मैच के बाद नेमार इस महान फुटबॉल खिलाड़ी की तस्वीर वाला बैनर मैदान पर लाए जिस पर पेले लिखा था। पूरी टीम ने इसके बाद मिडफील्ड के समीप इस बैनर के पीछे खड़े होकर तस्वीर खिंचाई। नेमार ने कहा, पेले जिस चीज से गुजर रहे हैं उसे देखते हुए उनके बारे में बात करना आसान नहीं है। हम उनके जल्द उबरने की कामना करते हैं। उम्मीद करते हैं कि इस बैनर और जीत से हमने उन्हें थोड़ा अधिक बेहतर महसूस करवाया होगा। दक्षिण कोरिया की टीम 2002 में सह मेजबान के रूप में सेमीफाइनल में पहुंचने के बाद पहली बार प्री क्वार्टर फाइनल से आगे बढ़ने के लिए चुनौती पेश कर रही थी लेकिन ब्राजील ने उसका सपना तोड़ दिया। ब्राजील की टीम अब क्वार्टर फाइनल में शुक्रवार को क्रोएशिया से भिड़ेगी। क्रोएशिया ने प्री क्वार्टर फाइनल में नियमित और अतिरिक्त समय में मुकाबला1-1 से ड्रॉ रहने के बाद जापान को पेनल्टी शूटआउट में 3-1 से हराया।

## मनदीप ने विश्व चैंपियन को हराया, नेहल ने जीते दो स्वर्ण

**भाषा।** नई दिल्ली

मनदीप कौर ने फाइनल में विश्व चैम्पियन ओक्साना कोजिना को हराकर उलटफेर किया जबकि नेहल गुप्ता ने दो स्वर्ण पदक हासिल किए जिससे भारत लीमा में समाप्त हुई पेरू पैरा बैडमिंटन अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में 14 पदक जीतने में सफल रहा। भारतीय टीम ने इस प्रतियोगिता में कुल मिलाकर छह स्वर्ण, एक रजत और सात कांस्य पदक जीते। पिछले महीने तोक्यो में पैरा विश्व चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में कोजिना से हारने वाली मनदीप कौर ने महिलाओं के एसएल3 में 21-11, 21-11 से जीत दर्ज करके खिताब हासिल किया और यूक्रेन के खिलाड़ी से बदला भी चुकता किया। भारतीय खिलाड़ी ने बाद में कहा, मैंने ओक्साना को हराने के लिए ही विशेष रुप से इस प्रतियोगिता में हिस्सा लिया था और मुझे खुशी है कि मैंने उससे बदला चुकता कर दिया।

मनदीप कौर ने इसके अलावा महिलाओं के युगल और मिश्रित युगल में क्रमश: रजत और कांस्य पदक जीते। मनदीप और केली एडिथ एरी एस्क्लांते महिला युगल फाइनल में पारुल परमार और वैशाली पटेल से 17-21 19-21 से हार गईं। इस बीच 17 वर्षीय गुप्ता ने प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए पुरुष एकल एसएल3 और पुरुष युगल एसएल3-एसएल4 में स्वर्ण पदक जीते। गुप्ता ने पहले ब्राजील के योहान ब्रेनो के साथ जोड़ी बनाकर रेन्जो डिकेज़ बेनसेस मोरालेस और पेड्रो पाब्लो डी विनेता की स्थानीय जोड़ी को युगल में 21-16, 21-13 से हराया। इसके बाद उन्होंने फ्रांस के मैथ्यू थॉमस को 21-16, 21-14 से हराकर एकल खिताब जीता। भारत की निथ्या श्रे सुमथी सिवन ने विश्व चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता पेरू की गिउलियाना पोवेदा फ्लोरेस को महिलाओं के एसएच6 एकल के फाइनल में 21-6, 21-13 से हराकर स्वर्ण जीता। पैरा विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता सुकांत कदम ने पुरुष एकल एसएल4 के फाइनल में सिंगापुर के ची हियोंग आंग को 21-14, 21-15 से हराया।

## बीडब्ल्यूएफ की साल की सर्वश्रेष्ठ पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी चुनी गई मनीषा, प्रणय और भगत चूके

**भाषा।** नई दिल्ली



**युवा भारतीय** खिलाड़ी मनीषा रामदास को मौजूदा सत्र में शानदार प्रदर्शन के लिए विश्व बैडमिंटन महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) की साल की सर्वश्रेष्ठ महिला पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी चुना गया। बीडब्ल्यूएफ ने सोमवार को 17 वर्षीय मनीषा को विजेता घोषित किया। मनीषा ने विश्व चैंपियनशिप के एसयू5 वर्ग में स्वर्ण पदक जीता था। उन्होंने 2022 में कुल मिलाकर 11 स्वर्ण और पांच कांस्य पदक जीते। इस वर्ग में अन्य दावेदारों में भारत की नित्या श्री सुमति और मानसी जोशी, सेरिना सातोमी, गिउलियाना पोवेदा फ्लोरेंस और पिलार जौरगुई शामिल थीं। पैरालंपिक चैंपियन प्रमोद भगत और थॉमस कप विजेता एचएस प्रणय हालांकि बीडब्ल्यूएफ पुरस्कारों की दौड़ में पिछड़ गए। इस साल विश्व चैंपियनशिप में चौथी बार एकल स्वर्ण पदक जीतने वाले भगत को बीडब्ल्यूएफ के साल के सर्वश्रेष्ठ पुरुष पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी के वर्ग में नामित किया गया था लेकिन यह पुरस्कार डब्ल्यूएच2 वर्ग में विश्व चैंपियन और मौजूदा पैरालंपिक चैंपियन डिकी काजिवारा को मिला जिन्होंने कुल 10 स्वर्ण और चार कांस्य पदक जीते। काजिवारा और भगत के अलावा इस पुरस्कार के लिए चीह लीक होउ, लुकास माजुर, च्यु मान काई और चोई जुंगमैन नामित थे। सक्षम बैडमिंटन खिलाड़ियों के पुरस्कार में ओलंपिक चैंपियन विक्टर एक्सेलसन को पुरुष एकल में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया जबकि झेंग सी वेई और हुआंग या किओंग को सर्वश्रेष्ठ जोड़ी का पुरस्कार मिला। बीडब्ल्यूएफ ने अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर एक रिपोर्ट में कहा कि एक्सेलसन ने एक नवंबर 2021 से 31 अक्टूबर 2022 की पात्रता अवधि के दौरान नौ खिताब जीते। उन्होंने इस दौरान दूसरी बार विश्व चैंपियनशिप खिताब भी जीता। साल की सर्वश्रेष्ठ महिला एकल खिलाड़ी जापान की अकाने यामागुची को चुना गया जिन्होंने नौ महीने के भीतर लगातार दो विश्व खिताब जीतने की उपलब्धि हासिल की। उन्होंने ऑल इंग्लैंड और जापान ओपन का भी खिताब जीता। इस वर्ग में अन्य दावेदार आन से यंग और ताई जू यिंग थे।

## वेस्टइंडीज महिला टीम पर धीमी ओवर गति के लिए मैच फीस का 40 प्रतिशत जुर्माना

**दुबई।** इंग्लैड के खिलाफ एंटीगा में रविवार को खेले गए पहले महिला वनडे में धीमी ओवर गति के कारण वेस्टइंडीज की टीम पर मैच फीस का 40 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) पैनल के मैच रेफरी डेवोन हेल्स ने यह जुर्माना लगाया क्योंकि वेस्टइंडीज ने निर्धारित समय में दो ओवर कम किए थे। खिलाड़ियों और खिलाड़ियों के सहयोगी स्टाफ के लिए आईसीसी आचार संहिता के धीमी ओवर गति से जुड़े अनुच्छेद 2.22 के अनुसार निर्धारित समय में ओवर पूरे न करने पर खिलाड़ियों पर प्रति ओवर की दर से उनकी मैच फीस का 20 प्रतिशत जुर्माना लगाया जाता है। इस मैच में इंग्लैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 307 रन बनाने के बाद वेस्टइंडीज को 142 रन से शिकस्त दी। आईसीसी के बयान के अनुसार वेस्टइंडीज की कप्तान हैली मैथ्यूज ने यह जुर्माना स्वीकार कर लिया है और इसलिए इस मामले में आगे सुनवाई की जरूरत नही पड़ी।

## आदित्य मित्तल भारत के 77वें ग्रैंडमास्टर बने

**चेन्नई।** आदित्य मित्तल स्पेन में चल रहे एक टूर्नामेंट के दौरान भारत के 77वें शतरंज ग्रैंडमास्टर बने। मुंबई के सोलह वर्षीय खिलाड़ी ने ग्रैंडमास्टर बनने के लिए जरूरी तीन मानदंड पहले ही हासिल कर लिए थे और स्पेन में चल रहे एलोब्रेगेट ओपन टूर्नामेंट के छठे दौर के दौरान उन्होंने 2,500 ईएलओ अंक का आंकड़ा पार कर लिया। उन्होंने स्पेन के शीर्ष खिलाड़ी फ्रांसिस्को वैलेजो पोंस के खिलाफ मुकाबला ड्रॉ खेलकर यह उपलब्धि हासिल की। ग्रैंडमास्टर बनने के लिए खिलाड़ी को तीन ग्रैंडमास्टर मानदंड को हासिल करने के अलावा लाइव रेटिंग में 2,500 ईएलओ अंकों को हासिल करने की जरूरत होती है। मित्तल ने सर्बिया मास्टर्स 2021 में अपना पहला ग्रैंड मास्टर मानदंड हासिल किया। इसके बाद उन्होंने एलोब्रेगेट ओपन 2021 में अपना दूसरा और फिर सर्बिया मास्टर्स 2022 में अपना तीसरा ग्रैंडमास्टर नॉर्म हासिल किया। वह एलोब्रेगट ओपन में अब तक पांच अंक हासिल कर पांच अन्य खिलाड़ियों के साथ संयुक्त रूप से तालिका में शीर्ष पर है। भरत सुब्रमण्यम, राहुल श्रीवास्तव, वी प्रणव वी और प्रणव आनंद के बाद मित्तल 2022 में ग्रैंडमास्टर खिताब हासिल करने वाले पांचवें भारतीय हैं।

## हारिस राउफ की चोट के बाद पाकिस्तान टीम से जुड़ेंगे मोहम्मद अब्बास और हसन अली: सूत्र

**भाषा।** कराची

**पाकिस्तान क्रिकेट** बोर्ड (पीसीबी) दाएं पैर की जांघ में ग्रेड दो की चोट के कारण तेज गेंदबाज हारिस राउफ के मंगलवार को इंग्लैंड के खिलाफ श्रृंखला से बाहर होने के बाद तेज गेंदबाजों मोहम्मद अब्बास और हसन अली को बाकी बचे दो टेस्ट के लिए पाकिस्तान की टीम से जोड़ने की तैयारी कर रहा है। इंग्लैंड के खिलाफ रावलपिंडी में पहले टेस्ट के दौरान इस प्रारूप में पदार्पण करने वाले 29 साल के राउफ ने पहले दिन सपाट पिच पर 13 ओवर गेंदबाजी की और वह काफी महंगे साबित हुए। बाद में क्षेत्ररक्षण करते हुए वह चोटिल हो गए। राउफ ने इसके बाद मैच में दोबारा गेंदबाजी नहीं की। इंग्लैंड ने सोमवार को पहला टेस्ट 74 रन से जीता।

पाकिस्तान टीम में अब सिर्फ तीन तेज गेंदबाज बचे हैं जिसमें से मोहम्मद वसीम जूनियर को टेस्ट पदार्पण का इंतजार है जबकि मोहम्मद अली ने भी पहले टेस्ट के दौरान पदार्पण किया। विश्वसनीय सूत्र ने इस बीच कहा है कि टीम प्रबंधन नौ दिसंबर से मुल्तान में शुरू हो रहे दूसरे टेस्ट से पहले अन्य खिलाड़ियों को टीम से जोड़ने की तैयारी कर रहा है। सूत्र ने कहा, हसन अली और मोहम्मद अब्बास को टीम से जोड़े जाने की संभावना है क्योंकि टीम के पास नेट में गेंदबाजी करने के लिए भी गेंदबाजों की कमी है। लेकिन योजना संभवत: दूसरे टेस्ट में तीन स्पिनरों और सिर्फ दो तेज गेंदबाजों के साथ उतरने की है क्योंकि मुल्तान में स्पिन की अनुकूल पिच तैयार करने के प्रयास हो रहे हैं। इस बीच एक सूत्र ने कहा कि पीसीबी अध्यक्ष रमीज राजा पहले टेस्ट में पाकिस्तान टीम के प्रदर्शन से खुश नहीं हैं। सूत्र ने बताया कि पूर्व टेस्ट कप्तान राजा ने मुख्य चयनकर्ता मोहम्मद वसीम और घरेलू क्रिकेट के प्रमुख नदीम खान को बल्लेबाजी कोच मोहम्मद यूसुफ के साथ काम करने के लिए मुल्तान भेजा है जिससे कि दूसरे टेस्ट के लिए नतीजा देने वाली पिच तैयार की जा सके। दूसरा टेस्ट मुल्तान में नौ दिसंबर से जबकि तीसरा टेस्ट कराची में 17 दिसंबर से खेला जाएगा।

## पाकिस्तान के तेज गेंदबाज हसन अली स्थानीय मैच में दर्शकों से भिड़े

**भाषा।** कराची

**पाकिस्तान टीम** से बाहर चल रहे तेज गेंदबाज हसन अली रविवार को पंजाब प्रांत के आरिफवाला में आयोजित एक क्रिकेट टूर्नामेंट के दौरान एक दर्शक को मारने के लिए दौड़ पड़े। सोशल मीडिया पर अपलोड किए गए एक वीडियो में एक दर्शक लगातार हसन अली के खिलाफ अभद्र टिप्पणी कर रहा है जिसके बाद वह इस दर्शक को पीटने के दौड़ पड़ते है लेकिन आयोजकों ने उन्हें बीच में ही रोककर स्थिति को नियंत्रित कर लिया। इस घटना ने पाकिस्तान के दो पूर्व कप्तानों, इंजमाम-उल-हक और यूनिस खान के इस तरह की झगड़े की याद दिला दी।

हसन जब सीमा रेखा के पास क्षेत्ररक्षण कर रहे थे तभी एक दर्शक पिछले साल यूएई में खेले गए विश्व कप में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पाकिस्तान के सेमीफाइनल मैच में कैच टपकाने को लेकर हसन पर ताना मारना शुरु कर देता है। हसन ने लगातार इस तरह की बातों के छेड़े जाने के बाद भी कुछ देर तक कोई प्रतिक्रिया नहीं दी, लेकिन फिर दर्शक दीर्घा खड़े व्यक्ति के साथ कहासुनी में उलझ पड़े और उसे आक्रामक होकर उसकी ओर दौड़ने लगे। आयोजकों ने हालांकि उन्हें बीच में ही रोक लिया लेकिन भीड़ में कुछ दर्शकों ने उनकी इस हरकत पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि हसन का रवैया एक अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी के अनुरूप नहीं था। हसन के एक करीबी सूत्र ने कहा कि दर्शक द्वारा अभद्र भाषा का इस्तेमाल करने के बाद गेंदबाज अपना आपा खो बैठा था। उन्होंने कहा, हसन स्थानीय क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए टूर्नामेंट में खेल रहे थे और उनके साथ ऐसी हरकत हुई।

## बीसीसीआई ने मुख्य कोच पोवार को एनसीए भेजा, कानितकर बल्लेबाजी कोच बने

महिला क्रिकेट

**भाषा।** नई दिल्ली

**महिला टी20** विश्व कप के आयोजन में जब सिर्फ दो महीने बचे हैं तब भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने पुनर्गठन की प्रक्रिया के तहत मंगलवार को मुख्य कोच रमेश पोवार को राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) भेज दिया। बीसीसीआई ने महिला टीम के लिए मुख्य कोच के नाम की घोषणा नहीं की है लेकिन पुरुष ए और अंडर-19 टीम से जुड़े ऋषिकेश कानितकर को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ नौ दिसंबर से मुंबई में शुरू हो रही घरेलू श्रृंखला से पहले नया बल्लेबाजी कोच नियुक्त किया गया है।

बीसीसीआई ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा, सीनियर महिला टीम के पूर्व मुख्य कोच रमेश पोवार राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी के क्रिकेट प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण के साथ जुड़ेंगे और बीसीसीआई की पुनर्गठन प्रक्रिया के तहत पुरुष क्रिकेट के साथ काम करेंगे। इसके अनुसार, बीसीसीआई सोमवार (मंगलवार) को ऋषिकेश कानितकर को सीनियर महिला क्रिकेट टीम का बल्लेबाजी कोच नियुक्त करने की घोषणा करता है। कानितकर मुंबई में नौ दिसंबर से ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरू हो रही पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच की श्रृंखला के लिए टीम के साथ जुड़ेंगे। पोवार को मई 2021 में दूसरे कार्यकाल के लिए महिला टीम के साथ जोड़ा गया था और उनके मार्गदर्शन में टीम बर्मिंघम में राष्ट्रमंडल खेलों में रजत पदक के अलावा अधिक प्रभावी प्रदर्शन नहीं कर पाई। भारतीय टीम इस साल न्यूजीलैंड में हुए 50 ओवर के विश्व कप के सेमीफाइनल में भी जगह नहीं बना पाई थी। कानितकर ने अपनी नियुक्ति पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, मुझे इस टीम में जबर्दस्त संभावनाएं दिख रही हैं और हमारे पास युवाओं तथा अनुभवी खिलाड़ियों का अच्छा मिश्रण है। मेरा मानना है कि यह टीम आगे की चुनौती के लिए तैयार है। हमें कुछ बड़ी प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेना है और यह टीम के लिए तथा बल्लेबाजी कोच के रूप में मेरे लिए रोमांचक होने वाला है। पोवार एनसीए के साथ स्पिन गेंदबाजी कोच के रूप में जुड़ेंगे। एनसीए प्रमुख लक्ष्मण ने कहा, पोवार के जुड़ने (स्पिन गेंदबाजी कोच के रूप में) से, हमें यकीन है कि वह अपनी विशेषज्ञता और अनुभव को राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में लाएंगे। घरेलू, आयु-वर्ग क्रिकेट और अंतरराष्ट्रीय सर्किट में काम करने के बाद मुझे यकीन है कि वह खेल की बेहतरी में सक्रिय भूमिका निभाएगा। मैं एनसीए में उनकी नई भूमिका में उनके साथ काम करने के लिए उत्सुक हूं। पोवार ने महिला टीम को कोचिंग देने के अपने अनुभव पर कहा, इन वर्षों में मैंने खेल के कुछ दिग्गजों और देश की उभरती प्रतिभाओं के साथ मिलकर काम किया है। एनसीए में अपनी नई भूमिका के साथ मैं भविष्य के लिए प्रतिभाओं को तैयार करने में मदद करने के लिए अपने अनुभव का इस्तेमाल करने की कोशिश करूंगा। उन्होंने कहा, मैं खेल और बैंच स्ट्रेंथ के विकास के लिए लक्ष्मण के साथ मिलकर काम करने के लिए उत्सुक हूं। बीसीसीआई ने इस महीने की शुरुआत में नई क्रिकेट सलाहकार समिति का गठित की है और अब देखना होगा कि मुख्य कोच की नियुक्ति जल्द की जाती है या नहीं।

## स्वेपसन को भारतीय दौरे के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम में जगह बनाने की उम्मीद

**मेलबर्न।** लेग स्पिनर मिशेल स्वेपसन को उम्मीद है कि ऑस्ट्रेलिया के चयनकर्ता जब भारत दौरे के लिए टीम का चयन करेंगे तो उपमहाद्वीप की परिस्थितियों में उनके अनुभव पर भी गौर किया जाएगा। यह 29 वर्षीय स्पिनर 2017 में ऑस्ट्रेलियाई टीम के साथ भारत दौरे पर आया था। उन्हें श्रीलंका और पाकिस्तान में भी खेलने का अनुभव है। क्रिकेट.सीओ.एयू के अनुसार स्वेपसन ने कहा, एक चीज जो मुझे अपने प्रतिद्वंदी खिलाड़ियों पर बेहतर बनाती है वह है उपमहाद्वीप में चार टेस्ट मैच खेलना। मुझे पाकिस्तान और श्रीलंका में खेलने का अनुभव है और उम्मीद है कि चयन के समय मेरे इस अनुभव पर गौर किया जाएगा। उन्होंने कहा, श्रीलंका में मैंने जिस तरह से गेंदबाजी की उससे वे खुश थे इसलिए इसे ध्यान में रखते हुए मुझे पूरा विश्वास है कि कम से कम चयन समिति की बैठक में मेरे नाम पर विचार जरूर किया जाएगा और मैं निश्चित तौर पर दौरा करने वाली टीम का सदस्य बनना चाहता हूं। इसमें कोई संदेह नहीं है। स्वेपसन 2017 में तीसरे स्पिनर के रूप में भारत दौरे पर आए थे।

## रणजी ट्रॉफी में नजर आएंगी तीन महिला अंपायर

**भाषा।** नई दिल्ली

**रणजी ट्रॉफी** के दौरान भारतीय क्रिकेट में एक नई पहल की शुरुआत होगी जब तीन महिला अंपायर वृंदा राठी, जननी नारायण और गायत्री वेणुगोपालन अंपायरिंग करती हुई नजर आएंगी। भारतीय क्रिकेट में यह पहला अवसर होगा जबकि महिला अंपायर पुरुष क्रिकेट मैच में मैदानी अंपायर के रूप में काम करेंगी। गायत्री पूर्व में रणजी ट्रॉफी में रिजर्व यानी चौथे अंपायर की भूमिका निभा चुकी हैं।

रणजी ट्रॉफी 13 दिसंबर से शुरू हो रही है और संयोग से इसी दौरान भारतीय महिला क्रिकेट टीम ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में भाग लेगी। ऐसे में इन तीन महिला अंपायरों को रणजी ट्रॉफी में चुनिंदा मैचों में ही अंपायरिंग का मौका मिल पाएगा। चेन्नई की रहने वाली नारायण और मुंबई की रहने वाली राठी मंझी हुई अंपायर हैं और उन्हें 2018 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अंपायरों के विकास पैनल में शामिल किया गया था।

जननी और वृंदा के साथ दिल्ली की रहने वाली गायत्री भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के पैनल में शामिल तीन पंजीकृत महिला अंपायर हैं। बीसीसीआई के एक अधिकारी ने कहा कि इन तीनों महिला अंपायर के लिए पुरुष खिलाड़ियों से निपटना बड़ी चुनौती होगी। रणजी ट्रॉफी में काफी कुछ दांव पर लगा होता है और मैदान पर खिलाड़ी अपनी आक्रामकता दिखा सकते हैं। बीसीसीआई अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर पीटीआई से कहा, अंपायर के रूप में आप मैदान पर नरम रवैया नहीं अपना सकते हैं अन्यथा खिलाड़ी आपको डराने का प्रयास करेंगे। आपको सख्त रवैया अपनाना होगा और नियमों को अच्छी तरह से लागू करना होगा। खिलाड़ियों के साथ संवाद महत्वपूर्ण होता है। लेकिन ए तीनों अंपायर अच्छा काम कर रही हैं और उम्मीद है कि वे रणजी ट्रॉफी में भी अच्छा काम करेंगी।

बत्तीस वर्षीय राठी ने मुंबई के मैदानों में अपनी अंपायरिंग निखारी जबकि 36 वर्षीय नारायण ने अंपायरिंग के लिए सॉफ्टवेयर इंजीनियर की नौकरी छोड़ दी थी। वेणुगोपालन 43 साल की है और उन्होंने बीसीसीआई परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद 2019 में अंपायरिंग शुरू की थी। महिला अंपायरिंग के मामले में बीसीसीआई को अभी बहुत कुछ करना है क्योंकि ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड में पुरुष क्रिकेट में महिलाएं पहले ही अंपायरिंग का जिम्मा संभाल चुकी हैं। बीसीसीआई के 150 पंजीकृत अंपायरों में केवल तीन महिला अंपायर शामिल हैं। बीसीसीआई अधिकारी ने कहा, रणजी ट्रॉफी में हम उनके मैचों के लिए योजना नहीं बना सकते हैं लेकिन हम उनकी उपलब्धता के अनुसार उन्हें मैच देंगे। ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम भारत आ रही है और उसके बाद न्यूजीलैंड ए टीम का दौरा होगा। इसके अलावा घरेलू महिला क्रिकेट भी है। हमें उसमें भी उनकी जरूरत पड़ेगी।

## खराब फॉर्म में चल रहे धवन की निगाह स्वीप शॉट में महारत हासिल करने पर

**भाषा।** मीरपुर

**पिछले कुछ** समय से रन बनाने के लिए जूझ रहे अनुभवी भारतीय सलामी बल्लेबाज शिखर धवन अगले साल स्वदेश में होने वाले वनडे विश्व कप की तैयारियों के तहत स्वीप शॉट और रिवर्स हिट पर काम कर रहे हैं। धवन पिछले नौ मैचों में केवल एक अर्धशतक बना पाए हैं और विश्व कप से पहले इस 37 वर्षीय बल्लेबाज का टीम में स्थान खतरे में लगता है। बांग्लादेश श्रृंखला के लिए टीम में शामिल नहीं किए गए शुभमन गिल को विश्वकप में कप्तान रोहित शर्मा के साथ पारी का आगाज करने के लिए प्रबल दावेदार माना जा रहा है। भारतीय टीम के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने बांग्लादेश के खिलाफ बुधवार को होने वाले दूसरे वनडे से पहले धवन के साथ विशेष अभ्यास सत्र में हिस्सा लिया।

धवन ने भारत के लिए करो या मरो जैसा बने इस मैच की पूर्व संध्या पर कहा, अधिक अभ्यास करना अच्छा होता है। इन परिस्थितियों में इन शॉट (स्वीप शॉट और रिवर्स हिट) को खेलने से मदद मिलती है। यहां तक की विश्व कप भी भारत में होगा जहां स्पिनर अपना प्रभाव छोड़ेंगे, वहां भी ए शॉट मददगार होंगे। मुझे इस तरह के शॉट खेलने में मजा आता है। इन परिस्थितियों में अभ्यास करना अच्छा रहा। धवन के रन बनाने के लिए जूझने के कारण भारत को हाल मे पावर प्ले में नुकसान हुआ है। बांग्लादेश के खिलाफ पहले वनडे में धवन ने 17 गेंदों पर सात रन बनाए और भारतीय टीम 41.2 ओवर में 186 रन पर आउट हो गई। धवन ने कहा, यह पहला अवसर नहीं है जबकि हमने श्रृंखला का पहला मैच गंवाया। यह सामान्य बात है। हम जानते हैं कि इन परिस्थितियों में वापसी कैसे करनी है। हम वापसी करने को लेकर पूरी तरह से आश्वस्त है। बांग्लादेश का स्कोर एक समय नौ



विकेट पर 136 रन था लेकिन मेहंदी हसन और मुस्तफिजुर रहमान ने आखिरी विकेट के लिए 51 रन की अटूट साझेदारी करके अपनी टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया। धवन ने कहा, ऐसा अक्सर नहीं होता है लेकिन उन्होंने बहुत अच्छी बल्लेबाजी की। इसमें कोई शक नहीं कि बांग्लादेश ने अच्छी क्रिकेट खेली। उन्होंने कहा, हमने समीक्षा की है कि हमें किन क्षेत्रों में सुधार करने की जरूरत है। निश्चित तौर पर आगामी मैचों में हम अधिक प्रभाव छोडेंगे। हम बेहद सकारात्मक हैं और अगला मैच खेलने के लिए उत्सुक हैं। धवन ने स्पिन ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर के बारे में कहा, जब से उसने वापसी की है वह वास्तव में अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। यहां तक कि न्यूजीलैंड में भी उसने एक शानदार पारी खेली थी और अच्छी गेंदबाजी की थी। वह बहुत अच्छा ऑलराउंडर है। प्रभाव छोड़ने वाला एक स्पिनर और निचले क्रम में बल्लेबाजी करने वाला उपयोगी बल्लेबाज। वह जितने अधिक मैच खेलेगा उतना उसके खेल में निखार आएगा।

## स्कूल एक्टिवेशन प्रोग्राम से हॉकी के सुनहरे दिनों को वापस लाने की कोशिश

**भाषा।** भुवनेश्वर

**हॉकी इंडिया** ने अगले महीने शुरू होने वाले एफआईएच पुरुष विश्व कप 2023 से पहले युवाओं को इस खेल की ओर आकर्षित करने के लिए स्कूल एक्टिवेशन प्रोग्राम शुरू किया है। तोक्यो ओलंपिक में भारतीय टीम की सफलता ने बड़ी संख्या में युवाओं को हॉकी की ओर आकर्षित किया है। यहां जारी विज्ञप्ति के मुताबिक प्रशंसकों एवं खिलाड़ियों की नई पीढ़ी को ध्यान में रखकर भुवनेश्वर और राउरकेला में होने वाले एफआईएच ओडिशा हॉकी पुरुष विश्व कप 2023 से पहले हॉकी इंडिया इस खेल को अपने स्कूल एक्टिवेशन प्रोग्राम के जरिए विभिन्न स्कूलों तक ले जा रहा है।

हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने इस कार्यक्रम के बारे में कहा, इसके पीछे हमारा मकसद युवाओं को यह अनुभव करने का अवसर देना है कि हॉकी खेलकर कैसा लगता है और इसमें कितना मजा आता है। इसका उद्देश्य उनकी रुचि को जगाना भी है क्योंकि इनमें से कुछ छात्र पेशेवर रूप से हॉकी खिलाड़ी बन सकते हैं। विज्ञप्ति के मुताबिक, इस कार्यक्रम के तहत हॉकी इंडिया का एक दल मध्यप्रदेश के 100 स्कूलों में जाएगा और हॉकी से जुड़े कौशल का सत्र का आयोजन करेगा। इसके बाद, फाइव-ए-साइड प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जाएगा जिससे बच्चों को हॉकी स्टिक पकड़ने के लिए प्रेरित किया जा सके। इस कार्यक्रम के शुरूआती दी मध्य प्रदेश के पांच क्षेत्रों नर्मदापुरम, उज्जैन, इंदौर, भोपाल और जबलपुर में 500 से ज्यादा बच्चों ने भाग लिया। स्कूल एक्टिवेशन प्रोग्राम को आने वाले हफ्तों में अन्य राज्यों में भी ले जाया जाएगा।